तापमान अधिकतम :32°C न्यूनतम : 23°C
सेंसेक्स निफ्टी 81,312.32 24,752.45
सोना चांदी 98,670 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 29 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 289 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 1 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प ने स्टूडेंट वीजा के इंटरव्यू पर लगाई रोक**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**IPL का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पाकिस्तान से सटे चार राज्यों में मॉक ड्रिल आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और जम्मू- कश्मीर शामिल, लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार (आज) की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में माक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।



# किसानों को मिलेगी अब फसलों की ज्यादा कीमत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ धान समेत 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी ■ किसान क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज में मिलेगा लोन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 में खरीफ की फसल के लिए धान, बाजरा, मक्का, उडद, मूंगफली और सूरजमुखी बीज सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विपणन सीजन -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रो. महमूदाबाद की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रो. अली खान महमूदाबाद को 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया टिप्पणी मामले में हरियाणा में दर्ज दो मुकदमों के तथ्यों पर केंद्रित जांच करने का बुधवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने प्रो. महमूदाबाद को 21 मई को दी गई अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाते हुए कहा कि वह इस मामले में जुलाई में सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के कपिल सिब्बल की इस आशंका पर कि जांच का दायरा बढ़ाया सकता है। उन्होंने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि एसआईटी की जांच दो मुकदमों के तथ्यों तक ही सीमित रहेगी।

## मुंबई में तेज बारिश, राजस्थान में गर्मी बारिश व आंधी

**नई दिल्ली।** देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई। महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में बुधवार को भारी बारिश हुई। यहां बारिश का एलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे के अलग-अलग इलाकों में जलभराव हो गया है। राजस्थान में मौसम का तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी जिले में तेज गर्मी पड़ रही है। यहां के गांव में वृद्ध महिला की मौत हुई।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ चलेगा महाभियोग!

नई दिल्ली, वार्ता



■ मानसून सत्र में प्रस्ताव संभव, कैश कांड के दोषी जज के घर मिले थे जले नोट ■ सरकार अभी तक इंतजार कर रही जस्टिस वर्मा खुद दे दें इस्तीफा

**कैश कांड** मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ केंद्र सरकार संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। एक न्यूज एजेंसी ने सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि 15 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मानसून सत्र में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। हालांकि सरकार अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि जस्टिस वर्मा खुद इस्तीफा दे दें।

दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जिसके बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। 22 मार्च को इस मामले में तत्कालीन सीजेआई ने जांच समिति बनाई थी। कमेटी ने 3 मई को रिपोर्ट तैयार की और 4 मई को सीजेआई को सौंपी थी। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों को सही पाया और उन्हें दोषी ठहराया था।

## चार हाईकोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्अ के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने राजस्थान समेत चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से बुधवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को मद्रास उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार त्रिपुरा के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को तेलंगाना, झारखंड के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचन्द्र राव को त्रिपुरा और मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केआर श्रीराम का राजस्थान उच्च न्यायालय में तबादला किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 26 मई को हुई बैठक में उक्त चारों उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश संबंधी फैसला लिया गया।

## मणिपुर में नई सरकार बनाने की तैयारी, गवर्नर के पास पहुंचे 10 विधायक

**इम्फाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। नई सरकार के गठन का विरोध करने वाला कोई नहीं है। मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से मुलाकात की है। दूसरी तरफ, विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो गए हैं। जल्द ही सरकार बनाने पर आलाकमान का फैसला आ सकता है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को दिया इस्तीफा, उसके बाद राष्ट्रपति शासन मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

# कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हाईकोर्ट की कार्यवाही बंद, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया, जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी सुनवाई**

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत जारी रहेगी। सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को शाह के खिलाफ हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को भी बंद कर दिया है और विशेष जांच दल (एसआईटी) की पहली रिपोर्ट को रिकॉर्ड में ले लिया। साथ ही एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया। अब इस मामले पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में सुनवाई होगी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह मामला सर्वोच्च अदालत के संज्ञान में है। इस तथ्य के मद्देनजर हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को बंद किया जाना चाहिए। कोई समानांतर कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। याद रहे कि शाह ने इस मसले पर हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनके विवादित बयान पर हाई कोर्ट ने काफी सख्त रुख अपनाया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए तीन वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी। शाह को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था, जबकि इस बीच उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। बुधवार को सुनवाई शुरू होते ही मध्य प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को सूचित किया कि एसआईटी गठित कर दी गई है और उसने जांच शुरू कर दी है। शाह का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश कर दी गई है और आगे की जांच के लिए एसआईटी को समय चाहिए। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में दर्ज किया कि डीआईजी पुलिस द्वारा स्थिति रिपोर्ट दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि तीन आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई है और 21 मई को जांच की गई। घटनास्थल का दौरा किया गया और सामग्री एकत्र की गई। भाषण की स्क्रिप्ट तैयार किए जाने के साथ मोबाइल फोन जब्त किया गया है और गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

## पेड़ों की अवैध कटाई मामले में वीके सक्सेना बरी, दोषी डीडीए अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली रिज क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई से संबंधित अदालती अवमानना के एक मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और डीडीए को बुधवार को बरी दिया, लेकिन प्रत्यके दोषी अधिकारी को 25,000 रुपये को जुर्माना भरने का निर्देश दिया। पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए पेड़ों के नुकसान की भरपाई के लिए कई निर्देश भी दिए। पीठ ने डीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाषिश पांडा को भी राहत दी और उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद कर दी। उन्हें राहत देते हुए अदालत ने कहा कि अब वह इस पद (उपाध्यक्ष) पर नहीं हैं और पहले भी पूर्णकालिक सदस्य नहीं थे।

# एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर ले सकेगा एक्शन

■ देश में इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू, केंद्र ने नोटिफिकेशन जारी किया

**नई दिल्ली।** देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया।

नए कानून बनने से इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन- कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था कानून इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित (गजटेड) कर दिया गया है। नए नियम के तहत अब कोई भी सेवा अधिकारी (जैसे थलसेना का अधिकारी) इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन में कार्यरत किसी भी अन्य सेवा (जैसे नौसेना या वायुसेना) के जवानों को कमांड दे सकेगा। पहले इस प्रकार के अधिकार केवल संबंधित सेवा के भीतर ही सीमित होते थे। इससे कई बार संचालन में बाधाएं आती थीं।

# देश में कोरोना के 1200 केस, अब तक 12 मौतें

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है।

यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं। इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने पाक को पांच साल पीछे धकेला

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। सबसे ज्यादा नुकसान पाकिस्तानी एयरफोर्स को हुआ है। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के हमले के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना लाचार हो गई थी। उसे समझ में ही नहीं आ रहा था कि हमले का बचाव कैसे किया जाए। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने हवा से दागी जाने वाली क्रूज मिसाइलों, लंबी दूरी से मार करने वाले हथियारों और अलग-अलग तरह के घूमते रहने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया।

रक्षा सूत्रों के मुताबिक भारतीय वायुसेना ने लगातार चार दिन तक पाकिस्तान में बहुत सटीक हमले किए। उनके मुताबिक इस हमले से पाकिस्तान को इतना नुकसान हुआ है कि उबरने में उन्हें कम से कम 5 साल लग जाएंगे। भारतीय सेना ने टैंक और कम दूरी की मिसाइल से ड्रोन को मार गिराने का वीडियो कुछ दिन पहले जारी किया था।






# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## सड़कों तथा दुकानों के आगे फैले अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण को हटाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** जिला प्रशासन के आदेशानुसार हल्दौर में एक वृहद अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। नायब तहसीलदार राजकुमार सिंह के नेतृत्व में गठित समिति द्वारा नगर के प्रमुख बाजारों, चौराहों, सड़कों तथा दुकानों के आगे फैले अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया।

नगर पालिका की ओर से बुलडोजर, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य संसाधनों के साथ समस्त स्टाफ अभियान में जुटा रहा। इस दौरान नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी गाड़ियों का चालान भी किया गया। अभियान में अधिशासी अधिकारी सीमा वर्मा, लिपिक अजय मोहन शर्मा, अरुण कुमार, अंकित कुमार, मो. नौशाद सहित समस्त वसूली व सफाई स्टाफ की उपस्थिति रही। तहसील प्रशासन से राजस्व निरीक्षक जबर सिंह, लेखपाल राहुल गौतम और थाना स्टाफ से एसएसआई विजेंद्र सिंह राठी, कांस्टेबल ओमवीर सिंह मौके पर तैनात रहे। अतिक्रमण अभियान शुरु होने पर व्यापारियों में हड़कंप मच गया और लोगों ने स्वयं ही अपने स्तर पर अतिक्रमण हटाने शुरु कर दिए। नगर पालिका कर्मचारियों ने जब्त सामान पालिका कार्यालय में सुरक्षित रूप से जमा कराया गया। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट संकेत दिया गया कि अतिक्रमण किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत

## तीन गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** दो अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटना में भाई-बहन सहित चार बाइक सवार घायल हो गए। एक बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार स्योहारा क्षेत्र के गांव रामखेड़ा निवासी हिपेंद्र अपने गांव के ही पुष्पेंद्र त्यागी के साथ ग्राम लखूवाला से नहटौर के नूरपुर मार्ग से होते हुए अपने घर जा रहे थे। मंगलवार की रात करीब **8:00** बजे नहटौर नूरपुर मार्ग पर गांव बालापुर के पास एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें हिपेंद्र व पुष्पेंद्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हिपेंद्र की उपचार के दौरान बिजनौर में मौत हो गई। इसके अलावा शेरकोट क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी नीरज अपनी बहन सपना के साथ बिजनौर दवाई लेने जा रहे थे। बुधवार को सुबह **10:00** बजे नहटौर झालू मार्ग पर गांव कोकापुर के ईंट भट्टे के पास बाइक अनियंत्रित हो गई, जिसमें दोनों घायल हो गए। घायल भाई बहन को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया और दोनों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने बताया मृतक हिपेंद्र की पत्नी प्रियंका की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरी घटना में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## साथी गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** मंगलवार की रात्रि लगभग **9:30** बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बिजनौर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम मसूरी निवासी अर्जुन सिंह पुत्र शौसिंह तथा आकाश शर्मा बरुकी से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह ग्राम महेश्वरी जट से आगे ओम फार्म हाउस से मसूरी जाने वाली सड़क की ओर मुड़े वैसे ही सामने से तेज गति से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गिर गए। अर्जुन का सिर सड़क में लगा। गंभीर हालत में दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया जबकि आकाश की गंभीर हालत देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

मृतक अर्जुन पेशे से किसान था। अर्जुन की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बंद पड़े मकान से नकदी व जेवरात चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोर सक्रीय नजर आने लगे है। बन्द पड़े मकान के विंडो की जाली उखाड़ घर में घुसे चोरों ने सैफ अलमारी में रखे सोना व चांदी के जेवरात व नकदी सहित करीब तीन लाख रुपए की चोरी को अन्जाम देकर फरार हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार मोनू कुमार पुत्र जयराम सिंह निवासी ग्राम आलमपुर गांवड़ी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह **27** मई को घर में ताला लगाकर परिवार सहित अपनी रिश्तेदारी सिक्कावाला टांडा गया हुआ था। जब वह परिवार सहित बुधवार को दोपहर लगभग दो बजे वापसी लौटा, तो देखा कि कमरे में लगी विंडो की जाली उखड़ी हुई थी। कमरे के अन्दर जाकर देखा, तो कमरे में रखी सैफ अलमारी का ताला टूटा हुआ पड़ा है और सारा सामान भी इधर-उधर बिखरा हुआ है। साथ ही अलमारी में रखी करीब **16** हजार रुपए की नगदी और सोने व चांदी के करीब तीन लाख रुपए के आभूषण जो सैफ अलमारी में रखे थे गायब थे तथा पर्स जिसमें कागजात रखें हुए थे । वह भी गायब थे। पर्स घटना स्थल से लगभग छह किलोमीटर दूरी पर भूतपुरी पेट्रोल पम्प के निकट पड़ा मिला। पीड़ित ने काफी पूछताछ की तथा आसपास काफी तलाश किया, परन्तु चोरी हुआ सामान नहीं मिला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# नर्सिंग होम के बाहर से बाइक चोरी

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव मुकर्रमपुर निवासी अजय कुमार अपनी पत्नी का अल्ट्रासाउंड करने के लिए नहटौर के कोतवाली देहात मार्ग स्थित पाल नर्सिंग होम पर आया था। उसने बाईक नर्सिंग होम के बाहर खड़ी कर दी। जब कुछ देर बाद अल्ट्रासाउंड करने के बाद बाहर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। नर्सिंग होम के सीसीटीवी में एक युवक बाइक ले जाता हुआ नजर आया। अजय कुमार के साथ ग्रामीण नर्सिंग होम पर पहुंचे इधर-उधर तलाश की, लेकिन कोई अता पता नहीं लग सका। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। इसके अलावा गांव मेहरपुर निवासी किसान तोताराम सिंह अपने खेत पर गया था। उसने बाईक सड़क किनारे खड़ी कर दी और खेत को देखने के लिए चला गया। इसी दौरान उसकी बाईक गायब हो गई। थानाध्यक्ष का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# घरेलू हिंसा की शिकार महिला ने लगाई न्याय की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र अफजलगढ़ की निवासी एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता शिवानी, पत्नी कमल सिंह, मूल निवासी ग्राम टांडा अफजलगढ़, थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद व वर्तमान में ग्राम आनन्दीपुर, थाना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर में रह रही हैं।

शिवानी के अनुसार उनकी शादी लगभग आठ वर्ष पूर्व हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार कमल सिंह पुत्र नन्हे सिंह से हुई थी। उनके एक पुत्री भी है। शादी के कुछ समय बाद से ही पति कमल सिंह, ससुर नन्हे सिंह, सास चंद्रकला तथा देवर प्रशांत द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाने लगा। उन्होंने बताया कि कई बार उन्हें शारी. रिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

पीड़िता ने बताया कि गांव के बुजुर्गों व दोनों पक्षों के लोगों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन ससुराल पक्ष ने उनकी एक नहीं सुनी। एक वर्ष पूर्व उन्हें गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया गया। आरोप है कि पति ने बेल्ट से गला घोंटने की कोशिश की और जान से मारने का प्रयास किया। जान बचाकर वह मायके आ गईं। शिवानी का कहना है कि **26 मई 2025** को उनकी मां सरोज देवी ने भी उन्हें घर से निकाल दिया। विरोध करने पर मारपीट की गई। अब वे सूरजनगर धर्मशाला में रह रही हैं। उन्होंने बताया कि अब उनकी मां और ससुराल पक्ष आपस में मिल गए हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब उनके रिश्तेदार, ताऊ तन्नू सिंह, चाचा प्रेम सिंह, तेयर भाई कपिल, संजय, सुनील, भूपेन्द्र, चन्दन सिंह व रानी, उन्हें बचाने आते हैं, तो उनकी मां थाना अफजलगढ़ में झूठे प्रार्थना पत्र देकर उन्हें फंसाने की कोशिश करती हैं।

शिवानी ने अपने पड़ोसियों एवं परिजनों के साथ थाने जाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी व अफजलगढ़ थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस से न्याय की गुहार लगाई व पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए और उनके व उनकी बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अपने ससुराल पक्ष और मां से जान का खतरा है।

# कृष्णा के एमएससी तृतीय सेमेस्टर फूड एण्ड न्यूट्रिशियन का परीक्षाफल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) (फूड एण्ड न्यूट्रिशियन) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) (फूड एण्ड न्यूट्रिशियन) की छात्रा अनामिका पाल ने (75.50 प्रतिशत अंक) प्रथम, ललिता ने (74.50 प्रतिशत अंक) द्वितीय तथा शालू ने (68.66 प्रतिशत अंक) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है।

# देवता स्थल पर सौंदर्यकरण के दौरान टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ठेकेदार के माध्यम से नांगल सोती काली मंदिर के समीप स्थित देवता स्थल पर सौंदर्य करण कार्य चलने के दौरान पैड़ खोलते हुए जीना भर-भराकर गिर गया। मौके पर विशाल नाग और बिच्छू को देखने की जद्दोजहद में कई मजदूर हादसे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में चर्चा है कि जब यहां कार्यरत मिस्त्री कलवा के साथ मजदूर उपरोक्त कार्य में जुटे हुए थे, तभी पैड़ निकालते हुए मिस्त्री कलवा को जीने में दरार पड़ती दिखाई दी। इसी दौरान यहां इन मजदूरों को एक विशाल नाग के साथ बड़ा बिच्छू दिखाई दिया। जिन्हें देखकर यहां मौजूद सभी लोग घबरा गए और चल रहे कार्य स्थल से दूर चले गए। इस दौरान ही कार्यस्थल पर पैड़ी खोले जा रहा जीना भर-भराकर गिर गया। इस दौरान यहां विशाल नाग फन उठाए हुए खड़ा रहा। घबरा कर लोग हाथ जोड़कर खड़े रहे, इसके बाद यहां से विशाल नाग के साथ बड़ा बिच्छू गायब हो गए। इसके साथ ही इन मजदूरों ने चैन की सांस ली। चर्चा है कि ठेके में मिले काम को ठेकेदार जल्द निपटाने के लिए जीने की पैड़ को **5** दिन में ही खोल रहा था, जिसके कारण कार्यस्थल पर जीना गिरने का हादसा हुआ।

# भाकियू प्रधान के कार्यालय का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान का एक कार्यालय नजीबाबाद तहसील के नगर पंचायत सहारनपुर में क्षेत्र के किसानों और मजदूरों की समस्या को देखते हुए व्यापार जिला अध्यक्ष फैयाज अहमद व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अल्ताफ के अथक प्रयासों से खोला गया है। इसके लिए उपयुक्त दोनों पदाधिकारियों का प्रधान यूनियन आभार व्यक्त करती है।

कार्यालय का उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक भूदेव प्रधान व संचालन वसीम अहमद तथा यशपाल राठी ने किया। कार्यालय का उद्घाटन भाकियू प्रधान की आन बान शान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान, राष्ट्रीय महासचिव अनीस प्रधान, जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह बालियान, महिला जि. अ. रिता भूईयार, युवा जिला अध्यक्ष आकाश डबास, जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार, मंडल प्रभारी दलबीर सिंह, संजीव दहिया, संजीव चौहान, मोहित ढाका, विंकित कांगड़ा, जिला प्रभारी शमशाद गुर्जर, भूपेश चौधरी, दयाराम सिंह, दारा सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष यशपाल राठी, जमीर हसन, जिला मंत्री शाहरुख एड., भूदेव प्रधान, चौधरी हेमेंद्र सिंह, धनकर ईश्वर सिंह, चहल प्रदेश अध्यक्ष युवा अरुण चौधरी, देशराज, भंवर सिंह, महमूद मलिक, सरफराज अंसारी, अंजार हुसैन आदि राष्ट्र प्रदेश जिला तहसील के पदाधिकारी के साथ-साथ नगर पंचायत सहानपुर के सैकड़ों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए और भाकियू प्रधान की सदस्यता ग्रहण की और किसान मजदूर की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लडने का काम करेंगे।

# भाजपा का पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद विधानसभा में अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी स्मृति अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश सैनी ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि होल्कर झूठ, मोह का त्याग कर एक जनता देवी के रूप में कार्य करती रही। अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत भर के प्रसिद्ध तीर्थों स्थानों में मन्दिर घाट बनवाए, कुएं व बाबडियो का निर्माण कराया। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल की अध्यक्षता एवं बलराज त्यागी के संचालन में कार्यक्रम में राजन टंडन गोल्डी, मंडल अध्यक्ष वरूण आत्रे, भूपेन्द्र राजपूत, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, राज. कुमार प्रजापति, कपिल राजपूत प्रधान आदि मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**किसानों को...**

2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड में 820 रुपये प्रति कुंतल, रागी में 596 रुपये प्रति कुंतल, कपास में 589 रुपये प्रति कुंतल और तिल में 579 रुपये प्रति कुंतल की गई है।

श्री वैष्णव ने बताया कि धान 'सामान्य' का एमएसपी का 2300 रुपये से बढ़ाकर 2369 रुपये और धान 'ए' का 2320 रुपये से 2389 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार 'संकर' का 3371 रुपये से 3699 रुपये प्रति कुंतल और ज्वार 'मालदंडी' का 3421 रुपये से 3749 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये से 2775 रुपये, रागी का 4290 रुपये से 4886 रुपये और मक्का का 2225 रुपये से 2400 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अरहर का एमएसपी 7550 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये प्रति कुंतल, मूंग का 8682 रुपये से 8786 रुपये प्रति कुंतल और उड़द का 7400 रुपये से 7800 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है।

इसके अलावा मूंगफली का एमएसपी 6783 रुपये से बढ़ाकर 7263 रुपये प्रति कुंतल, सूरजमुखी के बीज का 7280 रुपये से 7721 रुपये प्रति कुंतल, सोयाबीन-पीला का 4892 रुपये से 5328 रुपये प्रति कुंतल, तिल का 9267 रुपये से 9846 रुपये प्रति कुंतल, नाइजर सीड 8717 रुपये से 9537 रुपये प्रति कुंतल और कपास - मध्यम का 7121 रुपये से 7710 रुपये और कपास - लंबा 7521 रुपये से 8110 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपणन सत्र 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है। वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान 14 खरीफ फसल उगाने वाले किसानों को दी गई एमएसपी राशि 16.35 लाख करोड़ रुपये थी।

# राष्ट्रपति भवन में गुरुवार से दो दिन का साहित्य सम्मेलन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन गुरुवार से दो दिन के साहित्यिक सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है, जिसमें साहित्य की दुनिया में आ रहे बदलावों पर चर्चा होगी। बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम साहित्य अकादमी, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रपि भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया है। इसका विषय है- साहित्य कितना बदल गया है? राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन देश भर से प्रतिष्ठित साहित्यकार और लेखक आमंत्रित किए गए हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में कवि सम्मेलन तथा सीधे दिल से, भारत का नारीवादी साहित्य: नई राहें बनाना, साहित्य में बदलाव बनाम बदलाव का साहित्य तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय साहित्य की नयी दिशायें जैसे विषयों पर चर्चायें आयोजित की जाएंगी।

# मोदी के दौरे से पहले योगी ने परखीं तैयारियां



■ मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को प्रस्तावित कानपुर दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वह खुर्जा, ओबरा और जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की पांच इकाइयों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानपुर पहुंचकर सीएसए मैदान में जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त आयुक्त उद्योग के सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 मई को होने वाले कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सड़कों को साफ-सुथरा रखने और झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश दिया। साथ ही ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान खुर्जा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट, बुलंदशहर), ओबरा थर्मल पावर स्टेशन (1660 मेगावाट, सोनभद्र) और जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन (1320 मेगावाट, एटा) की पांच इकाइयों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने इन परियोजनाओं को विद्युत आपूर्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इनके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बुलंदशहर में स्थित खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट 1320 मेगावाट की क्षमता वाला कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट है जो टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सड़क हादसों में घायलों की मदद करने पर अब मिलेंगे 25 हजार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सड़क हादसों में घायल लोगों की जान बचाने वाले मददगार व्यक्तियों को सम्मानित करने की दिशा में कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई केंद्र की महत्वाकांक्षी राहवीर योजना अब प्रदेश में लागू कर दी गई है। इस योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल को दुर्घटना के एक घंटे के भीतर यानी श्गोल्डन आवरश में अस्पताल या ट्रामा सेंटर पहुंचाता है, तो उसे 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा।

इसके तहत सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को सरकार सम्मानित करेगी। पहले इस इनाम की राशि पांच हजार रुपये थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है।

## मंगपुरा में रास्ते व नालियां टूटी

**मुरादाबाद।** ग्राम पंचायत मंगपुरा में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिसको देखकर ग्रामीणों में बीमारी फैलने को लेकर डर सता रहा है। ग्राम पंचायत मंगपुरा के कुछ ग्रामीणों ने इस की शिकायत कई वार ग्राम प्रधान से की ग्राम प्रधान द्वारा इसकी साफ सफाई कर दी गई मगर इसके कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए बताया कि गांव के आसपास लोगो ने कूड़ा डालकर गंदगी कर रखी है। साथ ही गांव के रास्ते व नाली भी टूटे हुए हैं। गांव में ही कुछ लोगों द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों को वायरल फीवर डेंगू, जैसी बिमारी फैलाने का डर सता रहा है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गांवो में गरीबों के लिए अनेकों योजनाओं चला रखी है तो दूसरी तरफ उन्हीं के अधिकारी सरकार को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस तरह की ग्राम पंचायतों में भारी कमियां देखी जा रही है साथ ही ग्रामीणों ने गांव कुछ टूटी सड़कें नाली आदि के बारे मै कहा गया है गंदगी के लगे अंबार को हटा कर गांव को स्वच्छ बनाने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता गांव से होकर शनिदेव मंदिर पर जा रहा है जहां ग्रामीण पूजा करने के लिए जाते है।

# प्रधानपुत्र को रास्ते में पीटा, हालात गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव गकखरपुर में प्रधान पुत्र को जान से मारने की नियत से अकेला देख रास्ते में घेर कर मारपीट की। सूचना से गांव में खलबली मच गई। बुधवार की दोपहर प्रधान पुत्र हासम अली ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों की देखरेख करने के लिए गांव से पश्चिम दिशा की ओर जा रहा था, तभी चुनावी रंजिश को लेकर गांव निवासी जिक. रान गंदी, गंदी गालियां देने लगा, विरोध करने पर जिकरान, इरशाद, मारने पीटने लगे। अपनी जान बचाने के लिए दबंगों के चंगुल से छूकर हाशिम अपने घर पहुंचा, जहां पीछे से धावा बोलकर हाथों में लाठी डंडे धारदार हथियार लेकर ग्राम प्रधान के घर में घुस गए, और हाशिम को जान से मारने की नीयत से पीटने लगे, धारदार हथियार एवं लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। बचाने पहुंचा शहजादा उसके मुंह पर ईट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे दो दांत टूट गए, घटना से गांव में अपरा तफरी मच गई, चीख पुकार की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाया, पीडितो ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है, पुलिस ने घायलों का उपचार के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र डिलारी में भर्ती कर अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## गर्मी से लोग बेहाल

**ठाकुरद्वारा।** भीषण गर्मी से लोग बेहाल है। गर्मी के कारण लोग सुबह से अपने घरो में कैद हो गए। गर्मी से राहत पाने के लिए एसी, कूलर और छायादार वृक्ष नीचे दिखायी दिए।

बुधवार का दिन काफी गर्म रहा है। इससे लोग सुबह से अपने घरो में कैद होकर रह गए। गर्मी से बचाव के लिए लोग घरो में लगी एसी और कूलर, पंखों का सहारा ले नजर आए और वहीं किसान भी खेतों में पेड़ो के नीचे आराम कर गर्मी से बचाव करते नजर आए। गर्मी से लोगो में बिमारियों की खतरा बढ़ता रहा है। गर्मी के कारण बच्चे, बूढ़े काफी परेशान है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित ईवीएम वेयर हाउस मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए तथा उचित साफ- सफाई, सुरक्षा, प्रकाश इत्यादि व्यवस्थाओं को समुचित बनाए रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, चकबंदी अधिकारी जुबैर अहमद सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहें।



## एक नजर

### महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के सभागार में बुधवार को महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह द्वारा महिलाओं की समस्याओं को सुना गया। काफी संख्या में महिलाएं अपनी शिकायतों को लेकर पहुंची और



महिला आयोग की सदस्य के समक्ष बताया। महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने बताया कि यह जनसुनवाई राज्य महिला आयोग के द्वारा रखी गई है। इसमें पीडित महिलाओं के केस सुने गए हैं और उनकी समस्याएं जानी गई हैं। उनके केस संबंधित अधिकारियों को दे दिए गए हैं और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निस्तारण होगा।

### करेला गांव में चोरों की धमक

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्रांतर्गत करेला गांव में पिछले दो दिनों से चोरी की आहट होने लगी है। हालांकि चोरों ने कूमिल लगाकर चोरी करने का प्रयास किया पर सफल नहीं हो पाए लेकिन दो घरों में कूमिल लगाने में सफल हो गये पर जाग हो जाने पर उल्टे पैर भागना पड़ा। करेला के निवासी भजनलाल दिवाकर ने बताया कि 09 जून को उसके बेटे सजल की शादी है, घर में शादी से संबंधित सामान लाया हुआ रखा है। सोमवार की रात कनमे के पीछे चोरों ने कूमिल लगा दिया। चोरों ने जिस स्थान पर कूमिल लगाया वहां बैड था, इसलिए चोर अंदर प्रवेश नहीं कर पाये। इसके बाद चोरों ने दूसरे कमरे में कूमिल लगाया परंतु उसमें भूसा होने के कारण कुछ हाथ नहीं लग पाया। इतने में घर में सो रहे लोग जाग उठे तो चोर भाग गये। सूचना पर पहुंची पुलिस से मौका मुआयना किया।

### प्रीपेड मीटर अब उपभोक्ता घर बैठे कर सकेंगे रिचार्ज

**कांठ।** प्रीपेड मीटर उपभोक्ता मोबाइल की तर्ज पर ही आनलाइन रिचार्ज कर सकते हैं। बिजली का बिल जमा करने के लिए उन्हें कतार में नहीं लगना पड़ेगा। पहले प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को कार्यालय आकर मीटर रिचार्ज कराना पड़ता था।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के तहत इस समय दो निर्माता मैसर्स जीनस पावर एवं मैसर्स सिक्योर मीटर के प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के कनेक्शन लगे हैं। दोनों प्रकार के मीटरों का रिचार्ज उपभोक्ता आनलाइन माध्यम से कर सकते हैं। जीनस मेक के प्रीपेड मीटरों को आनलाइन पोर्टल एवं लखनऊ की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।इसके माध्यम से किया जा सकता है। साथ ही सिक्योर मेक के मीटर का रिचार्ज सहज लिबर्टी मोबाइल एप के माध्यम

से किया जा सकता है। इस एप का यूजर मैनुअल एवं वीडियो गाइड वेबसाइट पर उपलब्ध है।यह एप एंड्रायड प्ले स्टोर से डाउनलोड करके इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी जानकारी के लिए हेल्पलाइन 1912, वाट्सअप नंबर 7859804803 एवं पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के टोल फ्री नंबर 18001803002 पर संपर्क कर सकते हैं। अधीक्षण अभियंता विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ता स्वयं आनलाइन अपना रिचार्ज कर सकते है।

# सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मिलकर विधायक फहीम इरफान ने जताई संवेदना

- बोलोरो ने टैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, दो की मौत, आठ घायल

**बिलारी।** ग्राम गोराशाहगढ़ से आंवला के मनौना धाम टैक्टर ट्राली से मंगलवार की देर रात 11 बजे जा रहे श्रद्धालुओं को सामने से आ रही बोलोरो कार ने शाहाबाद के राणा शुगर मिल के पास पहुंचने पर टक्कर मार दी। जिसमें 2 सगी चाची भतीजी की मौत हो गई और 8 श्रद्धालु घायल हो गए। जानकारी मिलते ही सुबह सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने ग्राम गौराशाहगढ़ पहुंचकर मृतक श्रद्धालुओं के शोकाकुल परिवारवालों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। परिजनों ने बताया कि हादसे में ग्रामोदय महाविद्यालय में बीए की छात्रा आरती (17) पुत्री वीरेंद्र, माया देवी (42) पत्नी सुभाष यादव निवासी गौराशाहगढ़ की मौत हो गई। माया देवी की पुत्री मंजू, गांव के ही अखिलेश, रो. हताश, इंदल, बाबूजी, रामकुंवर एडवोकेट, विवेक, लोकेश आदि घायल हो गए



# स्टेट आईसीटी परिणाम में छाई आईसीटी की पाठशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य द्वारा शिक्षकों हेतु आई०सी०टी० प्रतियोगिता आयोजित कराते हुए जनपद स्तर पर चयनित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो शिक्षकों (01 पुरूष एवं 01 महिला) के नाम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु परिषद कार्यालय हेतु भेजे गए थे।

जनपद स्तर से चयनित प्रतिभागियों के लिए राज्य स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 16 मई, 2025 के मध्य परिषद के कावेरी सभागार लखनऊ में किया गया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा कक्षा-शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने हेतु आईसीटी एवं नवीन तकनीकी विद्याओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन करते हुए 28 मई 2025 को परिणाम घोषित किया गया। राज्य आईसीटी प्रतियोगिता में 75 जनपद के कुल 150 शिक्षकों में से 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन किया गया है। अवगत कराना है कि 150 शिक्षकों में से 90 शिक्षक आईसीटी की पाठशाला के मंच पर जुड़कर कोर टीम के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

अत्यंत गर्व की बात यह है कि प्रदेश स्तर पर चयनित 40 अभ्यर्थियों में से 34 अभ्यर्थी आईसीटी की पाठशाला के मंच से जुड़कर तैयारी करने वालों में से सूची में अपना स्थान प्राप्त किये हैं। आईसीटी की पाठशाला निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत कोर टीम के सभी सदस्य स्टेट आईसीटी अवार्ड प्राप्त कर छात्रहित में प्रदेश स्तर के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करते हुए अपनी सेवाएं निस्वार्थ भाव से प्रदान कर रहे हैं। आईसीटी की पाठशाला के संस्थापक इंजीनियर शेखर यादव द्वारा गठित कोर टीम में जनपद संभल से राखी अग्रवाल, जनपद फतेहपुर से विपिन त्रिपाठी, जनपद रायबरेली से विनीत श्रीवास्तव, जनपद अलीगढ़ से वर्षा श्रीवास्तव आदि सदस्यों ने समय-समय पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आज इस आईसीटी की पाठशाला के मंच से जुड़कर हम सभी सदस्य बहुत गर्व की अनुभूति कर रहे हैं। आईसीटी की पाठशाला की कोर टीम मेंबर एवं मण्डल कोऑर्डिनेटर राखी अग्रवाल (सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय जनैटा, विकासखंड बनियाखेड़ा जनपद संभल) ने बताया कि जनपद संभल से पराग मिश्रा का भी स्टेट आईसीटी प्रतियोगिता में चयन किया गया है। वर्ष 2024-25 की राज्य स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता में आईसीटी की पाठशाला को 85 प्रतिशत परिणाम मिला, यह आईसीटी की पाठशाला के मंच की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# बिना तलाक लिए दूसरा विवाह करना अपराध

- पति ने की दूसरी शादी विवाहिता लगा रही थाना कोतवाली के चक्कर

**चन्दौसी।** बिना तलाक लिए दूसरी शादी करना कानूनी अपराध है। ऐसे व्यक्ति खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए परंतु चन्दौसी कोतवाली पुलिस इस नियम से अनभिज्ञ है क्योंकि कोतवाली क्षेत्र के गुमथल रोड नि0 संजय पुत्र अमरपाल ने अपनी पत्नी ममता को बिना तलाक दिये 22 अप्रैल 2025 को दूसरी शादी कर ली और ममता को घर से निकाल दिया। विवाहिता अब अपनी तीन वर्षीय बच्ची के साथ अधिकारियों के चक्कर लगा रही परंतु कोई कार्यवाही नहीं हो रही। बता दें कि हिंदू विवाह अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत बिना तलाक लिए दूसरी शादी करना न केवल अवैध है बल्कि यह अपराध भी है। इसके लिए दोषी को 7 से 10 साल तक की सजा और जुर्माने का भी प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फेसलों में इस तथ्य को दोहराया है कि पहला विवाह समाप्त किए बिना किया गया दूसरा विवाह न केवल शून्य माना जायेगा बल्कि यह दंडनीय भी होगा। हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 5 के अनुसार, किसी भी हिंदू पुरुष या महिला के लिए वैध विवाह की पहली शर्त है कि विवाह के समय वह पहले से विवाहित न हो। यदि कोई व्यक्ति अपने पहले जीवनसाथी के जीवित रहने बिना तलाक लिए दूसरा विवाह करता है तो वह विवाह मान्य नहीं होगा। इसके अलावा भारतीय दंड संहिता की धारा 494 और 495 के तहत ऐसे व्यकित पर आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। धारा 494 के तहत द्विविवाह करने वाले व्यक्ति को 7 साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है।




# कांग्रेस महिला पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष का भ्रमण कार्यक्रम के दौरान स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कांग्रेस पार्टी का जनाधार बढ़ाने और प्रदेश में पार्टी का मजबूत करने के लिए महिला कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के निर्देशन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी लगातार प्रदेश के सभी जिलो में भ्रमण कर पार्टी का मजबूत करने का काम रही है। महिला कांगेस प्रदेश अध्यक्ष के लगातार भ्रमण कार्य की प्रदेश की महिलाएं सराहना कर रही है। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिला कांग्रेस प्रदेश ने बुधवार को ठाकुरद्वारा नगर में महिला कांग्रेस पार्टी की नगराध्यक्ष शमीला बेगम के आवास पर भ्रमण कार्य के दौरान महिलाओं को कांग्रेस की नीतियों से जागरूक करते हुए पार्टी से अधिक से अधिक महिला से जुड़ने का आहवान किया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जहरा बी, नगराध्यक्ष शमीला बेगम, विनीता, सवाना, आशया, अंजूम, आदि महिलाएं शामिल रही।



# सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत

## विवाह समारोह से लौटते वक्त हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** कार की बाईक से टक्कर लगने से बाईक सवार दो व्यक्तियों की मौत हो जाने से परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक किसी विवाह समारोह मे शामिल होने जा रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात हाईवे स्थित ग्राम घोसियावाला के निकट जब सुरेश (60 वर्ष) व मुन्ना (45 वर्ष) गांव भिक्कावाला से एक विवाह मंडप में शामिल होने जा रहे थे। बाइक सवार दोनों व्यक्ति हाईवे को पार करने की कोशिश कर रहे थे, तभी पीछे से आई एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने उपचार हेतु सीएचसी भेजा जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिली है कि आरोपी कार चालक ने खुद ही थाने में पहुंचकर घटना की सूचना दी। कार चालक पड़ोस के ही गांव हाफिजाबाद का निवासी है। वही उक्त घटना से दोनो के परिवार मे कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक अग्रिम कार्यवाही चल रही थी।

# विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए सौंपा मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को लेकर बुधवार को आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार एसएम असलम ने एक्सईएन धामपुर विनोद कुमार गंगवार से उनके कार्यालय में मुलाकात की और मानियावाला बिजली घर के दहलावाला फीडर (कासमपुर गढ़ी-रेहड़ क्षेत्र) की विद्युत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

एसएम असलम ने एक्सईएन को मांग पत्र सौंपते हुए उनसे क्षेत्र की अघोषित विद्युत कटौती रो. कने, विद्युतकर्मियों द्वारा अकारण बार-बार शटडाउन लेकर विद्युत सप्लाई बाधित करने पर अंकुश लगाने, कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और विद्युत मीटर में गड़बड़ियों के कारण बिलों को लेकर खून के आंसू रो रहे तमाम लोगों की समस्याओं का समय रहते निस्तारण कराने एवं उपभोक्ताओं का तरह-तरह से आर्थिक शोषण करने वाले दोषी विद्युतकर्मियों के खिलाफ



सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। एक्सईएन श्री गंगवार ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका हर संभव निस्तारण करने का यकीन दिलाया।

इस अवसर पर पत्रकार आदित्य शर्मा एवं प्रमुख समाजसेवी कामिल खान भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### ईद-उल-अजहा सात को

**बिजनौर।** जिल हिज्ज का चांद आज दिखाई दे गया है। मरकजी चांद कमेटी ने भी इसका ऐलान कर दिया है। अब ईद-उल-अजहा की नमाज सात जून को अदा की जाएगी।

### कुर्बानी एक अहम महत्वपूर्ण इबादत

**नगीना।** कुर्बानी का उद्देश्य है कि इंसान के अंदर की बुराई खत्म हो और वह जीवन भर सच्चाई के रास्ते पर चले। कुर्बानी या बलिदान का कार्य एक मुसलमान की सत्य के लिए अपने जीवन को समर्पित करने तथा अपने सभी हितों और इच्छाओं का बलिदान करने की तत्परता का प्रतीक है। एक मुस्लिम धर्मगुरु ने अपने एक बयान में कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस्लाम में कुर्बानी एक अहम महत्वपूर्ण इबादत है और लाखों मुसलमान इस पवित्र महीने के दौरान यह कर्तव्य निभाते हैं और हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत का पालन करते हुए अल्लाह की राह में लाखों जानवर जिबह किये जाते हैं। कुर्बानी का उद्देश्य अल्लाह के प्रति सेवक के प्रेम और स्नेह की अभिव्यक्ति है। मुफ्ती साहब ने अंत में मुसलमानों से अपील की है कि जिन लोगों पर कुर्बानी करना वाजिब है वो लोग कुर्बानी जरूर करें।

### 65 मरीजों की आंखों की जांच

**हल्दौर।** सीडी इंटर कॉलेज में रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से बुधवार को आयोजित नेत्र जांच शि. विर में 65 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें से 38 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए ऋषिकेश भेज दिया गया। शिविर संयोजक रोटेरियन जितेंद्र कुमार मारवाड़ी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि निशुल्क शिविर में 65 मरीजों की नेत्रों की जांच की गई तथा उनमें से लेंस प्रत्यारोपण के लिए 38 मरीजों को चिन्हित कर ऋषिकेश भेज दिया गया। डॉक्टर्स की टीम में संजय बर्थवाल, बबलू, प्रदीप, कुलवेंद्र व सत्येंद्र का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. हेमचंद राणा, देवेंद्र रस्तोगी, अनुज मारवाड़ी, अनिल सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह प्रवीण रस्तोगी आदि रहे। रोटरी क्लब की प्रेरणा से नगर निवासी आलोक रस्तोगी ने अपनी धर्मपत्नी की स्मृति में निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश को 11000 रूपए की सहयोग राशि प्रदान की। रोटरी क्लब की ओर से आगामी 20 जुलाई को सीडी इंटर कॉलेज में निशुल्क आई कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों को शपथ दिलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुरगढ़ी।** बार एसोसिएशन धामपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन धामपुर भीम सिंह एडवोकेट ने दिलाई।

तहसील धामपुर के सभा कक्ष में बार एसोसिएशन धामपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी रितु रानी विशिष्ट अतिथि रही। शपथग्रहण समारोह का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह ने किया तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ पूर्व अध्यक्ष भीम सिंह एडवोकेट ने



अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहिद अली एडवोकेट, सचिव देवेंद्र कुमार, कनिष्क उपाध्यक्ष कुलबीर सिंह एडवोकेट, सह सचिव प्रशासन शादान सईद, सह सचिव लाइब्रेरियन विपिन कुमार एडवोकेट, सह सचिव प्रकाशन हीरेंद्र कुमार एडवोकेट, कोषाध्यक्ष नितिन कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य शहजादा परवेज, जितेन्द्र कुमार, अनुराग, मौहम्मद अली, भारत सिंह व भोपाल सिंह तथा कनिष्क कार्यकारिणी में हिमांशु हर्षवर्धन, अर्पित कुमार, अजयवीर सिंह, अनुराग भटनागर, लौकेश सैनी को दिलाई।

पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह ने अपने सम्बोधन में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि मैं आशा करता हूं नई कार्यकारिणी बार एसोसिएशन धामपुर व अधिवक्ताओं के हित में कार्य करेगी।

इस अवसर पूर्व अध्यक्ष भीम सिंह एडवोकेट ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी को कुर्सी का आदान-प्रदान किया। योगेन्द्र पाल सिंह एडवोकेट, नरेन्द्र कुमार राजपूत, अरुण कुमार गुप्ता, कमलेश कुमार गहलौत, शमीम अहमद आदि ने भी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी।

# मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत थाना अफजलगढ़ पुलिस ने एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें क्षेत्र की छात्राओं, महिलाओं और किशोरियों को साइबर क्राइम से बचाव, नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए बताया कि सतर्कता और जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी प्रोफाइल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने के तरीके समझाए गए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातक. ालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला शक्ति हेल्पलाइन 181 और साइबर ठगी से निपटने के लिए 1930 जैसे अहम नंबरों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। अफजलगढ़ पुलिस ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें उनके अधिकारों व कानून संबंधी जानकारियों से भी अवगत कराया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से नारी सुरक्षा, स्वाभिमान और सशक्तिकरण के संकल्प को मजबूती दी गई।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की मांग की।

# रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण की बैठक संपन्न



## शमशान घाट में प्रति सप्ताह सफाई कराने का निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण की आवश्यक बैठक अवध शुगर मिल के अतिथि गृह में क्लब अध्यक्ष शोभित जैन की अध्यक्षता और समीर रस्तोगी के संचालन में संपन्न हुई।

बैठक के मुख्य अतिथि अवध शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह रहे। इस बैठक में सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत मुरादाबाद रोड स्थित शमशान घाट में पुताई करने और प्रति सप्ताह सफाई कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा बैठक में क्लब द्वारा सेवा के लिए दिए गए प्रोजेक्टस, मंडलीय कार्यक्रमों आदि की जानकारी भी सचिव समीर रस्तोगी के द्वारा दी गई।

बैठक में रोटेरियन धीरज शर्मा, चमन भारद्वाज, जमील अहमद की माताओं के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट किया गया। बैठक में अधिशासी अध्यक्ष अवध शुगर मिल सुखबीर सिंह, वरिष्ठ रोटेरियन रमेश अरोड़ा, कांता प्रसाद पुष्पक, लव कुमार रस्तोगी, संजीव अरोड़ा, शोभित जैन, मोहक दीक्षित, हैरी गुज्जर, जमील अहमद, भूपेंद्र मिगलानी, चमन भारद्वाज, मुकेश मिगलानी आदि ने भाग लिया। बैठक में क्लब ने चार नए सदस्यों को जोड़े जाने की सहमति प्रदान की गई।

# जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर के सम्मुख पूर्व सैनिकों द्वारा भूमि एवं पुलिस सम्बन्धी समस्यायें प्रस्तुत की गईं। उन्होंने सभी प्रार्थना पत्रों को ध्यान से सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन विभागों से सम्बन्धित प्रकरण लम्बित हैं, उनके विभागीय अधिकारियों को अग्रिम माह की बैठक में बुलाना सुनिश्चित करें ताकि उनके माध्यम से लम्बित प्रकरणों को निस्तारित किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, मेजर नवनीत राय 21 महार मेरठ, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (आइएन) ऐके गुप्ता (अप्र) तथा लगभग 30 पूर्व सैनिक मौजूद थे।

# बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारी के सम्बंध में बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज पूर्वाह्न कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आगामी 01 जून को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड- 2025 की आयोजन की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी श्री सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2025 को जिले में पूर्ण रूप से सफल, सुचारू, नकल विहीन तथा सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा के समय किसी भी प्रकार की असुविधा एवं समस्या उत्पन्न न होने पाए।

उन्होंने बताया कि यूपी संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2025 आगामी 01 जून को (रविवार) के दिन दो सत्रों में पूर्वाहन नौ बजे से 12 बजे तक तथा अपराह्न में दो से पांच तक जो सात परीक्षा केंद्रों में संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बीएड परीक्षा को सुव्यवस्थित रूप सम्पन्न कराने के लिए केन्द्र अधीक्षक, केंद्र प्रतिनिधि एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए परीक्षा कार्यक्रम को पूर्ण सफलता एवं नकलविहीन रूप में संपन्न कराएं।

उन्होंने केंद्र प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के लिए परीक्षा तिथि 1 जून को प्रथम प्रश्न पत्र के लिए प्रातः छह बजे तथा द्वितीय प्रश्न पत्र के लिए प्रातः दस बजे से कोषागार में उपस्थित हो जाएं तथा जिला कोषागार से प्रश्न पत्रों के गोप. नीय पैकेट नोडल समन्वयक से प्राप्त कर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने रखी डिजिटल लाइब्रेरी की बुनियाद

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत साहनपुर की आवाम को चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने डिजिटल लाइब्रेरी का तोहफा दिया है। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने आज के आधुनिक युग को देखते हुए क्षेत्र के स्टूडेंट के उज्जवल भविष्य के लिए डिजिटल लाइब्रेरी जरूरी बताई है। उन्होंने साहनपुर में शिक्षा की नई क्रांति का पिछले साल मैनुअल लाइब्रेरी बनाकर शिक्षा की शुरूआत की थी। उन्होंने नगर पंचायत साहनपुर की ओर से डिजिटल लाइब्रेरी का शिलान्यास किया। इस लाइब्रेरी में 30 कंप्यूटर, चार एसी, प्रोजेक्टर, वाईफाई व स्मार्ट फर्नीचर जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। चेयरमैन ने कहा है कि यह लाइब्रेरी कस्बे के बच्चों व युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाएगी।

इस मौके पर नगर पंचायत कार्यालय के बड़े बाबू मौहम्मद सादिक, आरिफ, इरशाद, सभासद छोटे, नौशाद, सरवरी, मंसूर, फहीम आदि उपस्थित रहे।

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

प्रकीर्ण वाद सं. 348/2024

**फरीदा बनाम दिलशाद**

श्रीमती फरीदा उम्र 34 वर्ष पत्नी दिलशाद पुत्री सईद अहमद निवासी ग्राम रायपुर सादात, थाना नगीना देहात, परगना व तहसील नगीना जिला, बिजनौर।

**बनाम**

दिलशाद अहमद उम्र 35 वर्ष पुत्र इमदाद निवासी कस्बा व थान किरतपुर, निकट गन्दा नाला, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

धारा-128 सीआरपीसी

थाना- नगीना देहात

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 13.06.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 13.06.2025

**प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय, बिजनौर।**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मुजीबुर रहमान गलत संगत में पढ़ गया है। जो मेरे कहने में नहीं है और आयेदिन परिवार के साथ बदसलुकी करता रहता है। मेरे पुत्र मुजीबुर रहमान ने अपनी मर्जी से निकाह कर लिया है। जिससे मैं व मेरा परिवार खुश नहीं है। मैं मुजीबुर रहमान व उसकी पत्नी परवीन को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अब मेरा व मेरे परिवार से मुजीबुर रहमान का कोई मतलब वास्ता नहीं है। यदि वह कोई लेनदेन या कोई गलत कार्य करता है, तो उसका स्वमं जिम्मेदार मुजीबुर रहमान व उसकी पत्नी परवीन होगी। **लियाकत अली पुत्र मौ. अली निवासी मौहल्ला खुराड़ा, शेरकोट, बिजनौर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर (बिजनौर)

पत्रांक: 169/ न.पा.परि. चांदपुर/ नि.सू./2025 दिनांक: 27 मई, 2025

### निविदा सूचना (द्वारा ई-टेण्डर)

समस्त ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चांदपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 8/1175/320/15वां वि.आ./2020-21 दिनांक: 05 मार्च 2021 (बुनियादी अनुदान द्वितीय किश्त), शासनादेश संख्या 8/001/139 (2)/02 प्रतिशत/ स्टाम्प शुल्क/ 2024 -25 दिनांक 02 अप्रैल 2025 (02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क) एवं राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 27 निर्माण के कार्यों को कराने हेतु दिनांक 28.05.2025 से समय दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 17.06.2025 समय 06:00 बजे सायं तक www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 28.05.2025 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 17.06.2025 तक सायं 06-00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 17.06.2025 को सायं 06-00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निवादा दर/दरें डाल सकते हैं। निविदाओं को दिनांक 18.06.2025 को समय 12:00 बजे दिन को खोला जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Refrance Number | |
| Publish Date and time for RFP | 28.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 17.06.2025 को सायं 06:00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 18.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Chandpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

नोटः- (1) निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सापेक्ष पृथक-पृथक 10 प्रतिशत धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी./डाकघर की बचत पासबुक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चांदपुर के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ मूल प्रति से स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है अथवा नगर पालिका परिषद, चांदपुर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा चांदपुर में खाता संख्या 38989775664 (IFSC Code SBIN0001599) में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भी जमा कर सकते है।

**(कु. सलमा नूर हमीदी)** **(डी.एस. सोलंकी)** **(पूर्णिमा)** **(जीनत परवीन)**
**लेखाकार, अके.** **अवर अभियन्ता (सिविल)** **अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक:- 524 /निविदा/ न.पा.परि.नह./ 2025-26 दिनांक: 28/05/2025

### -: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत नगर में ग्रीष्म ऋतु में पेयजलापूर्ति की व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित कर निम्नलिखित कार्य कराना चाहती है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | प्राक्कलन धनराशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड संख्या-05 मौ. होलियान में 200 एम.एम. राईजिंग पाईप लाईन ज्वाइंट, मोटर, सुसवॉल व हौज का कार्य। | राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड | 404013.00 | 40400.00 | 476.00 | 01 माह |
| 2 | वार्ड संख्या-11 मौ. सराय रजब अली में 200 एम.एम. राईजिंग पाईप लाईन ज्वाइंट, मोटर, सुसवॉल व हौज का कार्य। | राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड | 429226.00 | 42922.00 | 506.00 | 01 माह |
| 3 | कार्यालय परिसर में स्थित पम्प संख्या-01 व 02 की एयर कम्प्रैसर का कार्य एवं मरम्मत का कार्य। | राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड | 395536.00 | 39553.00 | 466.00 | 01 माह |

निविदा प्रपत्र की बिक्री की अवधि नगर पालिका कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी, धामपुर कार्यालय में दिनांक 30.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 06.06.2025 को दोपहर 01:00 बजे तक रहेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री एवं निविदा से संबंधित शर्तें दिनांक 29.05.2025 से दिनांक 06.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदाओं को दिनांक 06.06.2025 की सायं 03:00 बजे अधिशासी अधिकारी/ अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोला जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर** **नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर**

# डॉक्टर पर अभद्रता व मारपीट का आरोप

## नसबंदी कैंप में चिकित्सक के व्यवहार पर आशा कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित महिला नसबंदी कार्यक्रम उस समय विवादों में आ गया जब बिजनौर से आए चिकित्सक पर आशा कार्यकर्ताओं ने अभद्र व्यवहार और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए। विरोध में दर्जनों महिला आशा कार्यकर्ताओं ने केंद्र परिसर में एकत्र होकर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।

आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि वह ग्रामीण क्षेत्रों से महिला लाभार्थियों को सरकारी नसबंदी शि. विर में प्रेरित कर लाती हैं, लेकिन डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन के दौरान लाप. रवाही बरती जाती है। कुछ मामलों में पेट खोलने के बाद ऑपरेशन से इंकार कर दिया गया, जिससे लाभार्थियों की जान जोखिम में पड़ी।

कार्यकर्ताओं का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर डॉक्टर राजीव द्विवेदी (कार्यालय: मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद बिजनौर) ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और बीते दिनों एक महिला कार्यकर्ता को थप्पड़ तक मार दिया। यह मामला सामने आते ही महिला स्वास्थ्य कर्मियों में भारी आक्रोश फैल गया।

इस संबंध में आशा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि दोषी के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में वे बड़े स्तर पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। प्रदर्शन की सूचना पर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

**शेरकोट।** दो बाइकों की भिड़ंत में पति-पत्नी सहित चार युवक घायल हो गए। हादसा मनोकामना मंदिर के पास हुआ, जब सुहैल अंसारी अपनी पत्नी उजमा और दो बच्चों के साथ धामपुर से वापस लौट रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुहैल अंसारी अपनी बाइक पर अपने बच्चों के स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग में भाग लेकर वापस आ रहे थे। जब वे शेरकोट में एंट्री करने के लिए अपनी बाइक मोड़ रहे थे, तभी पीछे से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में सुहैल अंसारी, उनकी पत्नी उजमा, अंकुर, सरदार और गुड्डू घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी धामपुर भेजा। बाइक सवार तीन युवक गांव नाथडोई में एक बारात में शामिल होने जा रहे थे।

# किरतपुर की बिजली व्यवस्था बदहाल होने से भीषण गर्मी में नागरिक परेशान

## जनप्रतिनिधि और अधिकारी बेपरवाह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां तापमान दिन-ब-दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है। वहीं किरतपुर नगर के नागरिकों को बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। नगर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था शादीपुर बिजली घर से जुड़ी हुई है, लेकिन यह व्यवस्था आए दिन फॉल्ट की शिकार हो रही है।

कभी तेज आंधी में पेड़ गिर जाते हैं तो कभी तारों से टकरा कर लाइनें टूट जाती हैं, जिससे घंटों तक बिजली गुल रहती है। सबसे सितम तो यह है कि जब पूरा नगर अंधेरे और गर्मी से बेहाल होता है, तब बिजली विभाग के अधिकारी बिजनौर शहर में अपने अपने रूम में एसी और कूलर की ठंडी हवा में चैन की नींद सो रहे होते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। वर्षों से यह स्थिति बनी हुई है लेकिन न तो बिजली विभाग और न ही जनप्रतिनिधियों ने आज तक इसका कोई स्थायी समाधान करने की कोशिश की। बार-बार शिकायतों के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

नगरवासी रोहित शर्मा, कफील अहमद, राशिद , कपिल, राजेश, सोनम, कविता, अब्दुल सत्तार, शमशाद, लतीफ, राजेश, कुड़वा सिंह, नत्थू सिंह जैसे सैकड़ों नगरवासी बताते है कि हमारे बच्चे रातभर गर्मी से तड़पते हैं। बुजुर्गों की तबीयत खराब हो रही है, लेकिन किसी को हमारी सुनने की फुर्सत नहीं।

दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है। चुनाव के वक्त किए गए बड़े-बड़े वादे अब केवल कागजों तक ही सीमित रह गए हैं। नगर की विद्युत व्यवस्था बिल्कुल ठप है। अगर यह व्यवस्था ठीक नहीं होती तो अबकी बार चुनाव में नगर का यह प्रमुख मुद्दा अपना रंग दिखा सकता है।

# श्रद्धा और भक्ति से मनाई शनिदेव जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला खातियान स्थित सुनारो वाले शिव मंदिर में मंगलवार को शनिदेव जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मैढ़ सभा एवं महिला कमेटी द्वारा किया गया।

प्रात:काल शनि देव की मूर्ति का पंचामृत से स्नान कराकर सरसों का तेल चढ़ाया गया और धार्मिक मंत्रों के साथ उनका चोला बदला गया। पूजन में तिल, उड़द, धूप-दीप से विधिवत आराधना की गई। इस अवसर पर नरेश वर्मा, सौरभ वर्मा और संजय वर्मा ने विशेष रूप से पूजन में भाग लिया।

महिलाओं द्वारा आयोजित भजन संध्या में हनुमान चालीसा, शनि चालीसा, राम स्तुति और शनि देव की आरती का सामूहिक पाठ किया गया। उमा वर्मा ने शनि देव के जीवन से जुड़ी पौराणिक कथाएं साझा कीं और बताया कि शनि देव न्याय के देवता हैं। उनके अनुसार हनुमान जी से जुड़ा एक प्रसंग ही शनि देव पर तेल चढ़ाने की परंपरा का आधार बना। कार्यक्रम में लक्ष्मी वर्मा, कमलेश वर्मा, सुमन वर्मा, शशि वर्मा, दीपा वर्मा, शालिनी वर्मा, बीना महेश्वरी, रेखा कात्यायन, सुधा बिश्नोई, रीता विश्नोई सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का समापन शनि स्तुति व आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# पालिकाध्यक्ष व सभासदों का सम्मान

## धामपुर नगर पालिका के दो वर्ष पूरे होने पर सफाई कर्मचारियों ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और सभी सभासदों का सफाई कर्मचारियों और पालिका स्टाफ की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज के लोगों ने पालिका अध्यक्ष को पगड़ी पहनाकर और मुकुट भेंट कर विशेष सम्मान प्रदान किया। सफाई कर्मियों का उत्साह और सहभागिता कार्यक्रम की विशेष पहचान बनी रही।

सभा में उपस्थित सभी सभासदों ने नगर विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराते हुए नगरवासियों और कर्मचारियों का आभार जताया। अध्यक्ष रवि चौधरी ने भरोसा दिलाया कि नगर पालिका जनसहयोग से स्वच्छता, जल निकासी, सड़क निर्माण और अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन पालिका के वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में टैक्स इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सक्सेना, अमित गुप्ता, नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, विशाल अग्रवाल, तरुण कुमार, विशाखा सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी, अधिकारीगण, सभासद संतोष राजपूत, इमरान अहमद, प्रभात गुप्ता जोंटी, सोमपाल सैनी, रविशंकर सैनी, मुकेश रावत, मुंशी नसीम अहमद, वसीम अहमद, मुकुल सैनी, सुमित महेश्वरी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

यह आयोजन कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच सामंजस्य, सहयोग और एकता का प्रतीक बनकर सामने आया।

# अधेड़ व्यक्ति लापता गुमशुदगी दर्ज कराई

## परिजनों को अनहोनी की आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम सराय से 12 दिन पूर्व एक अधेड़ व्यक्ति बिना कुछ बताएं अपने घर से चले जाने पर परिजनों द्वारा काफी तलाश करने पर कहीं पता नहीं लगने पर बुधवार को अनहोनी की आशंका को लेकर पुलिस को तहरीर दी। उक्त युवक 6 बच्चों का बाप है, जिसमें पांच बेटियां व एक लड़का है।

जानकारी के अनुसार थाना नहटौर ग्राम सराय निवासी नेपाल सिंह उर्फ मूला उम्र 45 वर्ष 17 मई 2025 को अपने घर से प्रात: 10:00 बजे बिना कुछ बताएं घर से चला गया था। उसके परिजनों के अनुसार शाम तक प्रतीक्षा की। शाम तक घर न लौटने पर उनकी चिंताएं बढ़ गई। साथ ही इधर-उधर तलाश किया, परंतु कहीं पता ना चल सका। रिश्तेदारियों में अन्य स्थानों पर तलाश किया गया परंतु कहीं पता नहीं चल सका। उक्त युवक पांच बेटियों व एक बेटे का बाप है। साथ ही तीन बेटियों की शादी कर चुका है तीन बच्चे शेष है, जिसमें सबसे छोटा बेटा है। अनहोनी की आशंका को लेकर उसकी पत्नी छोटी देवी ने अपने ससुरालियों के साथ थाना कोतवाली पहुंचकर बुधवार को तहरीर दी।

थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा तलाश की जा रही है।

# कृषक भ्रमण व प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गोष्ठी

## आय दोगुनी करने के लिए पंचामृत खेती करना एकमात्र विकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ के दिशा निर्देश अनुसार मुख्यमंत्री गन्ना कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज चांदपुर क्षेत्र में जनपद मेरठ मवाना शुगर काम्प्लेक्स लि. नगलामल एवं जनपद पीलीभीत की बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड बरखेड़ा के लगभग 100 से अधिक प्रगतिशील कृषकों का जनपद बिजनौर की बिन्दल शुगर मिल चांगीपुर में हरि मंगलम बैंकट हॉल में एक कृषक गोष्ठी एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया।

उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र कुमार मलिक द्वारा इस भ्रमण कार्यक्रम में आये सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया एवं ट्रैंच विधि से गन्ने की अधिक पैदावार कैसे लें एवं गन्ने में लगने वाले रोग एवं बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात ग्राम हसुपुरा में कपिल कुमार, ग्राम अकबरपुर पट्टी में धर्मेंद्र सिंह, विकराल सिंह असगरीपुर के अनिल कुमार के प्लाटों में गन्ना किस्म को00118, को शा 13235 एवं को0 0238 पेड़ी प्रबंधन के प्रदर्शन प्लाटो में पेड़ी प्रबंधन डिवाईस के प्रयोग एवं नैनो यूरिया नैनो के पर्णीय छिडकाव एवं अन्य कृषण क्रियाओं को भ्रमण के दौरान देखा। साथ ही साथ ग्राम हीमपुर प्रथया में अवनीश कुमार एवं ग्राम अकबरपुर पट्टी के धर्मेंद्र सिंह के यहां नवीन गन्ना प्रजाति के प्रदर्शन प्लाट का अवलोकन किया। जो सभी कृषकों के आकर्षण का केन्द्र रही। इसके पश्चात् धावड़ी प्रदीप यादव के फार्म पर ट्राइकोडर्मा कलचर के प्रयोग, गन्ने की ट्रेंच विधि में हरी खाद के रूप में डैचा का प्रयोग एवं गन्ने की खेती के साथ केले एवं मक्का को सहफसल के रूप में खेती करना यह कृषकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। भ्रमण के दौरान गन्ना विकास परिषद चांदपुर के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक द्वारा चीनी मिल क्षेत्र में चल रहे विभागीय योजनाओं व पेड़ी प्रबंधन से संबंधित पेड़ी प्रबंधन डिवाइस, ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई एवं ट्रेस मल्चिंग आदि के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने कृषकों को यह भी बताया कि आय दोगुनी करने के लिए पंचामृत खेती करना एकमात्र विकल्प है।

इस दौरान गन्ना विकास समिति चांदपुर के सचिव जितेंद्र सिंह एवं चीनी मिल के मुख्य गन्ना, प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह, वरिष्ठ गन्ना प्रवंधक जोगेंद्र मलिक व सरूर आलम जैदी, गन्ना प्रबंधक विपिन बालियान, भूपेंद्र बालियान, उप गन्ना प्रबंधक राजवीर सिंह, अर्जुन बालियां एवं संजीव खोकर आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एनएस इंटरनेशनल स्कूल में सात दिवसीय समर कैंप का समापन

## विजेता बच्चों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** एन.एस. इंटरनेशनल स्कूल सदाफल में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था द्वारा 21 मई से 27 मई तक सात दिवसीय समर कैंप संचालित किया गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक निखिल कुमार एवं प्रधानाचार्या रुचि सिंह ने फीता काटकर किया गया।

समर कैम्प में चेयरमैन पवन सिंह ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य रुचि सिंह ने शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने हुए सीखने के लिए प्रेरित करना है। प्रबंध समिति का मानना है कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की सभी गतिविधियां समय-समय पर विद्यालय में होती रहनी चाहिए। जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। सभी अनुभवी अध्यापकों ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियां सिखाई। शिविर समापन के अवसर पर प्रधानाचार्या रुचि सिंह एवं प्रबंधक निखिल ने विजेताओं को मेडल पहनाकर एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। तथा सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# भाकियू ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का किया घेराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन अनंत के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की अनदेखी करने और समस्याओं के समाधान कराने में उपभोक्ताओं को परेशान करने से क्षुब्ध होकर विद्युत अधिशासी अभियंता नगीना कार्यालय का घेराव कर धरना दिया। उपभोक्ताओं की समस्याओं का तुरंत समाधान कराने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

भारतीय किसान यूनियन अनंत के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जिला प्रभारी शेखर पाल एवं नगर अध्यक्ष बढ़ापुर नफीस अंसारी के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण कार्यालय नगीना पहुंचे और एसडीओ बढ़ापुर की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कार्यालय का घेराव किया कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीओ बढ़ापुर विद्युत उपभोक्ताओं की परेशानी को नहीं सुनते हैं। प्रार्थना पत्र देने के बाद उपभोक्ता विद्युत विभाग के कार्यालय के चक्कर लगाते लगाते परेशान हो जाता है, जिससे नाराज होकर भाकियू अनंत कार्यकर्ता धरने पर बैठे।

इसी दौरान विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अंबरीश कुमार धरना स्थल पर किसान कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे और विद्युत विभाग से संबंधित सभी समस्याओं के समाधान समय से कराए जाने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

इस मौके पर नफीस अंसारी, शेख लियाकत मो.अकरम, नरेंद्र सिंह, इंतिखाब अल्वी, मो. अख्तर, असद सुल्तान, रफीक अहमद आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धामपुर में इनामी व दस्तारबंदी कार्यक्रम

## बच्चों से दीनी व दुनियावी तालीम हासिल करने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला पहाडी दरवाजा स्थित वाली मस्जिद में इनामी प्रोग्राम व दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आए मेहमानों ने बच्चों से दीनी व दुनियावी तालीम हासिल कर तरक्की करने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों से अपने मां-बाप तथा उस्ताद का एहतराम कर जिंदगी को गुजारने पर जोर दिया।

मकतब फलाही दरें की ओर से देर शाम आयोजित हुए प्रोग्राम में सबसे पहले 165 बच्चों को विभिन्न इनामात, प्रमाण पत्र व शील्ड देकर हौसला बढ़ाते हुए शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का आगाज मौलाना कारी आसींद की तिलावत ए कुरान व डिग्गी वाली मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद दानिश की नाते पाक से किया गया। मुरादाबाद के शाही मदरसे से आए मेहमान मौलाना अब्दुल रहमान नक्शबंदी व मौलाना रिजवान ने मुसलमान से कुरान करीम में बताई बातों पर अमल कर इस्लाम के शांति के पैगाम को सभी तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने मुसलमान से अपने बच्चों को दीन की तालीम दिलाए जाने की ताकीद करते हुए अच्छी परवरिश किए जाने पर भी जोर दिया। इसके बाद हम्माद हाफिज मोहम्मद जैद, हाफिज मोहम्मद जैद, हाफिज मोहम्मद उजेर के सिर पर दस्तारबंदी कर उनकी हौसला अफजाई की। साथ ही लिफाफे व प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की सदारत शेरकोट के शहर इमाम मुफ्ती जकी ने की तथा निजामत मुफ्ती खालिद ने की। इस मौके पर कारी राशिद हमीदी, कारी शराफत हुसैन, मुफ्ती इफ्तिखार, मौलाना मर्गुबुर रहमान, कारी मोहम्मद इकराम मुफ्ती, मोहम्मद अहमद, मुफ्ती फैजान, मौलाना सुहेल अहमद, मोहम्मद इमरान, इजहार अहमद, मोहम्मद फुरकान, अफजाल अहमद, नफीस अहमद, फैजान अंसारी, रईस अहमद, अनीस अहमद, इदरीस अहमद, शब्बू, उजेर, अरसलान, इरफान अहमद, अफाक अहमद, वसीम अहमद सभासद, मुंशी नसीम अहमद, अब्दुल रऊफ, सलीम अहमद, अयाज अहमद, तस्लीम अहमद आदि शामिल रहे।

# दो परिवारों का मनमुटाव दूर कराकर सुलह कराई



## मौ. ताहिर की हो रही प्रशंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला कटकुई में आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर के निवास पर पहुंचे दो मुस्लिम परिवारों को अपने विचारों से सुलेह नामा कराते हुए बिछड़ रहे दो परिवारों को मिलाने का काम किया।

चांदपुर निवासी लड़की पक्ष का आरोप था कि शेरकोट निवासी लड़का पक्ष लड़की को परेशान करता है। लड़की किसी तरह अपने मायके आ गई। इसी बीच दोनों पति पत्नी में फोन पर हुई बात के चलते आज दोनों के परिवारों को चांदपुर बुलाकर उनमें सुलह कराते हुए उन्हें राजी करा दिया और दोनों पति पत्नी अपने बडो की बात मानते हुए खुशी खुशी अपने घर चले गए। मोहम्मद ताहिर ने दोनों परिवारों की बात सुनी और फिर दोनों परिवारों के बीच मन मुटाव दूर कराते हुए नव दम्पति को मिलाने का काम किया। पंचों में मोहम्मद चाँद, नसीमुद्दीन मनिहार, पप्पू भाई, मोहम्मद नासिर आदि भी उपस्थित रहे। दो परिवारों के मध्य उत्पन्न मनमुटाव को दूर करते हुए दो परिवारों के बिछड़ने से बचाते हुए उन्हें मिलाने का काम करने पर मोहम्मद ताहिर की नगर भर में प्रशंसा की जा रही है।

एक साल पूर्व ग्राम चौपा शोभापुर में डाली थी डकैती

# डकैती के दो आरोपी हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एक साल पूर्व डकैती की वारदात में वांछित इनामी समेत दो को पुलिस ने धर दबौच लिया। पकड़े गए बदमाशों से अवैध तमंचा भी बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने खुलासा करते हुए बताया कि थाना बहजोई निरीक्षक अपराध अजीत सिंह, उ.नि. कपिल कुमार मुखबिर की सूचना पर पुरूस्कार घोषित आरोपी करन पुत्र रोहताश निवासी ग्राम कोटकादर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर (25 हजार ईनामी) तथा गुरदीप उर्फ छिन्दर पुत्र करनैल सिंह उर्फ जटटू सिंह निवासी ग्राम नागल पिलखड़ी रिटावत थाना अकबरपुर जिला अलवर राजस्थान को एक अदद तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस 315 बोर मय 01 अदद तमंचा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 02 अदद चौन पीली धातु, 01 अदद गले का हार पीली धातु व एक जोडी कान के टाप्स पीली धातु के साथ ढकारी की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने अपने अन्य साथियों के साथ 08/09 मार्च 2024 शिवरात्री के दिन रात्री में ग्राम चौपा शोभापुर में रहने वाले सतेन्द्र राघव के मकान में डकैती डाली गयी थी। इसका थाना बहजोई पर दर्ज मुकदमें की विवेचना में धर्मपाल यादव पुत्र स्व. रामगुलाम यादव नि. मौहल्ला कमला विहार के पीछे भवानीपुर थाना चन्दौसी, शानू उर्फ राइन पुत्र साबिर नि. ग्राम पाठकपुर थाना बहजोई, अब्दुल रहमान उर्फ दुल्ला पुत्र इकरार नि. बाबरपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर,. सौरभ उर्फ सिम्भा पुत्र छोटे लाल नि. मौहल्ला संजय नगर सरकारी स्कूल के पास मेरठ थाना सिविल लाईन जिला मेरठ को मय लूट के माल के 15 मार्च को 2024 को समय करीब 23.15 बजे साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस मुठभेड़ में अब दोनों को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।



सम्भल- अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस के आयोजन को बैठक लेते मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट।

# 15 से 21 जून तक योगा के लिए नोडल किए नामित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। डीएम के निर्देशन में अधिकारियों व योग प्रशिक्षकों संग समीक्षा बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

**सीडीओ ने ली बैठक**

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यालय स्तर पर प्रमुख घाटो, पार्को में नोडल अधिकारी नामित करते हुए 15 जून 2025 से 21 जून 2025 तक योग कार्यक्रम चलाया जाए।उन्होने तहसील, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग का कार्यक्रम निरंतर उपरोक्त तिथियो में कराया जाए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक विभाग द्वारा इसके मास्टर ट्रेनरो का प्रशिक्षण कराते हुए ब्लॉक स्तर पर भी प्रशिक्षित कराया जाए। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अमरदीप सिंह नायक ने बताया कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के योग प्रशिक्षकों एवं योग वेलनेस सेंटर्स के योग प्रशिक्षकों एवं योग सहायकों को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 एवं योग सप्ताह (15 जून से 21 जून) की तैयारी हेतु प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में योगा प्रोटोकाल एवं कार्यक्रम की कार्य योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि योग के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए और अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जाए। आशा एवं आंगनबाड़ी तथा एएनएम की सहभागिता सुनिश्चित की जाए जिससे योग अधिक से अधिक कराया जा सके।

# निस्वार्थ भाव से करने वाले कार्य का परिणाम मिलता है सार्थक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद स्तर से चयनित प्रतिभागियों के लिए राज्य स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 से 16 मई, 2025 के मध्य परिषद के कावेरी सभागार, लखनऊ में किया गया, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा कक्षा-शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने को नवीन तकनीकी विधाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया।

प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद द्वारा शिक्षकों हेतु आई.सी.टी. प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 02 शिक्षकों के नाम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को भेजे गए थे। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन करते हुए 28 मई को परिणाम घोषित किया गया। राज्य आई.सी.टी. प्रतियोगिता में 75 जनपद के कुल 150 शिक्षकों में से 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन किया गया है। बता दें कि 150 शिक्षकों में से 90 शिक्षक आईसीटी की पाठशाला के मंच पर जुड़कर कोर टीम के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। अत्यंत गर्व की बात यह है कि प्रदेश स्तर पर चयनित 40 अभ्यर्थियों में से 34 अभ्यर्थी आईसीटी की पाठशाला के मंच से जुड़कर तैयारी करने वालों में से सूची में अपना स्थान प्राप्त किये हैं। आईसीटी की पाठशाला निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत कोर टीम के सभी सदस्य स्टेट आईसीटी अवार्ड प्राप्त कर छात्रहित में प्रदेश स्तर के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करते हुए अपनी सेवाएं निस्वार्थ भाव से प्रदान कर रहे हैं। आईसीटी की पाठशाला की कोर टीम मेंबर एवं मण्डल कोआर्डिनेटर राखी अग्रवाल सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय जनैटा, ने बताया कि पराग मिश्रा का भी स्टेट आईसीटी प्रतियोगिता में चयन किया गया है। उन्होने कहा कि निस्वार्थ भाव से कोई भी कार्य किया जाये और प्रयास भी सार्थक हों तो परिणाम भी निश्चित रूप से सार्थक ही प्राप्त होते हैं। यह बात चयनित अभ्यर्थियों की सूची ने सिद्ध कर दिखाई है।

# भाविप बच्चों को देगा संस्कारों का ज्ञान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत विकास परिषद शाखा कल्कि द्वारा एक बाल शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। शिविर में बच्चों को संस्कारों के प्रति जागरूक किया जायेगा।

**एक जून से पांच जून तक लगाया जायेगा शिविर**

बैठक में अध्यक्ष प्राची गुप्ता ने बताया कि शिविर में बच्चों को संस्कारों के प्रति जागरूक किया जाएगा एवं जीवन के लिए उपयोगी इस प्रशिक्षण शिविर में योग कक्षा ,सेल्फ डिफेंस, सिलाई कढ़ाई, आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी, नृत्य रंगोली, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, जूडो कराटे ,गायन और मंत्रोचार धार्मिक संस्कारों सेजुड़ी सांस्कृतिक गतिविधि ,जल संरक्षण के महत्व को बताना आदि अनेक बहु उपयोगी बातों को बताया और सिखाया जाएगा। सचिव मुदिता गुप्ता ने बताया कि यह शिविर 1 जून से 5 जून तक चलेगा और सभी बच्चों के लिए निशुल्क रहेगा। सभी स्कूलों में इस शिविर में बच्चों के शामिल होने के लिए सूचना भेज दी गई है अधिक से अधिक बच्चों को इस शिवर में प्रतिभाग करने के लिए आवाहन किया गया है। सभा में प्राची गुप्ता मुदिता गुप्ता कविता रस्तोगी शीतल गुप्ता कृष्णा शास्त्री नीरा गर्ग मंजू रस्तोगी अर्चना गुप्ता आदि उपस्थित रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन के टक्कर मार देते से घायल युवक की मौत हो गयी। मौत से कोहराम मच गया। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र भगवान सिंह 30 वर्ष पुत्र लटूरी निवासी रसूलपुर थाना गुन्नौर रात 12 बजे सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां डाक्टर ने भगवान सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पीएम को भेज दिया। भगवान पर पांच बच्चे हैं। चार बेटियां हैं। सबसे छोटा बेटा है।

# भयंकर गर्मी में शरबत का वितरण कर बुझाई राहगीरों की प्यास

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भयंकर गर्मी में राहगीरों को शर्बत का वितरण कर सूखते गलों को तर कराकर पुण्य लाभ अर्जित किया। उपनगरी सराय तरीन मुहल्ला कोंजड़ान में समाजसेवियों ने सबील लगाकर राहगीरों तथा रिक्शा चालक और ढेले वालो को मीठे ठंडे शर्बत पिलाकर चिलचिलाती धाप, गर्मी से राहत पहुंचाने का काम किया। ठंडा शर्बत पीकर लोगों को काफी हद तक चिलचिलाती गर्मी से सुकून मिला। अबूजर हनीफ ने कहा कि लोगों को गर्म हवाओं के थपेड़े का सामना करना भारी पड़ रहा है। दिन भर निकलने वाली चिलचिलाती धूप से लोग परेशान हैं। दोपहरी में लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। अल्तामश ने कहा कि समाजसेवियों व मालदारों को चाहिए, कि वह अपने तौर पर गली, मोहल्ले, चौराहों पर लोगों और राहगीरों के लिए शरबत और पानी का इंतजाम करना करें।

# छोटे हाथी वाहन की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त

**सम्भल।** छोटे हाथी वाहन से विद्युत पोल में टक्कर मारकर विद्युत पोल क्षतिग्रस्त कर दिए।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के शकरपुर गांव निवासी राजेश पुत्र अजय पाल द्वारा लापरवाही के चलते 11 केवी लाइन के विद्युत पोल में अपने वाहन छोटे हाथी से बीते सोमवार को टक्कर मार दी गई। जिसके चलते तीन विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए और बिजली बाधित हो गई। लापरवाही के चलते विद्युत पोल क्षतिग्रस्त करने को लेकर विद्युत विभाग के अवर अभियंता मुकेश धर दुबे की तहरीर पर कैला देवी पुलिस ने राजेश के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है।



सम्भल- आर्यवीर दल की बैठक लेते शासन चालक दया शंकर कार्य।

# सस्ती रेल यात्रा से वंचित हैं शहरवासी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** देश के हर प्रदेश व शहर कस्बे में लोग सस्ती रेलयात्रा का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन नगर एवं क्षेत्रवासी राजनैतिक पिछड़े पन व अन्य कारणों से आज भी इस लाभ से वंचित चले आ रहे हैं।

देश के दुर्गम हिस्सों में भी रेल की सीटी की आवाज़ कानों में सुनाई पड़ जाती है, मगर ऐतिहासिक नगरी में आज भी गाहे-बगाहे इसे सुनने को मिलता है। सस्ती रेलयात्रा और कम समय में ही देश की राजधानी तक पहुंचने के लिए रेलवे लाईन के विस्तार की मांग वर्षों से चली आ रही है, लेकिन सुधार न होने और विस्तारी करण न होने के कारण नगर एवं क्षेत्रवासियों का रेलयात्रा से सर्म्पक आज भी कटा हुआ है। रेल लाईन व्यवस्था का अब विद्युतीकरण भी हो चुका है,लेकिन रेलयात्रा आज भी जस की तस बनी हुई है, जबकि मेंहगाई के दौर में देश-विदेश में प्रसिद्ध सींग हड्डी से बने सामान और मैंथा से बने प्रोडक्टक को मेंहगाई की मार से ट्रांसपोर्ट के बढ़े भार के चलते दूर देशो तक इसकी रफ्तार रूकी हुई है। जिससे विकास की गति भी थमी हुई है। रेल यातायात की सुविधा न होने से यहां के बाशिंदो का अपने ही देश में अन्य प्रदेशों के लोगों का सर्म्पक कटा हुआ है। धीमी पड़ी रफ्तार और रेल सेवाओं की बहाली को मांग को लेकर राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता कई बार मांग उठा चुके,किन्तु नतीजा अभी त शून्य रहा है। हालॉकि पूर्व रेल राज्यमंत्री ई अहमद के प्रयासों से रेलमंत्री ममता बनर्जी न विस्तारीकरण को मंजूरी दे दी थी, मगर राजनेतिक कारणों से धनराशि का आवंटन खटाई में पड़ा हुआ है। यहां से जीतकर जाने वाले प्रत्याशी चुनाव के समय तो रेलवे लाइन विस्तारीकरण को अपना प्रमुख मुददा होने का दावा करते हैं लेकिन चुनाव जीतर जाने के बाद सम्भल की इस महत्वाकांक्षी योजना को संसद भवन से कानों में इसकी गूंज सुनाई नहीं देती है। वर्षों पुरानी मांग अभी भी पूरी होती दिखायी नहीं दे रही है।

**जीतकर जाने के बाद संसद भवन में सुनाई नहीं देता यह मुद्दा**



सम्भल- श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के दस दिवसीय महातपा के पहले दिन यज्ञ में आहूतियां देते।

# आर्यवीर दल डेढ़ सौ शाखाओं का करेगा संचालन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आर्य वीर दल की बैठक में स्थापना दिवस के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने पर डेढ़ सौ शाखायें संचालित करने का संकल्प लिया गया।

**आवासीय शिविर में युवाओं का होगा चरित्र निर्माण**

कस्बा गवां में आयोजित बैठक का शुभारंभ ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना के मंत्र द्वारा किया। बैठक में अधिष्ठाता यशपाल सिंह शास्त्री ने कहा कि आर्य समाज की स्थापना के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने के पावन उपलक्ष पर आर्यवीर दल ने संकल्प लिया है कि हम वर्ष 2025 में आर्य वीर दल की डेढ़ सौ शाखाओं का संचालन करेंगे। आर्य वीर दल उत्तर प्रदेश के शासन चालक दयाशंकर आर्य ने कहा कि इस वर्ष आर्य वीरों का 23 जून से 29 जून तक टीकम सिंह आर्य आदर्श विद्यालय भीकमपुर जैनी में इसमें युवाओं के युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु चरित्र निर्माण प्रशिक्षण व्यक्तित्व निर्माण तथा आध्यात्मिक विकास कमांडो ट्रेनिंग के साथ-साथ राष्ट्रीय संस्कारों को देने का कार्य किया जाएगा। जिले महामंत्री नरेंद्र पाल ने कहा कि इस सिविल में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला शिवरात्रि अपने जीवन के आदर्श और अपने परिवार समाज व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियां का ईमानदारी से निर्वहन करने वाला बनेगा। शिविर के पर्यवेक्षक योगाचार्य दिनेश ने कहा कि हम सब आर्यवीर दल के मिशन से जुड़े हुए हैं। हमारी प्रारंभिक दीक्षा भी आर्यवीर दल से हुई है। बैठक में राकेश कुमार, संजीव कुमार, गोविंद आर्य,वेद प्रकाश आर्य, धर्मपाल सिंह, मनीष यादव आदि उपस्थित रहे।

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

# लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ें छात्र-छात्राएं: हरेन्द्र

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** टीकम सिंह आर्य आदर्श विद्यालय में समर कैंप में तीसरे दिन अंग्रेजी भाषा की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला।

भीकमपुर जैनी स्थित टीकम सिंह आर्य आर्देश विद्यालय भीकमपुर जैनी में चल रहे शिविर के तीसरे महर्षि दयानंद वैदिक इंटर कालेज खिरनी से आये अंग्रेजी के प्रवक्ता हरेन्द्र कुमार ने अंग्रेजी भाषा की वैज्ञानिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं में द्वितीय सभा में व्यापार मेला का आयोजन किया। मेले का उद्घाटन विद्यालय के संस्थापिका रेणुका आर्या ने किया, इसमें छात्रा छात्राओं ने भेलपुरी, टिक्की, गन्ने का जूस, ठंडाई, हाथ के पंखे, इलेक्ट्रिक सामान और वेस्ट मटेरियल से बने उत्पाद अपने हाथों से बना करके काउण्टर लगाकर बिक्री की। विद्यालय की संस्थापिका रेणुका आर्य ने कहा कि सब लोग जानते हैं कि स्वास्थ्य और पढ़ाई के बाद में रोजगार की बात आती है इसीलिए बच्चों को रोजगार से प्रेरणा मिलेगी। व्यापार मेले का आयोजन बच्चों के द्वारा बच्चों के लिए किया गया इसके उद्देश्य से बच्चों पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और बच्चों का अग्रिम भविष्य भी सशक्त बनेगा बालक माता-पिता के द्वारा दिए गए धान का मूल्य भी समझेंगे, कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य ज्योति वसु आर्य, विजयपाल शास्त्री, महेश चंद्र, राष्ट्र वसु, संदीप राघव, अमित प्रताप, गुलिस्ता, पदमा अग्रवाल, अंजू शर्मा एवं अध्यापक और अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# बाल कल्याण समिति की बैठक में दी गई जानकारी

**सम्भल।** जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों पर ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी ओंकार सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड पंवासा सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। नीता सैनी ने बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

# तपस्या की अग्नि में स्वाह हो जाते हैं तन मन के विकास: श्रीमाली

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत दस दिवसीय योगेश्वर गोरखनाथ का महातपा का शुभारम्भ किया।

शिव गोरखनाथ मंदिर समिति के तत्वावधान में पंजू सराय स्थित कैम्प कार्यालय पर महातपा के शुभारम्भ पर आध्यात्मिक गुरू पं. राधेश्याम श्रीमाली ने कहा कि महातपा में वार के आधार पर नवग्रह पूजन और ग्रह दान के साथ यज्ञ, योग, तर्पधा, ध्यान, जाप, सेवा दान सत्कर्म आदि प्रत्येक साधक साधिका को निरंतर दस दिनों तक करने होते हैं। उन्होने कहा कि ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष एकत प्रतिपदा से ज्येष्ठ सदी दशमी तक महातपा होती है। श्रीमाली ने कहा कि महातपा अग्नि में साधक के तन मन के विकास सहज भाव ही स्वाह हो जाते हैं। उन्होने कहा कि भक्त दस दिन साधना करने से देह में स्थित शक्ति केन्द्रों का ज्ञाप तो होता ही है साथ ही मनोवांछित फलों की भी प्राप्ति होती है। इस मौके पर ज्वालेश श्रीमाली, आनंद सैनी, नितिन कुमार, योगी नागेन्द्र मोहन, विजयपाल, अमित कुमार, पार्थ तनिष्क मोहन, दिनेश मोहन, कृष्ण कुमार, सुभाष चंद्र, डा. सुरेश चन्द्र, लोकेश कुमार, कैलाश चन्द्र, भीकम लाल, रूकमनी देवी, सुनिता देवी, नीरज देवी, लक्ष्मी श्रीमाली, आरती श्रीमाली, रिया श्रीमाली, सलोनी देवी, राखी देवी, पूजा देवी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चोरी की बाइक और चाकू समेत युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को चोरी की बाइक ओर चाकू समेत गिरफ्तार किया है। बरामद बाइक के संबंध में थाना बहादराबाद में मुकद्मा दर्ज है। आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत ज्वालापुर कोतवाली पुलिस बीती रात नहर पटरी पर रेगुलेटर पुल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बहादराबाद की तरफ से आ रहा एक बाइक सवार पुलिस को देखकर वापस भागने लगा। लेकिन बाइक अनियंत्रित होने पर गिर गया। मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गिरीश कुमार पुत्र यशपाल निवासी ग्राम मिलक मुकीमपुर थाना नहटौर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। बाइक के संबंध में पूछने पर बताया कि बाइक उसने पिछले वर्ष बहादराबाद स्थित काली माता तिराहा से चोरी की थी। बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं थी। पुलिस ने ई मशीन से चेसिस नंबर चेक किया तो बाइक सलेमपुर निवासी संतोष कुमार तिवारी के नाम पंजीकृत निकली। थाना बहादराद से संपर्क करने पर सामने आया कि बरामद बाइक चोरी होने के संबंध में थाने पर मुकद्मा दर्ज है। पुलिस टीम में एएसआई प्रताप दत्त, कांस्टेबल रवि कुमार, प्रमोद कुमार शामिल रहे।

# साले की शादी में आए युवक की करंट से मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बहजोई थाना क्षेत्र में हिमाचल के युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जहां वह अपने साले की शादी में सम्मिलित होने के लिए आया था। अधिाक गर्मी के चलते घर में रखे पंखे को चालू कर रहा था, उसी समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

हिमाचल प्रदेश के उन्नाव जिला अंतर्गत अंबू थाना क्षेत्र के जुनेट गांव निवासी 32 वर्षीय नीलम पुत्र घनश्याम सम्भल के बहजोई थाना क्षेत्र के पंवासा में अपने साले सत्यवीर की शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। आज सत्यवीर की बारात बदायूं जनपद के गांव में जानी थी। नीलम अधिक गर्मी होने के चलते घर में रखे पंखे को चालू कर रहा था। उसी समय वह करंट की चपेट में आ गया। जहां करंट की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो गई। नीलम की मृत्यु के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। युवक की मौत पर कोहराम मच गया।

# दिव्यांगजनों को उपकरण होंगे वितरित

**सम्भल।** केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार डा. वीरेंद्र कुमार कल आज गुरुवार को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्य अतिथि पूर्वाह्न 11 बजे ओ.एल. एफ रिसोर्ट चंदौसी में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु भारत सरकार की एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के माध्यम से पूर्व चयनित 559 दिव्यांगजन एवं 51 वृद्धजनों को दिए जायेंगे।

# 15 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

पथरी। पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए अभियान में 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बुधवार देर शाम को धनपुरा में छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया आरोपी से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ऋषिपाल पुत्र सेवाराम निवासी धनपुरा बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के कर्म में एक आरोपी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# अज्ञात वाहन ने मारी भाकियू नेता के पुत्र को टक्कर

**सम्भल।** भाकियू असली के पश्चिम उप्र.प्रभारी चौधरी संजीव गांधी के पुत्र अभिषेक धारीवाल उर्फ अमन सिंह को अज्ञात मोटर साईकिल ने हसनपुर ढका रोड पर के पास टकर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पोता गुलाम मुरसलीन पुत्र मौ. अय्यूब नि. फतेहपुर देव गलत संगत में पड़ गया है और गलत प्रवृति के लोगों के साथ रहकर गलत कृत्य करता है। मैं काफी बूढ़ी और कमज़ोर हूँ गुलाम मुरसलीन मेरे व मेरे परिवार के साथ आमादा फसाद रहता है। उसे बहुत समझाया मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मजबूर होकर मैने गुलाम मुरसलीन को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य का गुलाम मुरसलीन से कोई वास्ता नहीं है अपने किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**महमूना पत्नी फकीर मौहम्मद**
नि.फतेहपुर देव,देहपा तह. व जिला सम्भल।

**खोया-पाया**

मैने हाई स्कूल की परीक्षा वर्ष 2015 में जवाहर लाल मेमोरियल इंटर कालेज सिरसी सम्भल से उत्तीर्ण की थी। परन्तु मेरा अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनक्रमांक 0823200 वास्तव में कहीं गुम हो गया है।

**गुलजार अली पुत्र सफदर अली**
नि. 38 बराही सिरसी तह. व जिला सम्भल।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना के अर्न्तगत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने हेतु प्राथमिकता स्तर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा उदास.ीनता बरते जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए क्रियाशील होकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी को योजनान्तर्गत उपस्थित वेण्डरों द्वारा प्रस्तुत की गयी समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारी को यथोचित कार्यवाही कर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को क्रियाशील होकर योजना में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्मार्ट मीटर, प्रीपेड मीटर एवं नेटमीटर संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए चीफ विद्युत को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, अपर नगर आयुक्त, एसपीओ नेडा एस0के0 सिंह, चीफ विद्युत, जिला पंचायती राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालि. का/नगर पंचायत, सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## हरियाली बरकरार रखने के लिए प्रदेश सरकार 35 करोड़ पौधे रोपित करने की कर रही तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** प्रदेश में हरियाली बढ़ाने के लिए योगी सरकार इस बार भी मानसून सीजन में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाने जा रही है। पौधारोपण महाभियान के तहत 13 प्रमुख नदियों के पांच किलोमीटर के दायरे में कुल 24,271.66 हेक्टेयर क्षेत्रफल में पौधे लगाए जाएंगे। सर्वाधिक 1.09 करोड़ पौधे यमुना के किनारे व सबसे कम 1.60 लाख पौधे चंबल नदी के किनारे लगाए जाएंगे। गंगा नदी के किनारे 77 लाख से अधिक पौधे लगाने की योजना है। नदियों के किनारे पौधारोपण होने से मिट्टी का कटाव भी रुकेगा। पिछले मानसून सीजन में नदियों के किनारे 3.72 करोड़ पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष सरकार ने 40 लाख पौधे अधिक यानी 4.12 करोड़ पौधे लगाने की तैयारी की है।

## एक नजर

### पोस्टमार्टम के उपरांत नेहा परवीन का शव ले गए मायके वाले अभी नहीं दी तहरीर

**कांठ।** पोस्टमार्टम के उपरांत नेहा परवीन का शब मायके वाले हल्द्वानी ले गए वहीं पर उसको सुपुर्दे खाक किया जाएगा। बतादें कि हल्द्वानी निवासी नेहा परवीन की शादी 3 साल पहले गढ़ी गांव में हुई थी उसके दो बच्चे भी हैं लेकिन मंगलवार की दोपहर को नेहा परवीन का शब उसकी ससुराल गढी में फांसी के फंदे में लटका मिला था इस मामले में मृतका के परिजनों ने उनकी लड़की को मारने का आरोप भी लगाया था घटना की सूचना पर पुलिस सहित एसपी देहात कुंबर आकाश भी मौके पर पहुंचे और पुलिस ने मृतक के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। आज पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे मृतका के परिजन उसे अपने घर हल्द्वानी ले गए और वहीं पर उसे सुपुर्दे खाक कर दिया इस मामले में अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है हालांकि लोग दफन करने के उपरांत मृतका के मायके वालों द्वारा कानूनी कार्रवाई कराए जाने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं।

### बालिकाओं को जागरूक कर किया नैपकिन वितरण

**कांठ।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज स्वच्छता दिवस पर चलाए गए कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नैपकिन वितरित किए गए। इस दौरान



आयुष्मान मंदिरों पर पहुंच कर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिलाओं और बालिकाओ को बुलाकर जागरूक करने का काम किया स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें गंदगी से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी और कहा कि नैपकिन का इस्तेमाल करके स्वयं एवं वातावरण को स्वच्छ रखा जा सकता है। इससे बीमारियों से भी बचाव होता है।

### शॉर्ट सर्किट से बंद पड़े घर में लगी आग

**डिलारी ।** क्षेत्र के गांव सौदासपुर में बंद पड़े घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना से गांव में भगदड़ मच गई। गांव निवासी उमेश कुमार अपना घर बंद करके मेहनत मजदूरी करने के लिए उत्तराखंड स्थित काशीपुर को गया हुआ था।

मंगलवार की रात्रि लगभग 8:00 बजे शॉर्ट सर्किट से बंद पड़े घर में आग लग गई, जिसमें रखा कीमती सामान जलकर राख बन गया, आग की तेज लपटे उठती देख सूचना पाकर थाना डिलारी पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से लगी आग बुझाने का प्रयास किया, बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया, मशक्कत के साथ आग बुझाने प्रयास किया, घर में रखा कीमती सामान जलकर राख बन गया। पीड़ित ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

### किसान की दो भैंस चोरी

**डिलारी।** गांव जलालपुर खालसा में दो भैंस चोरी होने की घटना से सनसनी फैल गई। गांव निवासी किसान सुरेश सिंह अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था ,घटना रात्रि बुधवार की 2:00 की है, चोरों ने घर में घुसकर दो भैंस लगभग जिनकी कीमत 90 हजार रुपए चुरा कर ले गए। सुबह को आंख खुलने पर दो भैंस न देखकर किसान दंग रह गया ,घटना से भीड़ एकत्र हो गई। अपरा तफरी का माहौल बन गया, पीड़ित किसान ने अज्ञात के नाम तहरीर देकर कार्यबही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने बताया कि घटना संदिग्ध लग रही है। घटना की विस्तार से जांच पड़ताल की जा रही है, सही तथ्य पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

### जेईई मेन्स परीक्षा की उत्तीर्ण

**चन्दौसी।** जेईई मेन्स परीक्षा भारत में इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर के स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा कराई जाती है जिसमें नगर क्षेत्र चंदौसी के ब्रह्म बाजार निवासी हरीश कुमार गुप्ता की बेटी मुस्कान गुप्ता द्वारा 34,000वीं रैंक हासिल की गई है, जिससे पूरे वैश्य समाज में खुशी की लहर है। इस उपलक्ष्य में बुधवार को वैश्य एकता मंच, चंदौसी द्वारा हरीश कुमार के आवास पहुंचकर उनकी बेटी मुस्कान को मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर वैश्य एकता मंच के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, संरक्षक भुवनेश वार्ष्णेय, महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, तुषार वार्ष्णेय क्रिस्टल, उपाध्यक्ष दीपेश वार्ष्णेय, चिराग फैंसी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चेतन चौहान मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र होमगार्ड्स मुरादाबाद में दो दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में सतीश कुमार द्वारा अचानक होने वाले हवाई हमले की सूचना सायरन द्वारा कैसे दी जाएगी और आपको शेल्टर कैसे लेना है यह भी बताया और सायरन की आवाज को पहचानना भी जरूरी बताया और आग के बारे में होमगार्ड्स को बताया गया और कहीं अचानक लगी आग को कैसे बुझाया जा सकता हैं। इसकी जानकारी दी गई , होमगार्ड्स को अग्निशमन यंत्र के बारे में बताया एवं अग्निशमन यंत्र पर लिखे ए बी सी के बारे में जानकारी दी,और नागरिक सुरक्षा के उप नियंत्रक श्री नीरज चक ने नागरिक सुरक्षा में होमगार्ड्स की भूमिका के बारे में बताया कि आपदा के समय कैसे नागरिक सुरक्षा के साथ मिलकर होमगार्ड्स बचाव कार्य करेंगे, एवं अचानक आई आपदा में होमगार्ड्स द्वारा हताहत एवं घायल व्यक्तियों का बचाव किस प्रकार किया जा सकता है इस अवसर पर स्टॉफ अधिकारी शरीफ अहमद ने अचानक आने वाली प्राकृतिक आपदा के प्रबन्धन के बारे में बताया , और घायलों के प्राथमिक उपचार के बारे में जानक.ारी दी गई, एवं सभी होमगार्ड्स को सी पी आर के बारे में भी जानकारी दी,इस प्रशिक्षण में 145 होमगाड्र्स उपस्थित रहें इस अवसर पर विभाग के राजेन्द्र कुमार निरीक्षक, अभिषेक कुमार बी ओ, एवं निपेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।



# बहुप्रतिष्ठित 'फंडिट (मॉन्स्टर.कॉम (इंडिया) प्रा. लि.)' में टिमिट की छात्रा का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज की छात्रा इशिका विश्नोई ने अपनी मेहनत और समर्पण से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें फंडिट (मॉन्स्टर.कॉम (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड) में एचआर रिक्रूटर के पद पर चयनित किया गया है। यह चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और आत्मविश्वास का प्रमाण है। फंडिट (मॉन्स्टर.कॉम (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड) देश की एक प्रमुख एचआर टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो आधुनिक डिजिटल भर्ती समाधानों के माध्यम से नियोक्ताओं और नौकरी खोजने वालों के बीच एक प्रभावी पुल का कार्य करती है। टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने इशिका विश्नोई को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, "यह चयन न केवल इशिका की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि टिमिट कॉलेज की गुणवत्ता और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। उनकी यह



इशिका विश्नोई

उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।" कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने भी इशिका विश्नोई को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "इशिका ने अपने कौशल और आत्मविश्वास के बल पर इस प्रतिष्ठित कंपनी में स्थान पाया है। उनका यह चयन टिमिट की प्लेसमेंट प्रक्रिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाता है।" इशिका विश्नोई की यह उपलब्धि कॉलेज के अन्य छात्रों को उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। इशिका विश्नोई ने अपनी सफलता का श्रेय टीएमआईएमटी कॉलेज, अपने शिक्षकों और परिवार को दिया। उन्होंने कहा, "कॉलेज ने मुझे व्यावसायिक दुनिया के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं इस मौके के लिए आभारी हूं और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ निभाने के लिए तत्पर हूं।"

## आंधी व बारिश से आम की फसल को भारी नुकसान

**चन्दौसी।** मई माह में मौसम का मिजाज बदल गया और दो बार से अधिक बारिश हो चुकी है। अर्थात् बेमौसम बारिश ने गर्मी में और उमस बढ़ा दी है। हालांकि बेमौसम बारिश से गन्ना एवं मैंथा, सब्जियों की फसल को काफी लाभ हुआ है परंतु इस बेमौसम बारिश ने आम की अच्छी फसल को चौपट कर दिया है। लगातार तेज हवा व आंधी ने आम की 30 प्रतिशत फसल को बेकार कर दिया है। आम के बाग रखाने वालों का मानना है कि यदि इसी तरह तेज आंधी और बारिश हुई तो उन्हें हानि होगी। अब बारिश के उपरांत उमस और गर्मी बढ़ गयी है। मक्का, सब्जियों एवं धान की पौध पर इसका असर नहीं पड़ेगा। कैथल में आम के कई बाग हैं पर इस बार आम उत्पादकों को उम्मीद थी कि इस बार उनकी फसल अच्छी होगी परंतु मई माह के आखिरी सप्ताह में आयी आंधी व बारिश ने मिजाज बिगाड़ दिया।



# मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने आरएसडी हॉस्पिटल मुरादाबाद में शुरू की एक्सक्लूसिव ऑर्थो एवं स्पाइन ओपीडी सेवाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने आज मुरादाबाद स्थित आरएसडी हॉस्पिटल के सहयोग से अपनी विशेष ऑर्थोपेडिक्स और स्पाइन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। ये सेवाएं मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. बी. एस. मूर्ति की उपस्थिति में आरंभ की गईं। डॉ. मूर्ति हर माह के चौथे शनिवार को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इस ओपीडी सेवा की शुरुआत का उद्देश्य मुरादाबाद और आस-पास के क्षेत्रों के निवासियों को एडवांस्ड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी और ऑर्थोपेडिक सेवाओं की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे उन्हें अपने ही शहर में विश्वस्तरीय विशेषज्ञता प्राप्त हो सके। ओपीडी लॉन्च के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. बी. एस. मूर्ति ने कहा, "हम मुरादाबाद के लोगों के लिए हमारी प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सेवाएं उनके नजदीक लाने को लेकर उत्साहित हैं। जोड़ों से संबंधित लक्षणों में जोड़ों में दर्द, अकड़न, सीमित गतिशीलता, सूजन, अस्थिरता या किसी दुर्घटना, चोट या खेल संबंधी दुर्घटनाओं से उत्पन्न पोस्ट-ट्रॉमैटिक आर्थराइटिस शामिल हैं। गंभीर लक्षणों वाले मरीजों, जिन्हें नॉन-सर्जिकल ट्रीटमेंट जैसे फिजियोथेरेपी, दवाएं या जीवनशैली में बदलाव से राहत नहीं मिलती, उनके लिए जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सलाह दी जाती है। टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट से गंभीर गठिया के मामलों में अत्यधिक राहत मिलती है और आधुनिक तकनीकों के कारण मरीजों को कम समय में अस्पताल से छुट्टी मिलती है, शीघ्र स्वस्थ होने में मदद मिलती है और संतुष्टि का स्तर भी बढ़ता है।" डॉ. मूर्ति ने आगे कहा,



"अगर जोड़ों की समस्याओं की समय रहते पहचान कर ली जाए तो हम स्थिति के बिगड़ने से पहले ट्रीटमेंट कर सकते हैं, जिससे गंभीर नुकसान को रोका जा सकता है और जटिलताओं का जोखिम कम हो सकता है।

समय पर निदान से उपयुक्त उपचार संभव होता है, जिससे दर्द में राहत, शीघ्र उपचार और जॉइंट के फंक्शन को बनाए रखना संभव हो पाता है।" मैक्स हॉस्पिटल, नोएडा का ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है और यह जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी, स्पाइन सर्जरी, हिप सर्जरी, फुट एवं एंकल सर्जरी, पेल्विक फ्रैक्चर, और जटिल प्राइमरी एवं रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट मामलों (टोटल नी और हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी) सहित अनेक विशेष प्रक्रियाएं उपलब्ध कराता है। सटीकता और मरीज-केंद्रित देखभाल पर विशेष ध्यान देते हुए अस्पताल समग्र स्वास्थ्य के लिए पूर्ण समाधान प्रदान करता है।

# अतिक्रमण हटाते वक्त बाजार में पुलिस से नोकझोंक, पुलिस ने कहा नहीं करने देंगे अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** अतिक्रमण हटाते हुए में बाजार पहुंची पुलिस को आज कुछ व्यापारियों के विरोध का सामना भी करना पड़ा हालांकि पुलिस ने अतिक्रमण सुनहरी मस्जिद तक हटवाया लेकिन लोगों ने विरोध के दौरान कई राज भी खोलें। बतादे की मुख्य मार्ग एवं मुख्य बाजार में अतिक्रमण की सालों से भरमार है थाना और तहसील में आयोजित बैठकों में नगर के संभ्रांत लोग अतिक्रमण हटाने की मांग करते रहे हैं मगर इस मामले में आज तक औपचारिकताओं के सिवा कुछ नहीं हुआ है इसी महीने नगर के कुछ व्यापारियों ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर नगर को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की थी उस मामले को लेकर भी खाना पूर्ति की गई बताया गया कि फिर किसी व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई और अब की बार किसी व्यापारी द्वारा ही मंडल आयुक्त को शिकायत भेज कर नगर को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गई जिले से आए आदेश के बाद पुलिस और नगर पंचायत की टीम सक्रिय हो गई वह जेसीबी लेकर मुख्य रोड पर निकले और अतिक्रमण हटाते हुए सामान को जप्त कर लिया। लेकिन जब टीम मुख्य बाजार पहुंची तो वहां उन्हें व्यापारियों के विरोध का सामना भी करना पड़ा शिकायतकर्ता और आपत्ति करता व्यापारी होने के कारण स्थिति असमंजस की हो गई व्यापारियों ने पुलिस के सामने कुछ राज भी खोले जबकि लोगों का कहना था कि व्यापारियों ने अपनी दुकान के सामने फड लगवाकर उनसे किराया वसूलने का धंधा बना रखा है। एक व्यक्ति ने तो अपने संस्थान के चारों तरफ फड़ लगवाकर उनसे प्रतिदिन वसूली करने का भी काम किया जा रहा है। लेकिन विरोध के बावजूद भी पुलिस ने सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण कर रहे लोगों को चेतावनी देकर सामान हटवा दिया और कहा कि किसी भी कीमत पर अब सड़कों पर अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा।





## अगले महीने से उपभोक्ताओं को करना पड़ेगा बढ़े बिजली दर का सामना

**कांठ।** अगले महीने से बिजली उपभोक्ताओं को बढ़े बिजली दर का सामना करना पड़ेगास जून के बिजली बिल में उपभोक्ताओं से 4.27% की अतिरिक्त वसूली होगी यानी, अगर किसी उपभोक्ता का बिजली बिल 2000 रुपये होगा तो उसे बिल में 85.40 रुपये ज्यादा देने होंगे। उपभोक्ताओं से यह बिल ऊर्जा और ईंधन अधिभार के तौर पर लिया जाएगा।

पिछले तीन महीने में यह दूसरी बार होगा जब उपभोक्ताओं को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ेगा। पिछले माह बिजली बिलों में 2% कमी की गई थी। इस साल जनवरी में नियामक आयोग द्वारा जारी बहुवर्षीय वितरण टैरिफ के तीसरे संशोधन में ईंधन-ऊर्जा खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) को मंजूरी दी गई थी।व्यवस्था दी गई थी कि किसी माह की अधिभार की वसूली उसके तीसरे महीने होगी। यानी जून में उपभोक्ता मार्च में आकलित ईंधन और ऊर्जा खरीद अधिभार की अदायगी करेंगे।

## लोजपा ने किया पदाधिकारियों का गठन

**चन्दौसी।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास जनपद संभल के जिला कार्यालय स्थित खुर्जा गेट चन्दौसी पर प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा के निर्देशन पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का गठन किया जिसमें जिलाध्यक्ष प्रेम शंकर मौर्य ने गेंदनलाल को. हली को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संभल, मुकुटसिंह राणा को जिला मंत्री संभल व नंदकिशोर कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष बहजोई मनोनीत किए गए। जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर मौर्य ने कहा कि सभी पदाधिकारी जल्द से जल्द संगठन को जनपद संभल में मजबूत करेंगे और चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करेंगे।



**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अभिराज उर्फ सोनू व पुत्रवधू श्रीमती नेहा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**वीरेन्द्र पुत्र स्वर्गीय रामचरनलाल निवासी मोहल्ला प्रेम नगर लाइनपार, थाना मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र **जैद अहमद** को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में **जैद अहमद** के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**सईद अहमद पुत्र हाजी मुस्ताक निवासी निकट पुलिस चौकी मकबरा थाना मुगलपुरा, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र भूरे को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में भूरे के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे तीनों पुत्र गौरव, टीटू व टीनू से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**श्रीमती शोभा देवी पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम लोदीपुर जवाहर नगर थाना मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र सनी शर्मा व पुत्रवधू प्रियंका शर्मा निवासी मंडी समिति एकता कॉलोनी लाइनपार मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**श्रीमती रानी शर्मा पत्नी स्वर्गीय संतोष शर्मा निवासी नया मझरा लाकड़ी तह.व जिला मुरादाबाद।**

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का बुल्डोजर गरजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माण व अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रवर्तन अभियान लगातार प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

उपाध्यक्ष श्री अनुभव सिंह, आई.ए.एस. के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 28.05.2025 को एक विशेष ध्वस्तीकरण कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत थाना गजरौला, भानपुर खालसा में हाइवे रिसोर्ट के समीप दक्षिण दिशा में जयपाल सिंह पुत्र अमित चंद द्वारा 6 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गई।

कार्यवाही : प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पूर्ण अवैध प्लॉटिंग को नियमानुसार ध्वस्त किया गया एवं भूमि को प्राधिकरण के अधिपत्य में लिया गया। ध्वस्तीकरण की यह कार्यवाही प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते एवं पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण, विधिसम्मत एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण पुनः समस्त नागरिकों, भू-स्वामियों एवं संपत्ति क्रय-विक्रय करने वालों से आग्रह करता है कि वे किसी भी भूखंड, प्लॉट अथवा निर्माण कार्य का क्रय-विक्रय अथवा निर्माण प्रारंभ करने से पूर्व प्राधिकरण की वैध स्वीकृति अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।

अन्यथा, प्राधिकरण द्वारा ऐसे अवैध निर्माण एवं प्लॉटिंग के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही कर ध्वस्तीकरण अथवा सीलिंग की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से अमल में लाई जाएगी तथा संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। प्राधिकरण का उद्देश्य नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में नियोजित, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित नगरीय विकास सुनिश्चित करना है, जिसके लिए नागरिकों का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। प्राधिकरण द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध प्लॉटिंग एवं निर्माण के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान प्रभावी रूप से संचालित किए जाते रहेंगे।

## शांति भंग के आरोप में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** मकान का गेट लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। उपनिरीक्षक सतेंद्र सिंह बालियान ने बताया कि बुधवार को सुरजननगर चौकी क्षेत्र के गांव लालापुर पीपलसाना निवासी निवासी प्रमोद कुमार पुत्र भोपाल सिंह ने अपने मकान में गेट लगा रहा था। मकान के गेट लगाने का पड़ोसी सोनू पुत्र सौराज सिंह ने विरोध कर रहा था। इस बात लेकर दो पक्ष के लोग गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गए। देखते ही देखते दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे। पुलिस ने सोनू और प्रमोद का शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को दोपहर बाद पुलिस ने दोनों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया है।

# 14 मई से थाना कोतवाली के चक्कर लगा रही विवाहिता

**पति ने की दूसरी शादी, नहीं सुन रहे जिला स्तर के अधिकारी**

**मुरादाबाद।** 14 मई से विवाहिता तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों को अपनी फरियाद सुना रही है परंतु अभी तक किसी अधिकारी से कार्यवाही का ठोस आश्वासन नहीं मिला। विवाहिता अपनी तीन वर्षीय बच्ची को साथ लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। शाम में अपनी वृद्ध मां के साथ रेलवे स्टेशन पर सो जाती है। विवाहिता ममता ने डीआईजी कार्यालय पर मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि वह उत्तराखंड के हरिद्वार की रहने वाली है और वर्ष 2020 में चन्दौसी मंडी समिति के पीछे रहने वाले संजय पुत्र अमरपाल के साथ विवाह था जिसमें उसके माता-पिता द्वारा लगभग 25 लाख रु. खर्च किये गये लेकिन दो वर्ष बाद विवाहिता ममता को घर से निकाल दिया। विवाहिता कई बार अपनी मां को लेकर चन्दौसी आई परंतु ससुराल वालों ने



उसे घर में नहीं घुसने दिया। इसी बीच पति संजय ने 22 अप्रैल 2025 को दूसरी शादी कर ली। 14 मई को विवाहिता पुनः अपने ससुराल पहुंची परंतु इस बार तो ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर दी। विवाहिता कोतवाली पहुंची परंतु ससुराल वालों ने सिफारिश कराकर कार्यवाहीं नहीं होने दी। आखिर जब महिला को न्याय नहीं मिला तो वह सीओ अनुज चौधरी के पास पहुंची। हालांकि सीओ द्वारा महिला को घर से प्रवेश दिलाने का आश्वास दिया गया और पुलिस घर पर भी पहुंची घर में प्रवेश नहीं मिल पाया। आखिर निराश होकर विवाहिता एएसपी अनुकृति शर्मा व एसपी के पास पहुंची परंतु यहां भी उसे निराशा ही मिली। आखिर बुधवार को विवाहिता डीआईजी कार्यालय पहुंची और अपनी शिकायत की। फिलहाल विवाहिता ससुराल पक्ष वालों पर कार्यवाही के लिए भटक रही है।

# स्वातंत्य वीर सावरकर की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर (स्वातंत्य वीर सावरकर) की जयंती विनायक कॉलोनी में मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने वीर सावरकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कवि माधव मिश्र ने कहा कि क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसुधारक, चिंतक, लेखक, कवि, प्रखर वक्ता, राजनेता, दार्शनिक, हिन्दू महासभा के संस्थापक थे। क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 28मई सन् 1883 ई को महाराष्ट्र के नासिक जिले के भागुर गांव में हुआ था। आपके पिता दामोदर पंत सावरकर एवं माता राधाबाई थीं। जब वह नौ वर्ष के थे, मां का स्वर्गवास हो गया और 1899 में प्लेग से पिता का निधन हो गया। बड़े भाई गणेश ने पालन पोषण किया। 1901 में शिवाजी हाईस्कूल नासिक से मैट्रिक किया और इस दौरान मित्र मेलों का आयोजन करके नवयुवकों में क्रांति की ज्वाला जगा दी। वीर सावरकर का विवाह 1901 में यमुनाबाई के साथ हुआ। बाद में फर्ग्यूसन कॉलेज से बीए किया। 1904 में अभिनव भारत नामक एक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की। 1905 में बंगाल विभाजन के बाद विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1904 में वीर सावरकर के लंदन प्रवास के दौरान श्याम कृष्ण वर्मा छात्रवृत्ति दिलवाई। वीर सावरकर ने प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की 10 मई 1907 को इंडिया हाउस लंदन में स्वर्ण जयंती मनाई। इस अवसर पर वीर सावरकर ने



1857 के संग्राम को ब्रिटिश सरकार के अनुसार सिपाहियों द्वारा विद्रोह को गलत साबित करते हुए इसे स्वातंत्य का प्रथम संग्राम सिद्ध किया। 1908 में द इण्डियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस 1857 पुस्तक लिखी जिसे हॉलैंड से प्रकाशित कराया और प्रतियों को फ्रांस पहुंचाया। उन्होंने इस पुस्तक में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को ब्रिटिश सरकार के खिलाफ स्वतंत्रता की पहली लड़ाई बताया। 1909 में लंदन से वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण की। 1909 में मदन लाल ढींगड़ा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दिए जाने के बाद उन्होंने लंदन टाईम्स में एक लेख लिखा था। 13 मई 1910 को पैरिस से लंदन पहुंचने पर गिरफ्तार कर लिया गया परन्तु 08 जुलाई 1910 को वह जहाज से भारत लाते समय सीवर होल के रास्ते से भाग निकले। 24 दिसंबर 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसके बाद दोबारा 31 जनवरी 1911 को आजीवन कारावास दिया गया। यह दो दो बार आजीवन कारावास विश्व के इतिहास में पहली बार हुआ था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अंग्रेजी हुकूमत उनसे डरती थी। 07 अप्रैल 1911 को कालापानी की सजा पर सेलुलर जेल भेजा गया। यहां स्वतंत्रता सेनानियों को कोल्हू चलाकर तेल निकालना पड़ता था। दलदली भूमि को समतल करना पड़ता था। रुकने पर कोड़ों से पिटाई होती थी। भरपेट भोजन नहीं दिया जाता था। बड़े भाई द्वारा महात्मा गांधी से पत्र द्वारा पूंछा गया कि क्या करना चाहिए? महात्मा गांधी ने पत्र लिखकर सलाह दी कि याचिका देनी चाहिए तब वीर सावरकर को बड़े भाई ने यह बात बताई। उन्होंने माफीनामा की याचिका दी और उन्हें 21 मई 1921 को जेल से छोड़ दिया गया। 1937 में वह अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष चुने गए। वीर सावरकर की सोच 70-80 वर्ष आगे की और अखंड भारत बनाने की थी। 1949 में पुणे विश्वविद्यालय ने डी लिट की मानद उपाधि से अलंकृत किया। 01 फरवरी 1966 को उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया तब वीर सावरकर ने अन्न जल का त्याग कर दिया और 26 फरवरी 1966 को क्रांतिकारी वीर सावरकर का स्वर्गवास हो गया। 1958 में एक हिन्दी फिल्म कालापानी बनी थी। 1996 में मलयालम फिल्म कालापानी बनी।

वीर सावरकर के नाम पर डाक टिकट जारी किया गया। पोर्ट ब्लेयर के विमान क्षेत्र का नाम वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया। उनके नाम पर देश में कई संस्थान की स्थापना हुई जिनमें वीर सावरकर फाउंडेशन कलकत्ता, वीर सावरकर स्मृति केंद्र बड़ोदरा, सावरकर दर्शन प्रतिष्ठान मुंबई आदि। शत-शत नमन। इस दौरान सच्चिदानंद शर्मा, रश्मि शर्मा, सत्यप्रिया मिश्रा, डा0 शिवांगी मिश्रा, रामसिंह, हर्ष तिवारी, किशन सिंह, उत्कर्ष तिवारी, सुरेशचंद्र शर्मा, रोहिताश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मामूली बरसात से मौसम हुआ सुहाना, गर्मी से मिली राहत

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र में लगभग 12:30 बजे के करीब मामूली आधा घंटे तक हुई मामूली बूंदाबांदी से सुबह से हो रही भीषण गर्मी से लोगों को नजात मिली और मौसम खुशगवार हो गया। आपको बता दें कि, उत्तर प्रदेश के साथ मुरादाबाद व मूंढापांडे में पढ़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान थे। जिससे अचानक ही आसमान पर बादल छा गए और आधा घंटा के करीब हल्की बूंदाबांदी हुई और ठंडी हवाएं चलने लगीं जिससे घरों में से छोटे-छोटे बच्चे मौसम का आनंद लेने के लिए बाहर निकल पड़े और बरसात में खूब खेले।



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, मेडिकल आउटलेट, पूजा सामग्री कीओस्क, रेल कोच रेस्टोरेंट, बैटरी ऑपरेटेड व्हीकल एवं प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी केंद्र के ठेकों तथा नैमिषारण्य रेलवे स्टेशन पर रिटायरिंग रूम के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ **website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक 12.06.2025 & 13.06.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1578/25

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांक: 301/-आंकिक/क्षे0पं0/नि0का0/निविदा/2025-26

दिनांक: 26.05.2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत छजलैट (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 25.02. 2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं पंचम वित्त मद में निम्न कार्य वर्ष 2025-26 में इस विकास खण्ड द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्ति कर्ता/ठेकेदार दिनांक 09-06-25 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाये अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों एवं अर्नेस्टमनी तथा नियमानुसार जमानत राशि 2 प्रतिशत के साथ / एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदायें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदायें स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें विकास खण्ड मुख्यालय पर दिनांक 09-06-2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | जमानत की धनराशि | निविदा मूल्य | अर्नेस्ट मनी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम टांडा में शरीफ की दुकान से आसिफ के घर तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 8.91 | 17820.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 2 | ग्राम मुढाखेडी में मैन रोड से राजीव के घर तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3.60 | 7200.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 3 | ग्राम दयानाथपुर में बलवीर के घर से मैन रोड तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2.53 | 5060.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 4 | ग्राम नजराना में नहर से ग्राम तक खण्डजा निर्माण कार्य। | 9.96 | 19920.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 5 | ग्राम पैगम्बरपुर में पहलवान के खेत से समरपाल सिंह के खेत तक खण्डजा निर्माण कार्य। | 4.83 | 9660.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 6 | ग्राम सिकन्दराबाद में मैन रोड से अय्यूब के घर तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3.85 | 7700.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 7 | ग्राम संजरपुर में विभिन्न गलियों में सी०सी०टाइल्स रोड निर्माण कार्य। | 7.85 | 15700.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 8 | ग्राम सलावा में रूपेश विश्नोई से आरिफ के घर तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 6.35 | 12700.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 9 | ग्राम पाइन्दापुर में शेर सिंह के घर से सोमवीर के घर तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 7.01 | 14020.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 10 | ग्राम महेन्द्री में राजीव विश्नोई के खेत पर खण्डजा निर्माण कार्य | 6.65 | 13300.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 11 | ग्राम सराय खजूर में जुल्फेकार के प्लाट से आकिल के घर व जाकिर के घर से भूरा के घर तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 4.97 | 9940.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग ( टाईड) |
| 12 | ग्राम भीकनपुर में आर०सी० सी० रोड से डायमण्ड स्कूल तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 8.48 | 16960.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 13 | ग्राम चंगेरी में विभिन्न गलियों में सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 5.63 | 11260.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग ( टाईड) |
| 14 | ग्राम मल्लीवाला में अन्नू के घर के पास और गंगासहाय के घर से मोहिम के घर तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 6.63 | 13660.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 15 | ग्राम राजूपुरखद्दर में मैन रोड से जीत सिंह के घर तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 7.15 | 14300.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 16 | ग्राम मधपूरी में चामुण्डा से दिनेश के घर तक सी०सी०टाइल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 6.19 | 123380.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 17 | ग्राम जमुनिया में मेन रोड से राजवीर के टयूबैल तक नाला निर्माण कार्य। | 2.50 | 5000.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पन्द्रहवां वित्त आयोग ( टाईड) |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**छजलैट ( मुरादाबाद )**

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**मुरादाबाद।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता एवं सतर्कता दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन साईं मन्दिर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट मैं हुआ जिसका मुख्य उद्देश्य गरीब वंचित शोषित मलिन बस्ती बहन बेटियों माता को सैनिटरी पद के लिए जागरूक सतर्कता करना था।जिससे स्त्रियांघ कई गंभीर बीमारियों से बच सकती है एवं सेनेटरी पैड के इस्तमाल करने से गर्भधारण न होने की कई परेशानियों से बचा जा सकता है। जो कि आजकल महिलाओं में आम बात हो चली है। इस संदेश को हमें पूरे विश्व में फैलने की आवश्यकता है, सभी सदस्यों ने आज के दिन यह प्रण लिया।कि पूरे वर्ष इन बस्तियों में जाकर शिविर लगाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे एवं संस्था की ओर से निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण भी करेंगे। गोष्टी के दौरान संजना भटनागर, प्रियंका सिंह, ईशा सिंह, पिंकी अग्रवाल, अवनीत, सोनिया परमार, पूजा , शैली कपूर, रूपिका श्रीवास्तव , प्रियांशी सिंह आदि मौजूद रहे।



# समर कैंप का चौथा दिन पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया

**कुंदरकी।** अल-बरू हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को समर कैंप का चौथा दिन पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। क्लास 1 से 5 तक के बच्चों ने आज कई मजेदार गतिविधियों में भाग लिया और खूब आनंद उठाया। बच्चों ने डांसिंग, रेसिंग, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्रॉइंग, बैलेंसिंग गेम, गुब्बारा रेस, गुड मैनर्स एक्टिविटी जैसी रोचक गतिविधियों में भाग लिया। साथ ही खो-खो, लूडो, कैरम जैसे इनडोर और आउटडोर गेम्स ने बच्चों की खुशी और उत्साह को दोगुना कर दिया। इस समर कैंप को सफल बनाने में स्कूल के मैनेजर तस्लीम अहमद सर, प्रिंसिपल मोहम्मद अकरम सर और शिक्षिकाओं आनम मैम, रिहाना मैम, कृति मैम, अनुष्का मैम, अर्शिफा मैम और मरियम मैम का विशेष योगदान रहा।



## 30 मई को शुरू होगा उत्तर प्रदेश निर्यात वृद्धि अभियान

**मुरादाबाद।** इंडिया एसएमई फोरम एवं उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के सहयोग से श्उत्तर प्रदेश निर्यात वृद्धि अभियानश का शुभारंभ किया जा रहा है। यह पहल श्रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंसश योजना के तहत चलाई जा रही है। इस अग्रणी पहल का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के 500 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के पहले समूह को सशक्त बनाना और विशेष रूप से होम डेकोर, हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें पहली बार निर्यातक बनाना है। कार्यक्रम का शुक्रवार 30 मई 2025 को में आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक कुमार ( प्रमुख सचिव, डैडम् और निर्यात प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश सरकार होंगे। यह आयोजन को नेटवर्किंग के बहुमूल्य अवसर, निर्यात उद्योग के मेंटर्स और सरकारी अधिकारियों से बातचीत और समर्पित सहयोग प्राप्त करने का मंच प्रदान करेगा।

## खेल विशेष

### धीमे ओवर गति के लिए पंत पर लगा 30 लाख का जुमार्ना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ऋषभ पंत का आईपीएल के इस सत्र में यह तीसरा अपराध है। आईपीएल के नये नियमों के तहत पंत पर प्रतिबंध लगाने की बजाए उन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान मैच में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों में से प्रत्येक पर या तो 12 लाख रुपये या उनके मैच शुल्क का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में धीमे ओवर रेट के लिए पंत पर यह जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में पंत ने 61 गेंदों में (नाबाद 118) रन की पारी खेलते हुए तीन विकेट पर 227 रन तक पहुंचाया। आरस. िबी ने जितेश (नाबाद 85) और कोहली (54) की शानदार पारियों की बदौलत यह लक्ष्य आठ गेंद शेष रहते हासिल कर लिया था।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में अर्जेंटीना को रौंदा

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में नियमित समय में स्कोर 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटाआउट में मेजबान अर्जेंटीना को 2-0 से हराया। यहां खेले गए मुकाबले में भारत के लिए कनिका ने (44वें) मिनट में एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुंगी ने शूटआउट में गोल दाग कर टीम की जीत सुनिश्चित की। अर्जेंटीना की डेल वैले ने (10वें) मिनट पहले क्वार्टर में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के 44वें मिनट से गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर लाकर टीम को मुक. ाबले में वापस ला दिया। निर्धारित समय में स्कोर बराबरी पर रहने पर मैच में परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।

# पंजाब-आरसीबी की नजर फाइनल पर

**चंडीगढ़, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 क्वालीफायर वन मुकाबले से पहले आरसीबी जॉश हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी से उत्साहित है और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए मैदान में उतरेगी। वहीं पंजाब किंग्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी लय और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर फाइनल में पहुंचना चाहेगी। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले यह मुक. ाबला जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। प्लेऑफ में हमेशा मुकाबला आक्रामक होता रहा है। हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और फिनिशिंग पावर पंजाब किंग्स की मजबूत टीम को हराने सहायक होगी। आईपीएल के इस सत्र में





● **हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और पंजाब को हराने में सहायक होगी**

आरसीबी के लिए 10 मैचों में 18 विकेट लेने वाले हेजलवुड का तेज गेंदबाजी आक्रमण, अनुभव, अनुशासन और नियंत्रण उनकी क्षमता को बेहतरीन बनाता हैं। बीच के ओवरों में उनकी रन रोकने और महत्वपूर्ण विकेट लेने की क्षमता पंजाब की गहरी बल्लेबाजी लाइन. अप को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हेजलवुड के साथ, अनुभवी भारतीय खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या की ऑलराउंड क्षमता आक्रमण में और गहराई और विविधता जोड़ती है। टिम डेविड डेथ ओवरों में बड़े शॉट लगाकर मैच फिनिशिंग के लिए जाने जाते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बल्लेबाजी में विराट कोहली अहम भूमिाक निभा रहे हैं। उन्होंने अब तक पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 60-20 की औसत से 600 से अधिक रन बनाए हैं और लगातार अच्छी बल्लेबाजी ने आरसीबी को मजबूत स्थिति में रखा है। फिल साल्ट शीर्ष पर तेज शुरुआत प्रदान करता है, जबकि रजत पाटीदार ने हाल ही में फिटनेस संबंधी परेशानियों के बावजूद 140 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। मयंक अग्रवाल और रोमारियो शेफर्ड का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। पंजाब किंग्स को कम तर नहीं आंका जा सकता है। टीम ने 14 मैचों में से नौ जीत के साथ लीग स्टैंड्गि में शीर्ष पर रही। उनकी बल्लेबाजी संतुलित और लचीली है। उसके पास प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की धाकड़ सलामी जोड़ी है। यह जोड़ी टीम की मजबूत नींव रखने में मददगार रही है। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्य क्रम में 172 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाए हैं। मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस और शशांक सिंह के अंतिम ओवरों में योगदान ने अक्सर पंजाब के पक्ष में मैच पलटा है। गेंदबाजी की बात की जाए तो अर्शदीप सिंह पंजाब किंग्स की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 18 विकेट लिए है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण तेज गेंदबाज मार्को जेनसन की अनुपस्थिति एक चुनौती है। काइल जैमीसन से अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने की उम्मीद है, हालांकि उनकी इकॉनमी रेट टीम के लिए लचता का विषय रही है। युजवेंद्र चहल की स्पिन टीम को बीच के ओवरों में रन रोकने और विकेट लेने की क्षमता दिखाती। मुल्लांपुर की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 170 के आसपास रह सकता। कुल मिलाकर देखा जाए तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरु और पंजाब किंग्स की टीमें संतुलित दिख रही हैं ऐसे में हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी आरसीबी के बोनस साबित हो सकता है।

## आईपीएल का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल मुकाबले को सशस्त्र बलों को समर्पित करना वास्तव में 'अविश्वनीय' सराहनीय कदम है और यह हमारी राष्ट्रीय एकता को दर्शाता है। गंभीर ने संवाददाता सम्मेलन से कहा कि मैं अक्सर कई मामलों में बीसीसीआई की आला. ेचना करता रहा हूं, लेकिन यह पहल वास्तव में सराहनीय है। सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। यह दर्शाता है कि पूरा देश एकजुट है और हमारे सशस्त्र बलों को सलाम कर रहा है। बिना किसी स्वार्थ के हमारी रक्षा करने के लिए मैं सशस्त्र बलों को



■ **सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है**

श्रेय देता हूं। मुख्य कोच गंभीर ने कहा कि हमारे सैनिक बदले में कुछ भी अपेक्षा किए बिना हमारी सेवा करते हैं, सुरक्षा करते हैं और बलिदान देते हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल क्रिकेट संस्था के लिए बल्कि इससे भी अधिक वर्दीधारी बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए व्यापक सराहना

# यूनुस खान बनें पाकिस्तान के मुख्य टेस्ट कोच: वसीम अकरम



● **पाकिस्तान के गेंदबाज ने कहा: यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने वजूद की तलाश में है। हाल फिलहाल में इस टीम का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो हर्श हुआ है, वह किसी से छिपा नहीं है। एक के बाद एक टूर्नामेंट में पहले दौर से ही बाहर होने के बाद टीम और मैनेजमेंट स्तर पर कई बदलाव हुए। हालांकि, इसका फायदा नहीं मिला। कोच से लेकर खिलाड़ियों को हटाया गया, लेकिन फिर भी टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं है। हाल फिलहाल में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को सीमित ओवर क्रिकेट का मुख्य कोच नियुक्त किया था, जो गैरी कर्स्टन के जाने के बाद से खाली था। अब पीसीबी के सामने नए टेस्ट कोच को लाने की जिम्मेदारी है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान के महान गेंदबाज वसीम अकरम ने एक नाम का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यूनुस खान टेस्ट में पाकिस्तान के मुख्य कोच पद के लिए उपयुक्त हैं। अकरम ने कहा कि यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने कराची में एक कार्यक्रम में कहा, श्मेरा मानना है कि यूनुस एक बहुत अच्छा विकल्प है। वह मेरी पसंद होगा लेकिन सब कुछ उसकी उपलब्धता और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच पर निर्भर करता है। यूनुस इससे पहले 2021 में दो साल के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने हालांकि बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के कारण छह महीने में ही इस्तीफा दे दिया था। तब तेज गेंदबाज हसन अली के साथ भी उनका विवाद हुआ। वह इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान की टीम से मेंटर के तौर पर जुड़े थे। टेस्ट कोच के पद के लिए मिस्बाह उल हक, अजहर महमूद और सकलैन मुश्ताक के नाम चर्चा में हैं, लेकिन वसीम ने अच्छी युवा टीम बनाने के लिए यूनुस का समर्थन किया। अकरम ने कहा, श्मुझे लगता है कि यूनुस खिलाड़ियों की मानसिकता बदल सकते हैं और टेस्ट टीम में नयापन ला सकते हैं।

● **बीसीसीआई का चौंकाने वाला फैसला** ●

# पद से हटाए गए टी दिलीप, अब इंग्लैंड भी जाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के लिए यह महीना कुछ चौंकाने वाला रहा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास ने दुनिया भर के फैंस को चौंका कर रख दिया। इसके बाद आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। हालांकि, यह सब घटनाएं पिछली दो टेस्ट सीरीज से जुड़ी हुई हैं। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हार ने इस बदलाव को अंजाम दिया।

सिर्फ खिलाड़ी के स्तर पर बदलाव नहीं हुए, बल्कि टीम मैनेजमेंट में भी काफी उथल पुथल देखने को मिली थी। सहायक कोच अभिषेक नायर और फील्डिंग कोच टी दिलीप को पिछले महीने उनके पद से बर्खास्त किया गया। हालांकि, अब बीसीसीआई ने एक बार फिर सभी को चौंकाते हुए और अजीबोगरीब फैसला लेते हुए टी दिलीप को वापस बुलाया और उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। दरअसल, बीसीसीआई ने उपयुक्त विकल्प नहीं मिलने के बाद टी दिलीप को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में फिर से नियुक्त करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद कोचिंग स्टाफ में फेरबदल



● **बोर्ड ने उन्हें फिर फील्डिंग कोच नियुक्त किया, घरेलू टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर हार बना कारण**

किया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024-25 बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खराब प्रदर्शन के लिए नायर और दिलीप को दोषी मानते हुए उन पर गाज गिरी थी और बोर्ड ने पिछले महीने दोनों को हटाने का फैसला किया था। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, श्दिलीप एक अच्छे कोच हैं जिन्होंने तीन साल (2021 से) से अधिक समय तक टीम के लिए अच्छा काम किया। वह इनमें से अधिकांश क्रिकेटरों को बहुत करीब से जानते हैं इसलिए उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी सीरीज के लिए टीम में शामिल करना अच्छा ही होगा। बीसीसीआई नए फील्डिंग कोच के रूप में किसी विदेशी को लाने के लिए बहुत उत्सुक था, लेकिन बोर्ड निश्चत समय में ऐसा नहीं कर सका। दिलीप को हटाने के बाद सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे को फील्डिंग कोच की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। सूत्र ने कहा कि इसलिए इस समय कोई नया नाम लाने का कोई मतलब नहीं है और दिलीप खिलाड़ियों के बीच भी बहुत लोकप्रिय हैं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान दिलीप ने पहले कुछ लोकप्रिय सुझाव पेश किए थे, जिससे टीम में फील्डिंग का स्तर सुधरा भी था। इनमें मैच के दिन सर्वश्रेष्ठ फील्डर को पदक देना या उन पदकों को वितरित करने के लिए कुछ दिग्गज हस्तियों को लाना शामिल हैं।

नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और रिजर्व बल्लेबाज बी साई सुदर्शन छह जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के दूसरे चार दिवसीय मैच से चूक सकते हैं। ये दोनों गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। अगर गुजरात की टीम तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाती है तो गिल और सुदर्शन दोनों के लिए मैच से पहले भारत ए में शामिल होना मुश्किल होगा। इसके अलावा उन्हें इंग्लैंड में अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से जल्दी से जल्दी लाल गेंद के प्रारूप में ढलना होगा। भारत ए के कोच भारत के पूर्व खिलाड़ी ऋषिकेश कानितकर होंगे और उन्हें रेयान टेन डेशकाटे (बल्लेबाजी कोच) और ट्राय कूली (गेंदबाजी कोच) का साथ मिलेगा।

## जितेश ने खेली आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ पारी: टॉम मूडी

**लखनऊ, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्द्धशतकीय पारी के साथ टीम को न सिर्फ जीत दिलाई, बल्कि क्वालिफायर-1 में भी पहुंचा दिया। उनकी इस पारी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टाम मूडी को प्रभावित किया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए लीग चरण के आखिरी मुकाबले में आरसीबी के कार्यवाहक कप्तान जितेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 85 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, श्मेरे लिए यह पारी आईपीएल के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है। हमने युवा और अनुभवी खिलाड़ियों की कुछ बेहतरीन पारियां देखी हैं, लेकिन यह पारी वाकई उल्लेखनीय है। प्लेयर ऑफ द मैच जितेश ने 33 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। उन्हें मयंक का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 23 गेंद पर नाबाद 41 रन की पारी में पांच चौके जड़े। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने आगे कहा कि परिस्थितियां पूरी तरह से प्रतिकूल थी लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने पूरी चतुराई से बल्लेबाजी की। वह जिस तरह से खेल रहे थे उसे देखकर लग रहा था कि वह इससे पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। आरसीबी की पारी के 12वें ओवर में विराट को. हली (54) के आउट होने के बाद जितेश क्रीज पर आए थे। तब आरसीबी का स्कोर चार विकेट पर 123 रन था।

# अमेरिका ने ओमान को नौ रनों से हराया

**विश्व कप लीग-2**

**अमेरिका, वार्ता।** साई तेजा एम (73), स्मित पटेल (41) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) की शानदार पारियों के बाद जसदीप सिंह और हरदीप सिंह (तीन-तीन विकेट) की बदौलत अमेरिका ने मंगलवार रात विश्व कप लीग दो के एकदिवसीय मुकाबले में ओमान को नौ रनों से शिकस्त दी। फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ मैदान पर खेले गए मुकाबले में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमे. रिका के लिए स्मित पटेल और शयन जहांगीर की सलामी जोड़ी ने 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में सुफयान महमूद ने शयन जहांगीर (37) को आउट कर ओमान को पहली सफलता दिलाई। 16वें ओवर में आमिर ने स्मित पटेल (41) को आउटकर अमेरिका को




दूसरा झटका दिया। अमेरिका ने निर्धारित 50 ओवरों में कप्तान मोनांक पटेल(26), साई तेजा एम (73), हरमीत सिंह (33) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) आदि के योगदान से आठ विकेट पर 293 रनों का स्कोर खड़ा किया। ओमान की ओर से सुफयान महमूद ने तीन विकेट लिए। शकील अहमद आमिर कलीम को दो-दो विकेट मिले। समय श्रीवास्तव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। अमे. रिका के 293 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आमिर कलीम (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मुजीबुउर अली ने कप्तान जतिंदर सिंह के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में जतिंदर सिंह (40) के रनआउट होने पर इस साझेदारी का अंत हुआ। तीसरे विकेट के रूप में मुजीबुउर (19) रन बनाकर आउट हुये। हम्माद मिर्जा ने (50)रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। विनायक शुक्ला ने (46) और सुफयान महमूद (72) रनों की पारी खेली। आखिरी ओवरों में अमेरिकी गेंदबा. जों ने कसी हुई गेंदबाजी की। ओमान के बल्लेबाज निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 284 रन ही बना सके और उनकी टीम नौ रन से मुकाबला हार गई।

## भारत 44 साल बाद एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत 44 सालों के बाद अगले साल अहमदाबाद में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत ने पिछली बार 1982 में नई दिल्ली में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। वर्ष 2026 एक से 10 अप्रैल तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में एशियाई मंच पर भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक ऐतिहासिक वापसी होगी। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 2024 में हुई एडब्ल्यूएफ कांग्रेस में इस चैंपियनशिप को गुजरात के गांधीनगर को आबंटित किया गया था। जिसका आयोजन स्थल अब बदलकर अहमदाबाद कर दिया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा शुरू की गई नई भार श्रेणियों के तहत आयोजित होने वाली पहली एशियाई चैंपियनशिप भी होगी। इससे वैश्विक स्तर पर खेल के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी। यह चैपियनशिप भारतीय भारोत्तोलकों की नई पीढ़ी को मंच प्रदान करेगी।

## पुरी समुद्र तट पर अवैध जल क्रीड़ा सुविधा ध्वस्त

**पुरी, वार्ता।** ओडिशा के पुरी जिला प्रशासन ने पुरी बीच के बलियापांडा इलाके में चल रही एक अवैध जल क्रीड़ा सुविधा को ध्वस्त कर दिया है। स्काई डाइव एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स नाम से चल रही यह सुविधा उचित प्राधिकरण या सुरक्षा उपायों के बिना पर्यटकों को स्पीडबोट की सवारी और स्काईडाइविंग का अनुभव प्रदान कर रही थी। यह कार्रवाई पिछले शनिवार को एक स्पीडबोट पलटने से हुयी दुर्घटना के बाद की गई क्योंकि इस दुर्घटना में सभी यात्री समुद्र में गिर गए थे। इन यात्रियों में क्रिकेटर सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता



# विराट ने रचा इतिहास

● **टी-20 में 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज वार्नर को पछाड़ा**

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी-20 में किसी एक टीम की तरफ से खेलते हुए 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। किंग कोहली ने इस मुकाबले में 24 रन बनाते ही टी-20 में 9004' रन बना लिए। कोहली ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में आरसीबी के साथ की थी, तब से वह इसी टीम का हिस्सा हैं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में उनका बल्ला जमकर गरजा और वह 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने 27 गेंदों में सत्र का आठवां अर्द्धशतक जड़ा। वह 30 गेंदों में 10 चौके की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए। को. हली इसके साथ ही आईपीएल में सर्वाधिक अर्द्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ पचासा जड़ते ही वह इस मामले में डेविड वार्नर से आगे निकल गए। इससे पहले कोहली और वार्नर संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। इन दोनों बल्लेबाजों के नाम आईपीएल में 62 अर्द्धशतक लगाने का रिकार्ड दर्ज था। हालांकि, अब कोहली के नाम 63 अर्द्धशतक हो गए हैं। रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने आईपीएल में 46 अर्द्धशतक लगाए हैं। एक सीजन में सबसे ज्यादा अर्द्धशतकीय पारी खेलने के मामले में यह कोहली का तीसरा सफल सीजन है। उन्होंने 2016 में 11 और 2023 में आठ पचासे लगाए थे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड हुई रवाना

■ **भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेंगी**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम का 24 सदस्यीय दल कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में 28 मई से शुरु हो रही एफआईएच प्रो लीग यूरोपीय चरण के लिए बुधवार को यहां से नीदरलैंड के लिए रवाना हो गई।

हॉकी इंडिया की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेगी। उसके बाद टीम लंदन जाएगी, जहाँ उसे ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पहले चार मैच खेलने हैं। भारतीय महिला टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम से भिड़ेगी, उसके बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना की महिला टीम से मैच खेलेगा। इसके बाद, टीम 19 जून को एंटवर्प जाएगी, जहाँ उसे बेल्जियम की राष्ट्रीय टीम के खिलाफ



फाइल फोटो

21 और 22 जून को अपने अगले दो मैच खेलने है। भारतीय टीम 28 और 29 जून को जर्मनी के बर्लिन में चीन के खिलाफ दो मैचों के साथ यूरोपीय चरण का समापन करेंगी। नीदरलैंड रवाना होने से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हमारे लिए एफआईएच प्रो लीग का एक बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है, क्योंकि हम चार बहुत मजबूत टीमों से मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने मैचों से पहले एम्सटर्डम में अपनी रणनीति को और बेहतर बनाएंगे।

## सीपीएल का दूसरा संस्करण 31 मई से होगा शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात के अहमदाबाद में क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीपीएल) का दूसरा संस्करण 31 मई से शुरु होगा। चिरिपाल ग्रुप के प्रमोटर और सीपीएल के सह-संस्थापक रोनक चिरिपाल ने बुधवार को यहां यूनीवार्ता को बताया कि सीपीएल 2025 गुजरात की क्रिकेट खेलने की भावना को जागृत कर सके और सच्ची प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने का एक प्रमुख मंच बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में लिया गया दूसरा दृढ़ कदम है। क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण एसजी हाईवे पर, निरमा यूनिवर्सिटी के सामने स्थित एसजीवीपी ग्राउंड्स में 31 मई से 14 जून, 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिरिपाल ग्रुप की प्रमुख पहल, सीपीएल का आयोजन करने का मिशन शीर्ष रणजी ट्रॉफी खिलाड़ियों और उभरती हुई स्थानीय प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करके गुजरात के घरेलू क्रिकेट के परिदृश्य को नए स्तर पर ले जाना है।

# धामपुर तहसील क्षेत्र में माफिया हावी

## जिला प्रशासन की रोक के बावजूद हो रहा मिट्टी का अवैध खनन





**समीउल्लाह**

**बिजनौर।** वैसे तो पूरे जनपद में मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा मिट्टी के अवैध खनन पर रोक लगाते हुए इसका पालन करने के वास्ते सख्त निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन धामपुर तहसील क्षेत्र में माफिया हावी है और वह खुलकर मिट्टी का अवैध खनन करते हुए तालाबों व अवैध कॉलोनियों में भराव कर रहे हैं।

प्राप्त समाचार के जनपद में रोक के बावजूद मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। जेसीबी की मदद से मिट्टी खोदकर डम्फरों से तालाबों व अवैध कॉलोनियों तक पहुंचायी जा रही है। ओवरलोड डम्फरों के द्वारा दिन में भी मिट्टी की ढुलाई की जा रही है। रात में यह काम काफी तेज हो जाता है। जिस वक्त अधिकारी व आम नागरिक सो रहे होते है, उस वक्त अवैध खनन सामग्री के ओवर लोड वाहन सड़कों पर दौड़ रहे होते हैं। इनके द्वारा कमीशन खाकर बनाई गई सड़कों एवं पुलों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। गंभीर बात यह है कि अधिकारियों के पास इस संबंध में शिकायतें पहुंचने के बावजूद न तो उन्हें गंभीरता से लेकर कार्यवाही की जाती है और न ही अवैध खनन को बंद कराया जा रहा है। गहरे-गहरे तालाबों को पाट कर उनमें कॉलोनियां काटी जा रही हैं। जो खेत गहराई में है, उनमें भी भराव कर कॉलोनियां काटी जा रही हैं। कृषि भूमियों व तालाबों का श्रेणी परिवर्तन कराए बिना उनमें अवैध रूप से कॉलोनियां काटी जा रही है। मिट्टी का सबसे ज्यादा अवैध खनन धामपुर, चांदपुर एवं नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में हो रहा है। धामपुर में तो दिन रात अवैध खनन का काम चल रहा है। कोई भी अधिकारी अवैध खनन को नहीं रोक पा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा अवैध खनन पर रोक लगा देने के बावजूद तहसील मुख्यालय पर बैठे वरिष्ठ अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है। जिससे ऐसा लगता है कि माफियाओं व अधिकारियों के बीच तालमेल हो गया है। आम जनता व जागरूक समाजसेवी जब इसकी शिकायत करते है, तब भी कार्यवाही नहीं हो पाती है।

भ्रष्ट अधिकारी शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही नहीं करते हैं। मिट्टी का अवैध खनन करने वाले करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। वह बेलगाम हो गए है।

### सड़कें हो रही क्षतिग्रस्त



**बिजनौर। अवैध खनन के ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही है। ओवरलोड वाहन बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों से गुजरते है। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें छोटी मशीन से बनाई जाती है। यह इतनी मजबूत नहीं होती है कि ओवरलोड वाहनों को बर्दाश्त कर सकें। ओवरलोड वाहनों के गुजरने से इनकी बजरी व पत्थर बाहर निकल रहे हैं। वैसे भी ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों में ज्यादा कमीशन खाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें कई-कई सालों में बनती है। ग्रामीण क्षतिग्रस्त सड़कों को बनवाने में लम्बा संघर्ष करते है। उनके द्वारा तमाम आंदोलन किए जाते है, तब जाकर जनप्रति. निधियों व अधिकारियों के कानों पर जूं रेंगती है। लेकिन अधिकारी अवैध खनन के ओवरलोड वाहनों पर रोक नहीं लगा पा रहे है। जिसकी कीमत ग्रामीणों को चुकानी पड़ रही है। बरसात के मौसम में यह सड़कें जानलेवा साबित हो जाती है। इन पर तमाम हादसें होते है।**

# समर कैंप में एआई ने बांधा समा

## मॉडर्न एरा में बच्चों में उत्सुकता व जोश का माहौल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ग्रीष्मकालीन समर कैंप बड़े ही व्यवस्थापक व सुचारू रूप से विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष विशेष रूप से आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए ए.आई. को शामिल किया गया है। ए.आई. के जरिए किस तरह आपके आने वाले भविष्य में बदलाव आएगा उसके उपयोग, महत्व व विशेषताओं को समझने की भरपूर जानकारी दी जा रही है।

ए.आई. एक टेक्नोलॉजी है जो भविष्य में बहुत ही उपयोग जनक है। इसके जरिए मशीन को इस तरह डेवलप करते हैं जो आपके आने वाले भविष्य में इंसानों की तरह काम करेंगे। इंसान निरंतर कार्य नहीं कर सकता वह थक जाता है परंतु मशीन कभी नहीं थकती, इससे इंसानों का कार्य बोझ कम होगा। साथ ही उनको काम नहीं करना पड़ेगा।

बिजनौर के एकमात्र स्कूल मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर ही वह विद्यालय है, जिसमें 80 नये टेक्नोलॉजी वाले कंप्यूटर के द्वारा ए.आई. की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस कैंप में बच्चों को मुख्य रूप से (फोर व्हीलर लगेज रोबोट) जो बोझे को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का काम करता है। (पिक एंड प्लेस रोबोट) वह वस्तुओं को एक जगह से दूसरी जगह छोटी दूरी के लिए रखने का काम करता है। (ऑप्टिकल अवॉइडनेस रोबोट) एंड (मार्श रोवर रोबोट) इत्यादि बच्चे बना रहे हैं। इस कैंप में अनुभवी शिक्षकों की देखरेख में बच्चे नए कौशल सीखेंगे एवं इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रखना, रचनात्मक और आत्मविश्वास बढ़ना, सामाजिक कौशल और टीम वर्क को बढ़ावा देना है।

विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास के दिशा निर्देशों व मार्गदर्शन से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। उनका कहना है कि जिस तरह पढ़ाई आवश्यक होती है ठीक उसी तरह खेल भी उतना ही जरूरी होता है। उनकी रुचि अनुसार यह कैंप आयोजित किया गया है। इच्छुक छात्राओं ने इस समर कैंप में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया है। इस प्रकार की एक्टिविटी के जरिए बच्चों में उत्सुकता व जोश का माहौल है। उन्होंने अपनी शुभकामनाओं के साथ इस समर कैंप में कुछ नया सीखने के लिए प्रेरणा देते हुए प्रोत्साहित किया और कहा कि आओ सीखो कुछ नया कर दिखाओ।

# महिला से छेड़छाड़ का प्रयास कर रहे कबाड़ी को पीटा

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक कबाड़ी ने महिला के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया। मौके पर ग्रामीणों ने कबाड़ी को पकड़ लिया तथा जमकर मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया। मामला अलग-अलग संप्रदाय का होने के कारण भाजपा नेता थाने पहुंचे। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग की है। पब्लिक द्वारा मारपीट में आरोपी के पैर में काफी चोट आई है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण करने के लिए भेज दिया है।

# चेयरमैन रवि के कार्यकाल में बिना भेदभाव के विकास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर पालिका के चेयरमैन एवं वरिष्ठ रालोद नेता चौधरी रवि कुमार सिंह के कार्यकाल में बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं। साथ ही सर्वसमाज में उनकी लोकप्रियता पूर्व की तरह बरकरार है।

गौरतलब है कि धामपुर नगर को बरसों बाद ऐसे चेयरमैन मिले है, जिन्हें सर्वसमाज पसंद करता है। युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक उनकी तारीफ करते हैं। युवा वर्ग में उनकी लोकप्रियता सबसे ज्यादा है। समाज का कोई भी ऐसा वर्ग नहीं है, जिसमें चेयरमैन चौधरी रवि कुमार की लोकप्रियता बरकरार न हो। नगर पालिका चुनाव में उन्होंने अपनी इसी लोकप्रियता के सहारे बड़े-बड़े धुरंधरों को धूल चटा दी थी। वैसे तो धामपुर को भाजपा का गढ़ कहा जाता है और माना जाता है कि जिसे भी भाजपा का टिकट मिलेगा, वह आसानी से चुनाव जीत जाएगा। लेकिन चेयरमैन रवि कुमार ने साबित कर दिया कि आम जनता का दिल जीतना वह जानते हैं। वह चेयरमैन बनने के बाद भी आम आदमी की तरह अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। बड़े घराने में पैदा होने के बावजूद घमंड उनके पास से भी नहीं गुजरा है। वह स्कूटी से नगर में घूम कर समस्याओं को खुद देखते हैं। इसी का परिणाम है कि स्वच्छता अभियान में धामपुर का नाम जनपद में सबसे ऊपर लिया जाता है। उनके कार्यकाल में सभी वार्डों में विकास कार्य हो रहे हैं। वैसे तो धामपुर नगर पालिका में संसाधनों की काफी कमी है। धामपुर नगर पालिका को शासन से शेरकोट, चांदपुर व नगीना जैसी नगर पालिकाओं से काफी धनराशि विकास कार्यों के लिए मिलती है। जबकि धामपुर नगर का विस्तार तेजी के साथ हो रहा है। वर्तमान में जो धनराशि मिल रही है, उससे बीस गुना धनराशि की जरूरत है। इसी लिए चेयरमैन रवि कुमार ने धामपुर नगर पालिका की सीमा विस्तार के संबंध में कदम आगे बढ़ाया था।

### सर्व समाज के बीच लोकप्रियता बरकरार

बहरहाल चेयरमैन रवि कुमार के कार्यकाल में नगर पालिका के अनाप-शनाप खर्चों पर अंकुश लगा है और वह सही जगह पर एक-एक रुपया खर्च कर रहे है। उनका प्रयास है कि कम खर्च में नगर में अधिक से अधिक विकास कार्य कराए जाए। ताकि जनता को उनका फायदा पहुंच सके।

# चंदक में रेलवे लाइन पर गिरा पेड़

## विद्युत आपूर्ति न मिलने से यात्री गाड़ी रुकी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदक।** आज शाम मौसम का मिजाज बिगड़ने के दौरान मौअज्जमपुर की तरफ रेलवे लाइन पर पेड़ गिर गया। जिसकी वजह से रेलवे की विद्युत लाइन में फाल्ट आ गया। ऋषिकेश से प्रयागराज जा रही यात्री गाड़ी विद्युत आपूर्ति न मिलने की वजह से रूक गई।

सूचना मिलते ही रेलवेकर्मियों में हड़कम्प मच गया। तत्काल टीम को मौके पर भेजा गया। पेड़ को काट कर रेलवे लाइन से हटाया गया। इसके बाद विद्युत आपूर्ति चालू की गई। तब कही जाकर लगभग एक घंटे बाद यात्री गाड़ी को रवाना किया गया। गाड़ी में सवार यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। रेलवे ट्रेक के आसपास बड़ी संख्या में पेड़ मौजूद है, जो अक्सर आंधी व बारिश में गिर जाते हैं। रेलवे के अधिकारियों के द्वारा समय रहते इन पेड़ों को नहीं कटवाया जाता है।

# जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी, कई जगह बारिश

## जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में चिलचिलाती धूप के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसकी वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह से ही मौसम गर्म हो जाता है और दोपहर होते-होते इतनी ज्यादा गर्मी पड़ती है कि बाहर निकलना दुश्वार हो जाता है। सड़कों पर सन्नाटा सा छा जाता है। मकान भट्टियों की तरह तप रहे हैं। घरों की दूसरी व तीसरी मंजिल सहित झोपड़ियों में रहने वालों का बुरा हाल है। सिर्फ गर्मी के प्रकोप से वो ही बच पा रहे है, जिन के पास एयरकंडीशन व कूलर है। जब तक मानसून की झमाझम बारिश नहीं होगी, तब तक यही हाल रहेगा। वैसे आज आसमान में बादल दिखाई दे रहे थे। जिससे लग रहा था कि बारिश होगी और गर्मी से थोड़ी निजात मिलेगी। लेकिन जनपद के कुछ हिस्सों में ही हल्की बारिश हुई है। कई जगह आंधी चलने की वजह से मौसम का मिजाज बदल गया।

# नजीबाबाद में भूमाफियाओं ने करोड़ों ठगे

## शावेज, आसिम, अभिषेक, रिहान मकरानी व विशाल अग्रवाल पर गंभीर आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद में भूमाफियाओं के द्वारा प्लॉट व दुकान देने के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला गरमाने लगा है। नजीबाबाद में वैसे भी भूमाफियाओं का पहले से कब्जा रहा है और सफेदपोश पर्दे के पीछे से इस खेल में शामिल रहते है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बड़ी संख्या में पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि कॉलोनी में प्लॉट व दुकान देने के नाम पर अलग-अलग तरीके से षड्यंत्र के तहत छल करते हुए उनसे करोड़ों रुपए की ठगी की गई है। महादेवपुरम एक, दो व तीन आदि कॉलोनियों मोटा महादेव मंदिर, भट्टे के सामने जटपुरा रोड में कॉलोनाइजर शावेज पुत्र असलम निवासी मौहल्ला राईयान, जलालाबाद, आसिम पुत्र कासिम निवासी मौहल्ला हसनपुरा, कस्बा व थाना किरतपुर एवं अभिषेक गुप्ता पुत्र विमल गुप्ता निवासी ग्राम अरजानीपुर, पोस्ट पाडला ने उनसे मोटी रकम ले कर प्लॉट व दुकानें बुक की थी। पीड़ितों ने बताया कि कॉलोनाइजरों द्वारा दिया गया कॉलोनी का बुकिंग कार्ड एग्रीमेंट तथा मुलजिमान द्वारा दिए गए रिटर्न चैक उनके पास मौजूद हैं। ज्ञापन में कहा गया कि उपरोक्त मुलजिमान ने षड्यंत्र के तहत उनकी मोटी रकम हड़पने के उद्देश्य से शावेज को भगा दिया था और अब कह रहे है कि हम कुछ नहीं कर सकते हैं। जबकि उन्होंने उपरोक्त मुल्जिमान को कुछ पैसे नकद और कुछ पैसे बैंक के माध्यम से अदा किए है। अधिकतर लोगों ने प्लॉट व दुकान की पूरी रकम अदा भी कर दी है। इसके बावजूद षड्यंत्र के तहत मुलजिमान के द्वारा टाल मटोल की जा रही है। कॉलोनाइजरों ने ठगी करने के लिए एक टीम बना रखी है। जिसमें जलालाबाद का कैफ आकाशी, विशाल अग्रवाल, मण्डावर का रिहान मकरानी व किरतपुर का साजिद मामा आदि शामिल है। जो सस्ती जमीन दिलाने के नाम पर कॉलोनाइजरों से मुलाकात कराते हैं और अपनी मीठी-मीठी बातों में लेते हुए झूठें सपने दिखाकर मोटी रकम लगवा लेते हैं। अब उपरोक्त मुलजिमान का कहना है कि हमारा शावेज से कोई संबंध नहीं है। जबकि उपरोक्त मुलजिमान सालों से एक साथ मिलकर कॉलोनियां काट रहे है। मुलजिमान प्रतिदिन फोन पर बात करते थे। उनके दुकान व प्लॉट की बुकिंग के करोड़ों रुपए शावेज ने आसिम किरतपुरियां को बैंक द्वारा दे रखें हैं। इस संबंध में शावेज ने फरार होने के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर इकरार किया है। आरोप-प्रत्यारोप में आसिम व शावेज लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी को कबूल कर रहे है। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ितों ने ज्ञापन में कहा है कि 11 मई को वह महादेवपुरम तीन कॉलोनी पर गए थे। उन्होंने उपरोक्त मुलजिमान से कहा कि हमने अपनी जिंदगीभर की गाहड़ी कमाई आप लोगों को दी है। उन्होंने उपरोक्त मुलजिमान से बैनामा करने के लिए कहा, तो आसिम, अभिषेक गुप्ता, विशाल अग्रवाल, कैफ आकाशी, रिहान मकरानी आदि कहने लगे कि किसी का भी बैनामा नहीं होगा और न ही किसी के रुपए वापस मिलेंगे। हमने विरोध किया, तो उपरोक्त मुलजिमान ने मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए अभद्र व्यवहार किया। मुलजिमान मारपीट करते हुए कहने लगे कि हमने ही छल से ठगी की और कराई है। शावेज का यहां से भागना भी हमारी साजिश का हिस्सा है। कॉलोनी के बुकिंग कार्ड, एग्रीमेंट व चैक भी हमारे ही आदमी के द्वारा दिए गए है। आरोपियों ने अपने अवैध असलाह दिखाते हुए कहा कि अगर कोई यहां फिर दिखाई दिया, तो गोली मार देंगे।

ज्ञापन में कहा गया कि फरार आरोपी शावेज सोशल मीडिया पर एक्टिव है और अपने नम्बर से लोगों से बात भी कर रहा है। लेकिन नजीबाबाद पुलिस ने अभी तक उसे पूछताछ के लिए हिरासत में नहीं लिया है। वह विदेश भागने की फिराक में है। नजीबाबाद पुलिस आरोपी को विदेश भागने की खुली छूट दे रही है। पिछले कई 15 दिनों से पीड़ित थाने व उच्च अधिकारियों से फरियाद कर रहे है, लेकिन अभी तक मुलजिमान के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मुलजिमान को थाने बुलाकर पूछताछ भी नहीं की गई है। मुलजिमान के द्वारा महादेवपुरम तीन कॉलोनी पर असलाह लहराकर जान से मारने की धमकी भी देते हुए मारपीट भी की गई। लेकिन ठगी के पर्याप्त सबूत होने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई। सपा नेता आसिम खुली धमकी दे रहा है कि तुम मुख्यमंत्री के पास भी चले जाओंगे, तो मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो। मैंने यहां से लखनऊ तक सैटिंग कर रखी है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि उनके मामले का निस्तारण होने तक महादेवपुरम कॉलोनी में प्लॉट की खरीद-फरोख्त पर रोक लगाई जाए और उपरोक्त मुलजिमान से जमीन या पैसे दिलवाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में ओमपाल सिंह, विनोद कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, आफताब, नसीम अहमद, ललित शर्मा, कमल चौहान, असलम, ब्रजेश कुमार, मनीष, तुलाराम, गुलशन, अनिता देवी, सरवर, हितेश गोयल, फैजी, मनोज कुमार, धर्मेन्द्र, ओम सिंह, विपुल कुमार, खलील, पूर्णिमा चौधरी, अनीस अहमद, मुख्तार, मौहम्मद अशरफ, सुमन, सुरेन्द्र सिंह, रीता व सचिन आदि शामिल थे।

### नजीबाबाद शुरू से रहा माफियाओं का गढ़

**बिजनौर।** नजीबाबाद शुरू से ही माफियाओं का गढ़ रहा है। नजीबाबाद में सफेदपोश इन माफियाओं को संरक्षण देते है। सफेदपोशों की काली कमाई इन माफियाओं के कारोबार में लगी हुई है। सफेदपोशों के द्वारा इन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने दी जाती है। सफेदपोश ही अधिकारियों से सैटिंग करते है। अधिकारियों को भी इस काली कमाई से मोटा फायदा होता है। नजीबाबाद में भूमाफियाओं व सफेदपोशों की आपसी खींचतान की वजह से कई मर्डर भी हो चुके हैं। सफेदपोशों के द्वारा बदमाशों को भी पाला जाता है। बदमाशों से ही ठगी के शिकार पीड़ितों को धमकवाया जाता है। कई बार यह बदमाश अपने पालने वाले का ही विकेट गिरा देते है।

## एक नजर

### रेहड़ में अरशद गिरफ्तार

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर जनपद में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। रेहड़ में अरशद उर्फ बांडा पुत्र भूरा को गिरफ्तार किया गया है। जबकि नांगल पुलिस ने फहीम पुत्र शब्बीर को गिरफ्तार किया है।

### रालोद जिलाध्यक्ष का स्वागत



**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के नगर अध्यक्ष इकबाल चौधरी के प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य के पहुंचन पर रालोद कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर 31 मार्च को किरतपुर मुस्लिम इंटर कॉलेज में होने वाली रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्मोत्सव सभा एवं केन्द्रीय विद्यालय की आधारशिला कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर सरकार बलवीर सिंह, शरीफु अहमद, मौहम्मद लटूर सिंह, विजयपाल राठी, सुरेश राणा, बृहराज सिंह, हरेंद्र तोमर, वसीम अहमद बख्श, वकार चौधरी, देवेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, चौधरी कुशलपाल सिंह, चौधरी राजीव सिंह मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# भारत की सतर्कता

भले ही भारत-पाक के बीच सीजफायर हो गया हो, लेकिन दोनों देशों में अब भी आपसी विश्वास की भारी कमी देखी जा रही है। भारत अपनी तरफ से किसी तरह की कोई ढिलाई बरतना नहीं चाहता। तभी तो वह सीमावर्ती राज्यों में मॉकड्रिल करने जा रहा है। राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, जम्मू के लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। लोगों में युद्ध के समय किसी तरह का बेवजह का तनाव पैदा न हो। वह अपने आपको बचाने के लिए यह मॉकड्रिल की जा रही है। गुरुवार (आज) को जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान में मॉकड्रिल होगी। जबकि पंजाब में तीन जून को यह ड्रिल होगी। मॉकड्रिल एक तरह की प्रेक्टिस है, जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला हो जाए तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करते हैं। इसी तरह ब्लैक आउट एक्सरसाइज का मतलब है कि तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइट बंद कर देना। इसका मतलब यह होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। सात मई को देश के 44 शहरों में 12 मिनट का ब्लैक आउट किया गया था। इसी दिन भारत ने पाकिस्तान के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर के चलते एयरस्ट्राइक की थी। जिसमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए थे। जाहिर है यह मॉकड्रिल बताती है कि भारत-पाकिस्तान को यह संदेश भी देना चाहता है कि वह अभी भी युद्ध मोड में है और किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए भारतीय सेना व भारतीय लोग पूरी तरह मुस्तैद हैं। सरकार ने जिस तरह देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकने का नोटिफिकेशन जारी किया है, यह बताने के लिए काफी है कि भारत अब अपनी सेना को बेहद चुस्त-दुरुस्त कर रहा है। अब एक सेना का अधिकारी ही तीनों सेनाओं वायु, थल और जल सेनाओं को निर्देश दे सकेगा। जाहिर है इससे समय में बेहद कमी आएगी और सेना को एकजुट होकर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। 27 मई से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। इस नए कानून बनने से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन के तहत एक कमांडर इन चीफ/ऑफिसर इन कमांड की नियुक्ति होगी। यह कानून 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था और 10 मई 2024 से लागू किया गया। जाहिर है इससे हमारी सेना को एकजुट रखने में बड़ी मदद मिलेगी। असल में हमारा पड़ोसी पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जब तक वह आतंकवाद से अपने आपको अलग नहीं रखता और उनको संरक्षण देना बंद नहीं करता, तब तक उस पर भला भरोसा भी कैसे किया जा सकता है। भारत ने भी साफ किया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता रहेगा, भारत उसके साथ कठोरता से पेश आता रहेगा, बल्कि भारत ने अब आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बना ली है।

## अकेले शांति से जीना चाहता है भारत



भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता, भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता, पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है, भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया, क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपरा. धियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी, भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अपरा. धियों की पहचान करं उन पर कार्रवाई करे।

**-शशि थरूर**
**पूर्व विदेश मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# भारतीय राजनीति के असली चौधरी थे भारत रत्न चौ. चरण सिंह



29 मई पुण्यतिथि पर विशेष



आरपी तोमर

भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एक ऐसा नाम है जो भारतीय राजनीति और इसके लोकतंत्र के लिए किसी हीरो से कम नहीं। यह वह नाम है जो ना जाने कितने ही बड़े संवैधानिक पदों पर रहकर यह दिखा गया कि कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति के जीवन में कैसै बदलाव लाया जा सकता है। चौधरी चरण सिंह ने देश की कृषि नीतियों को आकार देने में बेहद अहम भूमिका निभाई। चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों के हित और उनके कल्याण में समर्पित कर दिया और यही वजह है कि उन्हें किसानों का मसीहा कहा जाता है। चौधरी चरण सिंह सिर्फ एक राजनीतिज्ञ, एक किसान नेता, एक पार्टी के अध्यक्ष और एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री का नाम ही नहीं था बल्कि चरण सिंह एक विचारधारा का भी नाम है। जो भारतीय राजनीति में अकाट्य है और सदैव रहेगा। चरण सिंह की राजनीति में कोई दुराव या कोई कपट नहीं था, बल्कि जो उन्हें अच्छा लगता था, उसे वो ताल ठोक कर अच्छा कहते थे और जो उन्हें बुरा लगता था, उसे कहने में उन्होंने कोई गुरेज भी नहीं करते थे। उनका व्यक्तित्व बहुत रौबीला था, जिनके सामने लोगों की बोलने की हिम्मत नहीं पड़ती थी। उनके चेहरे पर हमेशा पुख्तगी होती थी। हमेशा संजीदा गुफ्तगू करते थे। बहुत कम मुस्कुराते थे। अगर मैं गलत नहीं हूं तो एकआध लोगों ने ही उन्हें कभी कहकहा लगाते हुए देखा होगा। वो उसूलों के पाबंद थे और बहुत साफ-सुथरी राजनीति करते थे। वे सच्चे मायने में भारत रत्न हैं। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर गांव में 23 दिसंबर 1902 को हुआ था। उनकी शिक्षा सरकारी उच्च विद्यालय और विश्वविद्यालय मेरठ से पूरी हुई। उन्होंने विज्ञान स्नातक, कला स्नातकोत्तर और विधि स्नातक की पढ़ाई की थी। चौधरी चरण सिंह ने पूरे जीवनभर किसानों के मुद्दे उठाए और उनके हक दिलाने का काम किया। चौधरी चरण सिंह का निधन 29 मई 1987 को 84 साल की उम्र में दिल्ली में हुआ था। जब 1929 में लाहौर में कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य का एलान किया तो नेहरू कांग्रेस के सबसे बड़े नेता के रूप में उभरे, तब चौधरी चरण सिंह ने गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया। 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ तो चौधरी चरण सिंह हिंडन नदी के किनारे नमक बनाने पहुंच गए तो अंग्रेज सरकार ने उन्हें छह महीने की जेल की सजा दी। जेल से वापसी पर वे पूरे जोर-शोर से स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गए। 1937 में चुनाव हुए तो बागपत से चौधरी चरण सिंह विधानसभा के लिए चुने गए। विधानसभा में किसानों की फसल से संबंधित एक बिल पेश किया। यह उस वक्त का क्रांतिकारी बिल था, जब ब्रिटिश सरकार ने भारतीय किसानों को ही सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई थी। अंग्रेजी सरकार ने मुगलिया टैक्स सिस्टम को हटाकर बेहद क्रूर सिस्टम लागू किया था। जिसकी वजह से बहुत गरीबी फैल गई थी। उन्होंने 1939 में कर्जा माफी विधेयक पास करवाकर किसानों के खेतों की नीलामी रुकवाई। 1939 में ही किसान के बच्चों को सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण दिलाने की कोशिश की पर इसमें सफलता नहीं मिल पाई। 1939 में किसानों को टैक्स बढ़ाने और बेदखली से मुक्ति दिलाने के लिए जमीन उपयोग का बिल तैयार किया और ऋण निर्मोचन विधेयक पास कराकर चौधरी साहब ने लाखों गरीब किसानों को कर्जे से मुक्ति दिलाई।

इसी साल निजी सदस्यों के संकल्प के तहत उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी विधेयक पेश किया, जिसमें किसानों को बिचौलियों से मुक्त कराकर वाजिब दाम दिलाने का प्रावधान था। उनके सुझावों को कई सरक. ारों ने क्रियान्वित किया, इसमें पहला राज्य पंजाब था। ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत की विधानसभा ने सर छोटू राम के राजस्व मंत्री रहते हुए वर्ष 1938 में जो पहला कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम पारित कर उसे लागू किया था। दरअसल, उसकी परिकल्पना चौधरी चरण सिंह की ही थी। चौधरी चरण सिंह जब पहली बार चुनाव जीतने के बाद उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत के संसदीय सचिव बने थे, तब चौधरी साहब कृषि उत्पाद मंडी बनाने के लिए एक बिल लेकर आना चाहते थे लेकिन, पंत ने उन्हें मना कर दिया, जिसके बाद चौधरी चरण सिंह ने उत्तर प्रदेश की यूनाइटेड प्रोविंस लेजिस्लेटिव असेंबली में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया, लेकिन वो बिल पारित नहीं हो पाया, यह बात वर्ष 1937 की है। 1940 में कांग्रेस बड़ी उहापोह में थी कि ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ें कि नहीं, छोटे स्तर पर व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत हुई, चौधरी चरण सिंह इसमें भी शामिल हुए। जेल गए, फिर छूटे और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में चरण सिंह को फिर मौका मिला। वे अंडरग्राउंड हो गए और एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन तैयार किया। पुलिस का आदेश था कि देखते ही गोली मार दी जाए पर चौधरी चरण सिंह सभा करके हर जगह से निकल जाते थे। अंत में गिरफ्तार हो गए। जिन्हें डेढ़ साल की सजा हुई, जेल में ही उन्होंने शिष्टाचार किताब लिखी। वे जातिवाद के कट्टर विरोधी थे और उनके प्रयासों का असर था कि 1948 में उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग ने सरकारी कागजों में जोत मालिकों की जाति नहीं लिखने का फैसला लिया। उन्होंने गोविंद बल्लभ पंत को पत्र लिखकर 1948 में मांग की थी कि अगर शैक्षिक संस्थाओं के नाम से जाति-सूचक शब्द नहीं हटाए जाते तो उनका अनुदान बंद कर दिया जाए। हालांकि यह मसला टलता रहा, लेकिन जब वे 1967 में खुद मुख्यमंत्री बने तो सरकारी अनुदान लेने वाली शिक्षा और सामाजिक संस्थाओं को अपने नामों के आगे से जातिसूचक शब्द हटाने पड़े। उन्होंने ही आजादी के बाद भारत में सोवियत रूस की तर्ज पर आर्थिक नीतियां लगाई गईं। चौधरी साहब का कहना था कि इंडिया में यह चलेगा नहीं, इसको लेकर चौधरी साहब कहते थे कि किसानों को जमीन का मालिकाना हक देने से ही बात बनेगी। उस वक्त नेहरू का विरोध करना ही बड़ी बात थी लेकिन चौधरी साहब सहकारी खेती के रूसी मॉडल के सख्त खिलाफ थे। हालांकि इससे उनके राजनैतिक करियर पर असर पड़ा फिर भी चौधरी साहब ने अपनी बात कहनी शुरू कर दी थी। चौधरी चरण सिंह 1952, 1962 और 1967 की विधानसभा में जीते थे। गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी रहे। रेवेन्यू, लॉ, इनफॉर्मेशन, हेल्थ कई मिनिस्ट्री में भी रहे, संपूर्णानंद और चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में भी मंत्री रहे। 1967 में चरण सिंह ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय क्रांति दल नाम से अपनी पार्टी बना ली। राम मनोहर लोहिया का इनके ऊपर हाथ था। उत्तर प्रदेश में पहली बार कांग्रेस हारी और चौधरी चरण सिंह मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह 1967 और 1970 में मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह ने अपने मुख्यमंत्री काल में एक बड़ा निर्णय लेते हुए खाद पर से सेल्स टैक्स हटा लिया। सीलिंग से मिली जमीन किसानों में बांटने की कोशिश की पर उत्तर प्रदेश में ए सफल नहीं हो पाया। इसके बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी तब देश में माहौल गड़बड़ हो गया था, 1975 में इंदिरा ने विवादास्पद निर्णय लिया और इमर्जेंसी लगा दी। चौधरी चरण सिंह भी जेल में डाल दिए गए। जेल में विरोधी पक्ष लामबंद हो गया और 1977 में लोकसभा के चुनाव हुए। इंदिरा बुरी तरह हारीं और देश में पहली बार गैर-कांग्रेसी पार्टियों ने मिलकर सरकार बनाई। मोरार जी देसाई प्रधानमंत्री बने, चौधरी चरण सिंह इस सरकार में उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रहे। वित्तमंत्री भी बने।जनता पार्टी को बनाने में उनका ही आधार और किसान शक्ति सबसे अधिक काम आई। जनता पार्टी के नेताओं, जिसमें आज की भाजपा और तबका जनसंघ भी शामिल था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगानिस्तान से रिश्तों में सुधार के पीछे कूटनीति



अक्षत सरोत्री

अक्सर एक बात सामने आती है कि दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है। अफगानिस्तान के साथ वीजा डिपलोमैसी शुरू करने के पीछे का कारण बहुत बड़ी कूटनीतिक चाल है। आपको याद होगा कुछ दिन पहले ही अफगानिस्तान की सरकार की चीन से बातचीत चल रही थी। आप इसके मायने समझ सकते हैं। चीन अफगानिस्तान में सेना का बेस चाहता है ताकि भारत पर दबाव बनाया जा सके।

चीन की यह वैसी ही चाल थी जैसी चीन कई सालों से बलूचिस्तान में रहकर पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के खिलाफ रच रहा है। आपको बता दें कि इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जो निवेशकों, कलाकारों, एथलीटों, छात्रों और इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके अटेंडेंड के साथ ही संयुक्त राष्ट्र राजनयिक वीजा के लिए आवेदन की अनुमति देता है। यह ऐसे समय में हो रहा है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है।

नई दिल्ली ने अभी तक इस बारे में कोई आधिका. रिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन यह कदम भारत और तालिबान के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों के बीच उठाया गया है। इसी महीने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी। काबुल में तालिबान की वापसी के बाद यह दोनों देशों के बीच पहली मंत्री स्तरीय वार्ता थी। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान का कब्जा हुए करीब चार साल बीत चुके हैं। 15 अगस्त, 2021 में तालिबान ने गनी की सरकार को गिराकर काबुल पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद दुनिया के लगभग सभी देशों ने तालिबान में अपने दूतावास बंद कर दिए थे। अब दुनिया का रुख तालिबान की प्रति बदल रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण बीते साल रूस द्वारा तालिबान को आतंकी संगठन की सूची से हटाना था। 2003 में रूस ने तालिबान को आतंकी संगठन घोषित किया था, लेकिन दिसंबर, 2024 में रूस ने तालिबान को इस सूची से हटा दिया था।

आपको बता दें कि भारत- अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंध रहे हैं और अशरफ गनी की सरकार के समय दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्ते भी बेहतर थे, लेकिन तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत ने तालिबान के साथ अपने संबंधों को खत्म कर लिया। हालांकि, अब वक्त बदल रहा है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के साथ भारत की बातचीत की शुरुआत इसी साल जनवरी में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बातचीत हुई थी। अब विदेश मंत्री जयशंकर ने खुद तालिबान के विदेश मंत्री से बातचीत की थी। हालांकि, अभी तक भारत की ओर से औपचारिक रूप से तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं दी है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही पाकिस्तान से उसकी ठनी हुई है। भारत-अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच शुरू हो रही यह बातचीत पाकिस्तान जैसे दुश्मन को रणनीतिक रूप से घेरने के रूप में देखी जा रही है। अफगानिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी। इसके बाद जब पाकिस्तान की ओर से कहा गया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया, तो खुद तालिबान की सरकार ने इसका खंडन कर दिया था।

आपको बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही बीजिंग में पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने मिलकर अपने-अपने देशों में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया था। बैठक के बाद, इशाक डार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। यह बैठक तीन देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने का संकेत देती है, लेकिन भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण कदम हो सकता है। हालांकि आपको बता दें इस बैठक को फेल करने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही मन बना चुके थे। भारत ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के किसी तीसरे देश में विस्तार पर कड़ा विरोध जताया था। भारत का कहना है कि CPEC का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है और इसे भारत अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल कहा था कि जो भी देश CPEC प्रोजेक्ट में शामिल होंगे, वे जम्मू-कश्मीर में भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करेंगे। भारत ने इस कारण से चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने से इंकार कर दिया है, जो कि लगभग 60 बिलियन डॉलर का एक विशाल प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट में पाकिस्तान के जरिए एक बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास कार्य किए जाने हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। इसके अतिरिक्त आपको याद होगा कि भारत-अफगानिस्तान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर भी साझेदारी है। वहीं इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को लेकर भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। यह कॉरिडोर भारत से लेकर ईरान, रूस होते हुए यूरोप को जोड़ने वाला है। इस तरह दो अहम प्रोजेक्ट्स में दोनों देश साथ हैं और पाकिस्तान के साथ दोनों के ही संबंध सहज नहीं हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक म्यान, दो तलवारें: शौर्य की अद्वितीय मिसाल थे महाराणा प्रताप




योगेश कुमार गोयल

अपनी वीरता, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प और त्याग से इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने वाले हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के ऐसे कुशल वीर योद्धा थे, जिन्होंने विभिन्न युद्धों में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा मुगलों को समय-समय पर दांतों चने चबाने पर विवश किया। दरअसल मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप ऐसे महान वीर और निर्भीक शासक थे, जिन्हें मुगलों का शासन कदापि स्वीकार नहीं था। मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा राणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्ध कला में भी पारंगत थे। उनकी वीरता से भारत भूमि तो गौरवान्वित हुई ही, मेवाड़ की वह शौर्य-भूमि भी धन्य हुई, जहां उन्होंने जन्म लिया था। इतिहासक. ार महाराणा प्रताप को ऐसा योद्धा मानते हैं, जिनके युद्ध कौशल के दुश्मन भी कायल थे और इसीलिए प्राय: दुश्मन भी उन्हें सलाम करते थे। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए उन्होंने अनेक लड़ाईयां लड़ी, जिनके कारण ही उनका नाम पराक्रमी, शूरवीर, साहसी, महान् राष्ट्रभक्त और एक वीर सम्राट के रूप में इतिहास के पन्नों में अजर-अमर हो गया। युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाएं मेवाड़ में तो आज भी लोकगीतों के माध्यम से बताई जाती हैं।

इन्हीं हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती हिंदी कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष 29 मई को मनाई जा रही है, जिसे लेकर मेवाड़ में एक सप्ताह पहले ही कार्यक्रम शुरू हो गए थे। महान राजपूत शासक मेवाड़ के 13वें राजा महाराणा प्रताप का जन्म 1540 में राजस्थान के मेवाड़ में ज्एष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। बचपन में उन्हें कीका के नाम से पुकारा जाता था और उनका राज्याभिषेक गोग. ुंदा में हुआ था। दरअसल बचपन में महाराणा प्रताप का जीवन काफी समय तक भीलों के साथ भी बीता। भील उस समय अपने पुत्र को कीका कहकर संबोधित करते थे, इसीलिए महाराणा प्रताप को भी कीका कहकर संबोधित किया जाता था। महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाओं से तो हालांकि आज की पीढ़ी भी परिर. चत होगी ही, लेकिन यह तथ्य कम लोग ही जानते होंगे कि युद्ध के समय वे एक म्यान में एक साथ दो तलवारें रखा करते थे, एक स्वयं के लिए और दूसरी दुश्मन के लिए। यही नहीं, वह एक कुशल योद्धा की भांति कभी किसी निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे और जरूरत पड़ने पर म्यान से निकालकर अपनी ही दूसरी तलवार शत्रु को लड़ने के लिए दे देते थे। महाराणा प्रताप जब युद्ध के लिए प्रस्थान करते थे तो 208 किलोग्राम वजनी दो तलवारें, 72 किलोग्राम का कवच और 80 किलोग्राम का भाला अपने साथ लेकर जाते थे। महाराणा प्रताप के 24 भाई और 20 बहनें थी। उनके एक सौतेले भाई जगमल ने उन्हें धोखा देते हुए अजमेर जाकर अकबर से संधि कर ली थी लेकिन महाराणा प्रताप अकबर के विशाल साम्राज्य के समक्ष कभी नहीं झुके और उन्होंने जीते-जी अकबर की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया बल्कि अकबर के साथ कई वर्षों तक संघर्ष किया। उन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दी घाटी युद्ध में अकबर के साथ वीरतापूर्वक लड़े। महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में भीषण युद्ध हुआ था। उस युद्ध में महाराणा प्रताप को अफगानी राजाओं का समर्थन प्राप्त था। अफगानी हाकिम खान अंतिम सांस तक युद्ध में राजपूतों की ओर से लड़े थे। अन्न की कमी के कारण महाराणा प्रताप की सेना को हार का सामना पड़ा था, लेकिन महाराणा प्रताप ने अकबर की 85 हजार सैनिकों वाली विशाल सेना के सामने अपने 20 हजार सैनिकों और सीमित संसाधनों के बल पर स्वतंत्रता के लिए वीरतापूर्वक संघर्ष किया। हालांकि महाराणा प्रताप को उस युद्ध के मैदान से भागने के लिए विवश होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने जब तक बड़ी संख्या में अकबर की सेना का सफाया करने में कामयाबी हासिल की थी, जिसके चलते उनकी बहादुरी की अपार प्रशंसा हुई। उस युद्ध में जख्मी होने के बावजूद महाराणा मुगलों के हाथ नहीं आए।

हल्दी घाटी की हार के बाद भी दृढ़ निश्चई, पराक्रमी और वीरता की मिसाल महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और नई रणनीति के तहत मुगलों से लोहा लेने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई और अरावली की पहाड़ियों में शरण ली। वहीं से ही उन्होंने मुगल सेना पर खूब छापामार हमले किए। 12 वर्षों तक उन्होंने वनवास में रहकर ही संघर्ष किया और मेवाड़ को मुगलों से मुक्त कराने का निरंतर प्रयास करते रहे। कहा जाता है कि जंगल में रहते हुए उन्होंने न जमीन पर सोकर रातें गुजारी बल्कि केवल घास की ही रोटी भी खाई लेकिन अकबर के सामने कभी हार नहीं मानी। गुरिल्ला युद्ध के जरिए वे हर पल मुगलों की नाक में नकेल कसते रहे और इस प्रकार उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। 30 वर्ष लंबे संघर्ष और युद्ध के बाद भी अकबर महाराणा प्रताप को न तो बंदी बना सका और न ही झुका सका। महाराणा प्रताप के शौर्य की बात हो और उनके प्रिय घोड़े चेतक का जिक्र न किया जाए, यह भी संभव नहीं। दरअसल महान राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप का अश्व चेतक भी उन्हीं की भांति वीर योद्धा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ घोड़ों में से एक था। चेतक महाराणा प्रताप के प्रति वफादारी के लिए जाना जाता है, जो एक बेहद बुद्धिमान और ताकतवर घोड़ा था। युद्ध में दुश्मन को चकमा देने के उद्देश्य से उसके मुंह के आगे हाथी की सूंड लगाई जाती थी। एक बार जब मुगल सेना महाराणा प्रताप के पीछे लगी थी, तब चेतक महाराणा प्रताप को अपनी पीठ पर लिए 26 फीट के उस नाले को भी लांघ गया था, जिसे मुगल पार नहीं कर सके। हल्दी घाटी युद्ध में चेतक बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई और आज उसी युद्धस्थल के पास चेतक का मंदिर बना हुआ है। वीरता, स्वाभिमान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं थे बल्कि एक आदर्श शासक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में कुंभलगढ़ किले का निर्माण, चावंड, रणकपुर और जगन्नाथपुरी जैसे मंदिरों का निर्माण कराया और गायों की रक्षा के लिए अनेक गौशालाओं की भी स्थापना की। महाराणा प्रताप सदैव भारत के वीर योद्धाओं और देशभक्तों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। युद्ध और शिकार के दौरान लगी चोटों के कारण 56 वर्ष की आयु में 29 जनवरी 1597 को उन्हें वीरगति प्राप्त हुई। महाराणा प्रताप ने कुल 11 शादियां की थी और उनके कुल 17 बेटे और 5 बेटियां थी। महाराणा प्रताप के बाद गद्दी पहली पत्नी अजाब्दे पंवार के बेटे अमर सिंह को मिली थी।





# अमेरिका ने इजरायल को 90 हजार टन से अधिक हथियार भेजे: रिपोर्ट



- इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए
- 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54056 तक पहुंच गई

**मास्को।** अमेरिका ने अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायल को 90 हजार टन से अधिक सैन्य आपूर्ति की है, जिसमें बख्तरबंद वाहन और गोला-बारूद भी शामिल हैं। द टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका से 800 परिवहन विमान और 140 जहाज हथियारों से लैस इजरायल पहुंच चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार इजरायल को दिए गए सैन्य उपकरणों में 'बख्तरबंद वाहन, युद्ध सामग्री, गोला-बारूद, व्यक्तिगत सुरक्षा गियर और चिकित्सा उपकरण' शामिल हैं। इजरायल ने 18 मार्च को ऑपरेशन गिदोन के रथ के हिस्से के रूप में गाजा पट्टी में एक नए हमले की शुरुआत की घोषणा की थी। जिसके बारे में इजरायल का दावा है कि ऑरेशन गिदोन से अंतत: हमास को पराजित किया जा सकेगा। गाजा स्वास्थ्य प्राधिकरण का अनुमान है कि इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए हैं। वहीं, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल बताया कि सात अक्टूबर, 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54,056 तक पहुंच गई है।

## रूसी वायु रक्षा ने तीन घंटे में 112 ड्रोन किए नष्ट



**मास्को।** रूसी वायु रक्षा ने पिछले तीन घंटों में छह रूसी क्षेत्रों में 112 यूक्रेनी ड्रोन को रोका और नष्ट कर दिया। यह जानकारी रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि 27 मई को मास्को के समय के अनुसार 21:00 से 28 मई को 00:00 तक, वायु रक्षा प्रणालियों ने 112 यूक्रेनी विमान-प्रकार के मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। इनमें से ब्रांस्क क्षेत्र में 59, बेलगोरोड क्षेत्र में 19, तुला क्षेत्र में 13, कुर्स्क क्षेत्र में 10, ओर्योल क्षेत्र में आठ और कलुगा क्षेत्र में तीन शामिल हैं।

## वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका यात्रा से परहेज करने का किया आग्रह

**कराकस।** वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका जाने से बचने का आग्रह किया गया। विदेश मंत्री यवन गिल ने टेलीग्राम पर एक यात्रा चेतावनी जारी की। उन्होंने कथित मानवाधिकार उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका में वेनेजुएला के लोगों को निर्वासन, परिवार से अलग होने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने का खतरा है। उन्होंने अमेरिका पर 'प्रवासन ब्लैकमेल' का उपयोग करने और ज़ेनोफ़ोबिया को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। यह चेतावनी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा अमेरिकियों और कानूनी निवासियों को वेनेजुएला की यात्रा न करने की सलाह दिए जाने के कुछ घंटों बाद आई।



गुलमर्ग। अपने मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

## अमेरिका-कनाडा के साथ इस साल के अंत में होगी मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा: एबरार्ड

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने कहा है कि मुक्त व्यापार पर अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते की आगामी समीक्षा बैठक सितम्बर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हो सकती है। एबरार्ड ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आने वाले महीनों में मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा से पहले अमेरिकी विनियमों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के साथ परामर्श करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको भी 'हर चीज का मूल्यांकन' करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि वह मौजूदा समय में देश के व्यापार क्षेत्र के साथ स्टील और एल्यूमीनियम के मुद्दों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मेक्सिको की अर्थव्यवस्था उत्तरी अमेरिका में अधिक एकीकरण के साथ 'आर्थिक क्षेत्रीयकरण' के दौर में प्रवेश करेगी।

## ईरान गए तीन भारतीयों के परिजन लापता

- इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई
- ये सभी पंजाब के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं

**तेहरान।** भारत के तीन नागरिक जो हाल ही में ईरान की यात्रा पर गए थे, उनके परिवार वालों ने भारतीय दूतावास को बताया है कि वे लापता हो गए हैं। इस पर भारतीय दूतावास ने तेहरान में ईरानी अधिकारियों के समक्ष इस मामले को तुरंत सूचित किया है।

इस मामले में ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने ईरानी प्रशासन से साफ-साफ कहा है कि लापता भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द ढूंढा जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भारतीय दूतावास ने यह भी बताया है कि वे लगातार लापता लोगों के परिवारों से संपर्क में हैं और इस मामले में हो रही कार्रवाई से उन्हें हर अपडेट दे रहे हैं। भारतीय दूतावास ने कहा कि हमने यह मामला मजबूती से उठाया है और ईरान सरकार से निवेदन किया है कि इन भारतीय नागरिकों को ढूंढने के लिए जरूरी कदम तुरंत उठाए जाएं। इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन नागरिकों का पता चल जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी पंजाब के अन्य-अन्य जिलों के रहने वाले हैं। जो 11 मई को तेहरान पहुंचे और उसके बाद से ही लापता है। परिजनों के अनुसार, एक ट्रैवल एजेंट ने उन सभी को आस्ट्रेलिया भेजने का वादा किया और ईरान में रुकने की सुविधा कराने की बात कही, लेकिन ईरान पहुंचने के बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है।

## इंडोनेशिया-फ्रांस ने गाजा में युद्ध विराम निर्बाध मानवीय पहुंच का किया आह्वान

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को गाजा में युद्ध को तत्काल रोकने और मानवीय सहायता तक निर्बाध पहुंच का आह्वान किया। प्रबोवो ने स्टेट पैलेस (राष्ट्रपति भवन) में मैक्रों का स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रबोवो ने बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान को बनाए रखने में एक-दूसरे के साथ समन्वय करने पर सहमत हुए है। उन्होंने कहा कि दोनों देश (इंडोनेशिया और फ्रांस) ने संप्रभु देश के रूप में फलस्तीनी स्वतंत्रता की दिशा में प्रयासों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# भारत शांति चाहता है, पाकिस्तान नहीं: थरूर

### बोले: भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता

- भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है
- इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया



**पनामा।** पनामा के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है।

भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। आतंकवाद के खिलाफ पनामा का भारत को समर्थन थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद भी हैं। इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं। कास्टानेडा के साथ बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सभी अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि और भारत के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं लेकिन हम राष्ट्रीय उद्देश्य में एकजुट हैं। शशि थरूर ने मंगलवार को पनामा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित किया। थरूर ने कहा कि भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे अपराधियों की पहचान करें और उन पर कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी बताया कि इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह केवल नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा को भी पार किया। थरूर ने कहा कि इससे पहले भारत ने 2016 में उरी हमले के बाद और 2019 में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन इस बार हमला और भी ज्यादा भीतर तक किया गया। थरूर ने आतंकियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अब हर हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी और भारत इस दिशा में किसी तरह की नरमी नहीं दिखाएगा। थरूर की टीम ने पनामा से पहले गुयाना का दौरा किया था, जहां उन्होंने 26 मई को गुयाना के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया और वहां के प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की। थरूर ने गुयाना से भी पाकिस्तान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारत का इरादा सिर्फ जवाबी कार्रवाई करना था। भारत, पाकिस्तान के साथ लम्बी लड़ाई नहीं चाहता था, लेकिन अगर पाकिस्तान दोबारा हमला करने की हिमाकत करता है तो फिर हमारा जवाब पहले से भी ज्यादा आक्रामक होगा।

## कम्बोडिया, थाइलैंड सैनिकों के बीच झड़प

**नॉम पेन्ह।** कम्बोडिया और थाईलैंड के सैनिकों के बीच बुधवार सुबह एक विवादित सीमा क्षेत्र में कुछ देर के लिये झड़प हुई। कम्बोडियाई सेना के प्रवक्ता माओ फाल्ला ने शिन्हुआ संवाद समिति से टेलीफोन पर कहा कि सीमा क्षेत्र में कम्बोडिया और थाईलैंड सैनिकों के बीच करीब 10 मिनट तक सशस्त्र झड़प हुई, लेकिन मुझे अभी तक नहीं पता कि पहले किसने गोली चलाई। उन्होंने कहा कि संघर्ष किस कारण से हुआ, अभी इसका भी पता नहीं चला है। फिलहाल, हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध नहीं है। प्रवक्ता ने बताया कि दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों की ओर से एक-दूसरे से बातचीत करने और संघर्षविराम का आदेश देने के बाद स्थिति शांत हो गई है।

## दो भारतीय शांति रक्षकों को यूएन मरणोपरांत करेगा सम्मानित

- भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र दो भारतीय शांतिरक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित करेगा। दोनों भारतीय शांतिरक्षक अपने कर्तव्य को निभाने के दौरान बलिदान हो गए थे। यह सम्मान समारोह 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय शांति रक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

जिन दो भारतीय शांतिरक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह शामिल हैं। ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा, यूएन डिसइंगेजमेंट आब्जर्वर फोर्स और हवलदार संजय सिंह यूएन स्टैबलाइजेशन मिशन, कांगो में तैनात थे। दोनों को मरणोपरांत डैग हैमर्सजोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। भारत संयुक्त राष्ट्र शाति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है। फिलहाल विभिन्न यूएन शांति रक्षक अभियानों में भारत के 5300 सैन्य और पुलिस जवान तैनात हैं। ये सैनिक अबेई, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन ऑफ कांगो, लेबनान, सोमालिया, साउथ सूडान और वेस्टर्न सहारा जैसे देशों में तैनात हैं। 29 मई को होने वाले सम्मान समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस 1948 से अब तक संयुक्त राष्ट्र मिशन में बलिदान हुए 4400 शांति रक्षकों की याद में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सम्मान समारोह में कुल 57 सैन्य, पुलिस और सामान्य नागरिक शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा।

ये 57 शांति सैनिक बीते साल विभिन्न यूएन मिशन में बलिदान हुए। बीते साल भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को '2023 यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। 2024 का मिलिट्री जेंडर एडवोकेट सम्मान घाना के स्क्वाड्रन लीडर शैरोन मिनसोटे और यूएन की महिला पुलिस अधिकारी सिएरा लिओन की सुपरीटेंडेंट जैनब गबला को दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस की शुरुआत साल 2002 में की गई थी।

## श्रीलंका में नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल 11 गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के अधिकारियों ने समुद्री अभियान में 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और क्रिस्टल मेथामफेटामाइन जब्त की है। श्रीलंका की नौसेना, राज्य खुफिया सेवा और पुलिस नारकोटिक्स ब्यूरो की संयुक्त टीम ने इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा दो मछली पकड़ने वाली नावें भी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई में देश के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में दो मछली पकड़ने वाली नावों से 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और मेथामफेटामिन (आइस) बरामद की गई। नावों को डिकोविता बंदरगाह लाया गया, जहां नशीली दवाओं की खेप और आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

## गाजा में खाने के लिए मची भगदड़


### तीन की मौत, 46 घायल, सात लोग अभी लापता



- इजरायली सैनिकों ने किया था हवाई फायर

**राफा।** गाजा के दक्षिणी शहर राफा में मंगलवार को खाना लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। इससे 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं 46 घायल हो गए। इसके अलावा 7 लोग लापता भी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह भगदड़ इजरायली सैनिकों के हवा में फायर करने के बाद बची।

वहीं इजरायल सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई थीं। गाजा में लोगों को खाना मुहैया कराने के लिए फूड सेंटर शुरू किए जा रहे हैं। मंगलवार को राफा शहर में ऐसे ही एक सेंटर पर खाना लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इजरायली फायरिंग के बाद हजारों फलस्तीनी खाने के लिए सेंटर पर दौड़ पड़े। राफा में आज जो कुछ हुआ, वह एक जानबूझकर किया गया नरसंहार और एक पूर्ण युद्ध अपराध है। गाजा में फिलहाल एक हफ्ते के लिए मदद पहुंचाई जाएगी। इस दौरान इजरायल गाजा में खाना बांटने के लिए नए वितरण केंद्र बनाएगा। ये सेंटर इजरायली सेना की निगरानी में रहेंगे। इसका संचालन अमेरिकी कंपनियां करेंगी। नई व्यवस्था के तहत गाजा के लोगों को गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के जरिए मदद दी जाएगी। हालांकि कई सहायता एजेंसियों ने इस योजना की आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे मानवाधिकार का उल्लंघन होता है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का कहना है कि वह जीएचएफ के साथ काम नहीं करेंगे, क्योंकि यह निष्पक्ष नहीं है। गाजा में जीएचएफ के 4 वितरण केंद्र खोले जाने की तैयारी है जबकि यूएन के पूरे गाजा में 400 वितरण केंद्र हैं। अगर जीएचएफ से गाजा के लोगों को खाना मिले तो बहुत कम लोगों तक ही मदद पहुंच पाएगी।



### ट्रम्प का फितूर बदस्तूर जारी

# स्टूडेंट वीजा को लेकर अब अमेरिका में आई शामत

- यूएस जाने वाले छात्रों के सोशल मीडिया की जांच होगी, क्लास छोड़ने पर वीजा रद्द कर दिया जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को इसे लेकर एक आदेश जारी किया। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना है।

रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहा: वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेडयूल न करें, क्योंकि ट्रम्प सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है। उन्होंने आगे कहा: तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर (एफ, एम और जे) वीजा के लिए नए अपाइंटमेंट की इजाजत नहीं दे। हालांकि पहले से शेडयूल किए गए इंटरव्यू हो सकते हैं, लेकिन लिस्ट में नए अपाइंटमेंट नहीं जोड़े जाएं। यह रोक एफ, एम और जे वीजा केटेगरी पर लागू होती है, जो ज्यादातर अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स को कवर करती हैं। दावा है कि ये इन प्रोग्राम्स के जरिए आने वाले छात्र अमेरिका सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं या यहूदी-विरोधी माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। ट्रम्प सरकार ने अधिकारियों को इंस्टाग्राम, टिकटाक और एक्स जैसे प्लेटफार्म पर पोस्ट, लाइक, कमेंट और शेयर की जांच करने के भी आदेश दिए हैं, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले कंटेंट का पता लगाया जा सके। द गार्जियन के मुताबिक अधिकारी मार्च से, उन छात्रों के सोशल मीडिया की जांच कर रहे हैं, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। वे ऐसे पोस्ट के स्क्रीनशाट ले रहे हैं, जिन्हें अपमानजनक माना जाता है, भले ही बाद में वह कंटेंट हटा दिया गया हो। हालांकि इस आदेश में यह साफ तौर पर नहीं बताया गया है कि भविष्य में सोशल मीडिया जांच में क्या देखा जाएगा। पहले, सोशल मीडिया जांच केवल उन छात्रों के लिए लागू थी, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। ट्रम्प प्रशासन ने कहा है कि कोई विदेशी छात्र बिना जानकारी कोर्स छोड़ता है, क्लास नहीं जाता या पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसका स्टूडेंट वीसा रद्द किया जा सकता है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में जारी कर इसकी जानकारी दी। दूतावास ने किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा शर्तों का पालन करने के लिए कहा। दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ लगभग 850 करोड़ रुपये का कान्ट्रैक्ट रद्द करने की तैयारी कर रहा है।

## ट्रम्प ने रोमानिया के राष्ट्रपति डैन को अमेरिका आने का दिया न्यौता

**बुखारेस्ट।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार शाम रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से फोन पर बात की और उन्हें अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। रोमानियाई प्रसारक डिजी24 ने सूत्रों का हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि मई 2025 का चुनाव जीतने के बाद डैन ने सोमवार को पदभार संभाला। उन्होंने चार दलों-सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, सेव रोमानिया यूनियन पार्टी, नेशनल लिबरल पार्टी और रोमानिया में हंगरी के डेमोक्रेटिक अलायंस की भागीदारी के साथ एक नया मंत्रिमंडल बनाने पर बातचीत शुरू की। विपक्षी गठबंधन ने रोमानियाई संघ के अधिकारियों पर चुनाव धोखाधड़ी और विदेशी हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए डैन के शपथग्रहण समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की। रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत करीब दस मिनट तक चली। हाल के वर्षों में, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों में अमेरिका और रोमानिया के संबंध मजबूत हुए हैं। देवेसेलु में अमेरिकी मिसाइल रक्षा बेस 2016 से रोमानियाई क्षेत्र में काम कर रहा है, और 2023 में दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा विकास के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## यमन शरणार्थी को रिहा करे पुलिस: उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने यमन नागरिक मोहम्मद कासिम मोहम्मद अल शिबाह को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी यहां रहने पर पुलिस ने 16 मई से बायकुला पुलिस थाने में हिरासत में रखा गया था। एक अधिवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति गौरी गोडसे और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरसन की अवकाश पीठ ने बिना औपचारिक आदेश के शरणार्थी के हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अल शिबाह को तुरंत रिहा किया जाए और उन्हें न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना ग्रेटर मुंबई के अधिकार क्षेत्र को नहीं छोड़ने और अपने मोबाइल फोन पर लोकेशन सेवाओं को सक्रिय रखने का निर्देश दिया।